# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 05 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 88 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12



### मारवाड़ी प्रांतीय अधिवेशन कल, राज विलास रिजॉर्ट धनबाद में, सारी तैयारियां पूरी

# अधिवेशन के मुख्य अतिथि केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा उद्घाटनकर्ता केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे

**शुभम संदेश। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया है कि प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन धनबाद जिला के आतिथ्य मे रविवार को राजविलास रिजॉर्ट गोविंदपुर धनबाद मे आयोजित किया जाएगा. इसकी सारी तैयारीयां कर ली गई हैं. उन्होंने बताया कि इस प्रांतीय अधिवेशन में रांची जिला से 60 से भी अधिक सदस्यगण भाग लेंगे तथा अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से 500 से भी अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. उन्होंने बताया कि प्रांतीय अधिवेशन नई उमंग मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल सत्र-2025- 27 के लिए प्रांतीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे.



अधिवेशन के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा उद्घाटनकर्ता केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे. कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को प्रातः 10 बजे नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा. तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा. प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल का संबोधन होगा. अपराह्न 12 बजे अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण कराया जाएगा. तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल का अभिनंदन एवं उद्बोधन होगा एवं अध्यक्ष द्वारा प्रांतीय महामंत्री का घोषणा करेंगे. प्रांतीय महामंत्री द्वारा अन्य सभी प्रांतीय पदाधिकारीयों की घोषणा की जाएगी. अतिथियों द्वारा स्मारिका नई उमंग का विमोचन किया जाएगा.





अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. सभी का संबोधन होगा. तत्पश्चात उद्घाटन कर्ता संजय सेठ एवं मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल का संबोधन होगा. तत्पश्चात सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा. अधिवेशन का द्वितीय सत्र- अपराह्न 2:30 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें खुला सत्र एवं अधिवेशन का समापन समारोह होगा. जिसमें अधिवेशन मे सहभागिता हेतु जिलों को प्रोत्साहन सम्मान, सर्वाधिक सदस्यता बनाने हेतु जिलों को सम्मान, अतिथियों का सम्मान, एवं शाम 6 बजे धनबाद जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन का समापन होगा. उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन नई उमंग के साथ संगठन को नई दिशा प्रदान करेगा और समाज के लिए एक यादगार सिद्ध होगा.

## झारखंड सरकार का बड़ा कदम, पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार सेवा केंद्रों की स्थापना

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है. गुरुवार को राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा कॉमन सर्विस सेंटर - स्पेशल परपज़ व्हीकल के बीच एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए. इस समझौते के तहत राज्य के पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की स्थापना की जाएगी. यह सुविधा अब ग्रामीण जनता को उनके स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें आधार से संबंधित सेवाओं के लिए दूरस्थ शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा. यह कदम समय, श्रम और संसाधनों की बचत के साथ-साथ डिजिटल समावेशन को भी बढ़ावा देगा.

यह पहल झारखंड वित्त नियमावली के नियम 245 के अंतर्गत विशेष स्वीकृति के तहत संभव हो पाई है, जिसमें राज्य सरकार ने सीएससी-एसपीवी को पंचायत भवन में आधार सेवाएं संचालित करने की अनुमति प्रदान की है. झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस अवसर पर कहा, यह समझौता झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी प्रयास है. इससे न केवल आधार सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि पंचायत सचिवालय डिजिटल सेवा केंद्रों के रूप में सशक्त बनेंगे. पुराने सभी इकरारनामों को रद्द कर अब यह नई व्यवस्था यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित इन-हाउस मॉडल के अंतर्गत लागू की जाएगी. इस समझौते के तहत जल्द ही पूरे राज्य में आधार पंजीकरण और उससे जुड़ी सेवाएं पंचायत सचिवालयों से प्रारंभ कर दी जाएंगी. यह कदम झारखंड सरकार के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के संकल्प को गति देने के साथ-साथ डिजिटल भारत के विज़न को जमीनी स्तर तक साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का ऐलान

# ट्रेड यूनियनों ने रांची में भरी हुंकार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के साझा मंच ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की विस्तृत योजना और मुख्य मांगों का ऐलान किया. रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल केवल एक दिन का विरोध नहीं, बल्कि एक लंबे और निर्णायक संघर्ष की शुरुआत है.

**केंद्र सरकार पर मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी होने का आरोप:** नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को जबरन लागू करने में लगी है, जिससे स्थायी रोज़गार, ट्रेड यूनियन के अधिकार, हड़ताल का अधिकार और सामाजिक सुरक्षा खत्म हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि यह नीतियाँ आम जनता, मज़दूरों और किसानों के हितों के खिलाफ हैं.

**8 और 9 जुलाई को होंगे प्रदर्शन:** 8 जुलाई को मशाल जुलूस और 9 जुलाई को राज्य और जिला मुख्यालयों पर पुतला दहन, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जाम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.




**गैर-संगठित मज़दूरों को जोड़ने का अभियान तेज**

संयुक्त मंच ने बताया कि हड़ताल में असंगठित और गैर-संगठित क्षेत्र के मज़दूरों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि यह आंदोलन हर वर्ग की आवाज़ बने.

**नेताओं ने क्या कहा**

प्रेस वार्ता को एक्टू के शुभेंदु सेन, एटक के अशोक यादव और संतोष रजक, सीटू के अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, एस.के. राय, बेफी के एम.एल. सिंह और किसान सभा के सुफल महतो, प्रफुल लिंडा और अजय सिंह ने संबोधित किया. सभी ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन संविधान, अधिकार और रोटी की लड़ाई है — और इसे अब और टाला नहीं जा सकता. संयुक्त मंच ने साफ किया कि मज़दूर और किसान वर्ग अब पीछे नहीं हटेगा — यह संघर्ष आगे और तेज़ होगा.

**राज्य भर में जोरदार तैयारियां:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि 18 जून तक पूरे राज्य में यूनियनों द्वारा हड़ताल की नोटिस दे दी गई है. रांची, धनबाद, हजारीबाग, देवघर समेत विभिन्न जिलों में सम्मेलन कर संयुक्त कार्यान्वयन समितियाँ बनाई जा चुकी हैं. 23 जून से 7 जुलाई तक नुक्कड़ सभाएं, जनसंपर्क अभियान, बाइक/साइकिल/जीप रैलियों के ज़रिए लोगों को जोड़ा जा रहा है. 30 जून को हूल दिवस पर श्रमिक संगठनों ने सिद्धू-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाकर विरोध जताया.

**17 सूत्री मांगों के साथ हड़ताल का ऐलान**

संयुक्त मंच ने 17 प्रमुख मांगों को लेकर 9 जुलाई की हड़ताल का आह्वान किया है, जिनमें शामिल हैं :

- चारों श्रम संहिताओं को रद्द किया जाए
- सभी मज़दूरों के लिए 26000 न्यूनतम वेतन और 9000 पेंशन सुनिश्चित हो
- पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए
- महंगाई पर रोक लगे और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाया जाए
- सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद किया जाए
- यूनियन बनाने और सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकारों की रक्षा हो
- शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और पानी पर सार्वजनिक गारंटी दी जाए
- बिजली का निजीकरण रोका जाए, स्मार्ट मीटर हटाए जाएं
- किसानों को फसलों पर एमएसपी की गारंटी दी जाए
- वन अधिकार कानून में जनविरोधी संशोधन रद्द हों

## आउटसोर्स कर्मियों के हक में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट द्वारा 01 जुलाई को पारित आदेश के आलोक में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने शुक्रवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा. यह ज्ञापन निगम के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान एवं समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने की मांगों को लेकर सौंपा गया. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम में वर्षों से कार्यरत तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रमिकों को अब तक न तो न्यूनतम वेतनमान मिल रहा है और न ही संविधान प्रदत्त समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत का पालन हो रहा है. उन्होंने इसे न्यायालय की भावना और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध बताया.

अजय राय ने कहा कि संघ न्यायालय के आदेश को केवल कानूनी पहलू नहीं, बल्कि श्रमिकों के जीवन, गरिमा और अधिकारों से जुड़ा एक संवेदनशील मुद्दा मानता है. यदि निगम प्रशासन इस दिशा में शीघ्र और न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं करता है, तो संघ राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा. ज्ञापन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में अधिकृत अधिकारी को सौंपा गया. संघ ने आशा व्यक्त की है कि निगम सकारात्मक निर्णय लेकर न्यायालय के आदेशों का सम्मान करेगा और आउटसोर्स कर्मियों को उनका वाजिब हक प्रदान करेगा. प्रतिनिधिमंडल में विजय सिंह, मुकेश साहू ,अनिकेत कुमार, मुकेश यादव, रोशन लूगून, प्रवीण कुजूर, राम शरण प्रसाद, दीपेश यादव, रमेश चंद्र माहतो, जगतपाल महतो, पिंटू सेन गुप्ता, सुनील सहाय आदि मौजूद रहे.



**ज्ञापन में 6 बिंदुओं को प्रमुखता**

- न्यूनतम वेतनमान ऐंव 2017 से एरियर तत्काल भुगतान.
- स्थायी और संविदा कर्मियों के बीच वेतन समानता.
- भविष्य की बहालियों में एजेंसी कर्मियों को प्राथमिकता एवं आयु छूट.
- सभी एजेंसियों को राज्य अधिसूचित न्यूनतम वेतन का पालन कराने हेतु लिखित आदेश.
- एक स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन.
- शोषण के विरुद्ध पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना.

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस का किया औचक निरीक्षण

# गायब रहने वाले कर्मियों को किया जाएगा शो कॉज

**शुभम संदेश। रांची**

राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण की सूचना से नेपाल हाउस कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया. इस दौरान कई कर्मचारी, पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाए गए. निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए, वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते - भागते दफ्तर पहुंचे. बायोमैट्रिक सिस्टम में शुक्रवार को अनुपस्थिति से संबंधित डेटा को संग्रह किया गया है. इस डेटा में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है. इस सूची के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और अधिकारियों को शो कॉज जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी. निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. समय का पाबंद और अनुशासित होना, बेहतर कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है. कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी.



## झारखंड के इकलौते होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को नए सत्र में नामांकन के लिए नहीं मिली अनुमति

**शुभम संदेश। रांची/गोड्डा**

गोड्डा स्थित स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को इस साल बीएचएमएस (बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी) के पहले वर्ष में नामांकन की अनुमति नहीं दी गई है. यह फैसला देशभर के होम्योपैथिक कॉलेजों की मान्यता और मूल्यांकन करने वाली केंद्रीय संस्था होम्योपैथी चिकित्सा आंकलन एवं रेटिंग बोर्ड (एमएआरबीएच) ने लिया है. कॉलेज प्राचार्य ने ईडब्ल्यूएस कोटे सहित कुल 63 सीटों पर दाखिले की अनुमति मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने अनुमति देने से इनकार कर दिया. इसकी औपचारिक जानकारी एमएआरबीएच के अध्यक्ष ने कॉलेज प्राचार्य को पत्र भेज कर दी है. एमएआरबीएच की टीम ने 24 और 25 जून 2025 को कॉलेज का निरीक्षण किया था. जांच के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिनमें सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की भारी कमी रही. एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, मेडिसिन, फार्मेसी, गायनी, सर्जरी और होम्योपैथिक विषयों सहित कुल 31 फैकल्टी नहीं पाए गए. कॉलेज से जुड़े अस्पताल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी. रिपोर्ट में बताया गया कि एक्सरे मशीन, केजुअल्टी रूम और लेबर रूम जैसी बुनियादी सुविधाएं चालू हालत में नहीं थीं. इसके अलावा, अस्पताल स्टाफ की भी भारी कमी पाई गई. बोर्ड ने स्पष्ट किया कि बुनियादी ढांचे और स्टाफ की कमी के कारण फिलहाल कॉलेज को 2025-26 के शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन की अनुमति नहीं दी जा सकती. यह फैसला झारखंड में होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि यह राज्य का इकलौता सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज है.



## जीएसटी घोटाला मामले में ईडी ने 5.5 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**शुभम संदेश। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में किंगपिन शिव कुमार देवड़ा की 5.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. जब्त की गयी सभी संपत्ति कोलकाता में है. ईडी ने जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान पाया कि देवड़ा ने गलत तरीके से लिये गये इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की राशि की लॉन्ड्रिंग कर यह अचल संपत्ति खरीदी है. संपत्ति का बाजार मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है. जांच में 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग के अलावा जीएसटी सिंडिकेट को 70 करोड़ कमीशन देने की पुष्टि हुई है.

**फर्जी कंपनियां बना घोटाले को दिया अंजाम:** उल्लेखनीय है कि ईडी ने जीएसटी घोटाला मामले में आठ मई को इससे जुड़े लोगों के कुल नौ ठिकानों पर छापा मारा था. इसमें जमशेदपुर के अमित अग्रवाल उर्फ भालोटिया, रांची में विवेक नरसरिया और कोलकाता में शिव कुमार देवड़ा व अमित गुप्ता शामिल हैं. छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज से इस बात की जानकारी मिली थी कि इस गिरोह ने 14.32 करोड़ रुपये के सहारे इस घोटाले को अंजाम दिया था. जीएसटी घोटाले को अंजाम देने के लिए इन लोगों ने फर्जी कंपनियां बना रखी थी. इन कंपनियों के फर्जी लोगों ने खुद को निदेशक नियुक्त कर रखा था. जांच में पाया गया कि घोटाले का मास्टर माइंड शिवकुमार देवड़ा ने घोटाले की रकम से जमीन, मकान आदि खरीदी है. अचल संपत्तियों की खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि के बाद ईडी ने उसे जब्त कर लिया है.




### बाबूलाल ने पेंडिंग उत्पाद सिपाही परीक्षा का उठाया मामला, बोले

# सरकार युवाओं के मुद्दे पर बेपरवाह

**शुभम संदेश। रांची**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर हल्ला बोला है. उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित कराई थी. सरकार के कुव्यवस्था और हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया. युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन सरकार गठन के बाद 6 माह बीत जाने के बाद भी परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर संशय बना हुआ है. उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा हेमंत सरकार की राजनीति का सबसे आसान शिकार हैं. साधन संपन्न धनाढ्य परिवार में जन्म लेने के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने युवावस्था में साधारण युवकों के संघर्ष को महसूस नहीं किया है. इसलिए उनकी शासन पद्धति में भी युवाओं के प्रति संवेदनहीनता नज़र आती है. हेमंत सोरेन सारी शर्म हया त्यागकर युवाओं के मुद्दे से बेपरवाह नज़र आते हैं. जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है. आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है. न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट, युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फर्जी आश्वासन!



**तीर्थयात्रा** | बाबा बैद्यनाथ का दरबार अब होगा और भी पास!

# श्रावणी मेले में रेलवे चलायेगा 16 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**शुभम संदेश। रांची/देवघर**

सावन में बाबा बैद्यनाथधान का दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने 16 जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने की घोषणा की है. ये ट्रेनें 11 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक संचालित होंगी और अधिकतर का ठहराव जसीडीह स्टेशन पर रहेगा, जो बाबा मंदिर से निकटतम रेलवे स्टेशन है. श्रावणी मेला के दौरान इन स्पेशल ट्रेनों के संचालन से श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुविधाजनक हो सकेगी. यहां उन प्रमुख ट्रेनों की जानकारी दी जा रही है, जो देश के विभिन्न भागों से देवघर और जसीडीह होकर चलाई जाएंगी.

**लंबी दूरी की प्रमुख श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें**

**05597/05598 जयनगर–आसनसोल स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन)**

प्रारंभ : 11 जुलाई से
समापन : 8 अगस्त तक
मार्ग : समस्तीपुर–बरौनी–मुंगेर–जमालपुर–किउल–झाझा–जसीडीह
स्टॉपेज : जसीडीह समेत
ट्रैवल डे : मंगलवार, शुक्रवार, रविवार (जयनगर से)

**05545/05546 रक्सौल–देवघर स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन)**

प्रारंभ : 13 जुलाई से
मार्ग : सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, जमालपुर होते हुए
आगमन देवघर : 16.50 बजे
ट्रैवल डे : रविवार, मंगलवार, शुक्रवार

**03511/03512 आसनसोल–पटना स्पेशल (पांच दिन प्रति सप्ताह)**

प्रारंभ : 11 जुलाई
स्टॉपेज : जसीडीह समेत
ट्रैवल डे : सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार

**05028/05027 बढ़नी–देवघर स्पेशल (प्रतिदिन)**

मार्ग : हाजीपुर, बरौनी, मुंगेर, सुलतानगंज होते हुए
समाप्ति : 11 अगस्त तक

**08855/08856 गोंदिया–मधुपुर स्पेशल (शुक्रवार और सोमवार)**

प्रारंभ तिथियां : 11, 14, 18, 21, 25, 28 जुलाई, 1 व 4 अगस्त
वापसी : अगले दिन मधुपुर से गोंदिया (महाराष्ट्र)

**लोकल व छोटी दूरी की मेमू स्पेशल ट्रेनें (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. | मार्ग | समय |
|---|---|---|
| 03501/03502 | जसीडीह–बैद्यनाथधाम–जसीडीह | सुबह 4:30 व 4:55 |
| 03503/03504 | जसीडीह–बैद्यनाथधाम–जसीडीह | दोपहर 13:35 व 13:05 |
| 03505/03506 | जसीडीह–बैद्यनाथधाम–जसीडीह | रात 21:25 व 22:00 |
| 03146/03145 | जसीडीह–दुमका–जसीडीह | सुबह 08:50 व 10:45 |
| 03148/03147 | जसीडीह–दुमका–जसीडीह | शाम 18:00 व 20:05 |
| 03507/03508 | देवघर–जसीडीह–देवघर | सुबह 08:20 व रात 22:05 |
| 03150/03149 | जसीडीह–गोड्डा–जसीडीह | दोपहर 13:00 व 15:00 |

**अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों की जानकारी**

| | |
|---|---|
| 03480/03479 | जमालपुर–सुलतानगंज स्पेशल (प्रतिदिन) |
| 03442/03441 | जमालपुर–देवघर स्पेशल (सिर्फ रविवार) |
| 03444/03443 | देवघर–गोड्डा स्पेशल (सिर्फ रविवार) |
| 03236/03235 | दानापुर–साहिबगंज स्पेशल (प्रत्येक रविवार) |



**यात्रियों के लिए सुझाव**

श्रद्धालु आईआरसीटीसी या नजदीकी स्टेशन से समय–सारणी की पुष्टि कर लें. जसीडीह स्टेशन पर मेलावधि में विशेष व्यवस्था रहेगी. सभी स्पेशल ट्रेनों में आरक्षण सीमित रहेगा, अतः समय पर बुकिंग कराएं.

## नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

**रांची।** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी की गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे विनय सिंह को रांची एससी-एसटी कोर्ट की विशेष कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने संध्या तिर्की द्वारा भूमि विवाद से जुड़े एससी-एसटी केस में विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है. पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश के बाद अब पुलिस विनय सिंह के खिलाफ इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है. विनय सिंह की तरफ से अधिवक्ता अक्षय शर्मा ने बहस की. बता दें कि 19 जून को रांची के डिबडीह की रहने वाली संध्या तिर्की ने नेक्सजेन सॉल्यूशन टेक्नोलॉजी प्राइवेट के डायरेक्टर विनय सिंह, प्रभावती बीना नूर तिग्गा, रोषा केरकेट्टा, दीपक कुमार, विदेश रतन तिग्गा, बिल्डर मंजूल केरकेट्टा और जेम्स रतन तिग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 | 23.2 |
| डालटनगंज | 33.7 | 25.7 |
| धनबाद | 31.7 | 26.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, शनिवार 05 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 88 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## तुर्की के लिए इस्लाम की नया प्रयोगशाला बना बांग्लादेश

# भारत को दोनों मोर्चों पर घेरेगा, बंगाल, बिहार पर खतरनाक प्लान!

शुभम संदेश डेस्क

तुर्की इन दिनों बांग्लादेश में कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी दिखा रहा है. बांग्लादेश एक मुस्लिम बहुल देश है और ये भारत और म्यांमार के बीच में है. तुर्की-बांग्लादेश की बढ़ती साठगांठ देखने में तो एक आम बात लगती है, लेकिन इसके पीछे छिपे मंसूबे बहुत ही खतरनाक हैं. जैसे कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है. तुर्की दुनिया में अपनी विचारधारा को फैलाना चाहता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है. ऐसे में इस इलाके में ताकत बढ़ाने की उसकी कोशिश सामान्य नहीं कही जा सकती है. ऐसा लग रहा है कि बांग्लादेश, तुर्की के लिए एक प्रयोगशाला बन रहा है, जिसके माध्यम से वह अपनी कट्टरपंथी इस्लामी सोच को फैलाना चाहता है और इसके साथ ही वह इस क्षेत्र में भारत के दबदबे को भी कम करना चाहता है.



**भारत के लिए बहुत खतरनाक मंसूबा पाल रहा तुर्की:** बांग्लादेश चाहता है कि उसे अपने रक्षा क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए एक भरोसेमंद साथी मिले. वहीं, तुर्की को बांग्लादेश के रूप में एक ऐसा साथी दिख रहा है जो उसके भू-राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है. तुर्की, बांग्लादेश को अपने यूरेशियाई मंसूबे को पूरा करने के लिए एक पूर्वी चौकी के रूप में देख रहा है. एक वेबसाइट पर हाल ही में एक लेख छपा है, जिससे तुर्की के भारत के प्रति खतरनाक मंसूबे और उसके लिए बांग्लादेश को उपयुक्त हथियार बनाने के खतरनाक राज का पर्दाफाश हुआ है. इसके अनुसार तुर्की इस वक्त बांग्लादेश को अपनी विचारधारा फैलाने के लिए पूरी तरह से इस्तेमाल कर रहा है. क्योंकि, मोहम्मद यूनुस की सरकार के समय ढाका पर कट्टरपंथी मुसलमानों का दबदबा बढ़ गया है और अंकारा के लिए इससे उपयुक्त समय कभी नहीं आने वाला. इसी के तहत सल्तनत-ए-बांग्ला जैसे एनजीओ, जो तुर्की के रहमो करम पर बांग्लादेश के सामाजिक और राजनीतिक माहौल को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है. यह एनजीओ तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान की सत्ताधारी पार्टी से जुड़ा है. इस विचारधारा का का सबसे खौफनाक इरादा ग्रेटर बांग्लादेश बनाना है, जिसके नक्शे में म्यांमार के रखाइन राज्य के कुछ हिस्से ही नहीं, बल्कि भारत के बिहार,बंगाल, ओडिशा, झारखंड और पूरे पूर्वोत्तर जैसे इलाके भी शामिल हैं.

**100 साल पुराने इतिहास को आधार मान रहा है तुर्की!** तुर्की हमेशा से खुद को इस्लामी मामलों का रक्षक (खलीफा) बताता है, चाहे वो फिलिस्तीन का मामला हो या कश्मीर का. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ उसके रिश्ते खराब हुए हैं. बांग्लादेश के रक्षा और वैचारिक ढांचे में घुसपैठ करके, अंकारा उपमहाद्वीप में इस्लामी कट्टरपंथ को फिर से आकार देने की कोशिश कर रहा है. ऐसा लगता है कि वो खुद को भारत के धर्मनिरपेक्ष और बहुलवादी दृष्टिकोण के विकल्प के तौर पर पेश करना चाहता है. ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के देश और तुर्की वैचारिक रूप से एक-दूसरे से पहले से जुड़ रहे हैं. करीब सौ साल पहले, भारतीय मुसलमानों ने ऑटोमन खलीफा (तुर्क खलीफा) के समर्थन में खिलाफत आंदोलन शुरू किया था. वो इसे पैन-इस्लामी एकता का प्रतीक मानते थे. बंगाल ने ऑटोमन के समर्थन में लोगों को जुटाने में अहम भूमिका निभाई थी. उब उस ऐतिहासिक जुड़ाव का एक नया अध्याय शुरू होता दिख रहा है, हालांकि इस बार दांव अलग हैं.

### बांग्लादेश के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने में जुटा तुर्की

तुर्की धीरे-धीरे बांग्लादेश में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है. 8 जुलाई को तुर्की के रक्षा उद्योग एजेंसी के प्रमुख हलुक गोर्गन ढाका पहुंचने वाले हैं. वो बांग्लादेश के बड़े सैन्य अधिकारियों से मिलेंगे, जिनमें सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुख शामिल हैं. ये दौरा दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का हिस्सा है. इसमें एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी, हथियार बनाने और रक्षा उद्योग के क्षेत्र बनाने जैसे काम शामिल हैं. बांग्लादेश का इंवेस्टमेंट डेवलपमेंट अथॉरिटी इस काम को आगे बढ़ाने में लगा है. वो चटगांव और नारायणगंज में तुर्की की मदद से दो रक्षा औद्योगिक क्षेत्र बनाने की योजना बना रहा है.

### भारत के खिलाफ दूसरा मोर्चा खोल रहा तुर्की

तुर्की के इस खतरनाक इरादे के पीछे मूल बात यही है कि इन सारे क्षेत्रों में मुसलमानों की अच्छी खासी आबादी है. भारत के लिए ये चिंता की बात है कि पाकिस्तान के बाद तुर्की बांग्लादेश में इतनी दिलचस्पी दिखा रहा है. ऐसा लग रहा है कि तुर्की उसे दोनों तरफ से घेरने की कोशिश कर रहा है. वो पश्चिम में पाकिस्तान का समर्थन कर रहा है और धीरे-धीरे ढाका के जरिए पूर्व में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है. अगर ऐसा ही चलता रहा, तो दक्षिण एशिया में शक्ति का संतुलन भी बिगड़ सकता है.

## पीएम मोदी 18 जुलाई को आएंगे बिहार

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है. आगामी बिहार विस चुनाव में अपनी सौ प्रतिशत जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जोरशोर से लगी हुई है. इस चुनावी वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं. इस बीच पीएम एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं. 18 जुलाई को मोदी का मोतिहारी दौरा है. पीएम मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे. उनके आगमन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों ही स्तर पर हलचल तेज हो गई है.

## रूस ने यूक्रेन पर दांगी 550 मिसाइलें

**मॉस्को।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है. रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 550 मिसाइलें और शाहिद ड्रोन दागे. कीव में पूरी रात धमाकों की आवाज गूंजती रही. यूक्रेन ने बताया कि इन हमलों में 23 लोग घायल हो गए. इसके अलावा इमारतों को बड़ा नुकसान पहुंचा. यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने और यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अमेरिका के निर्णय के कुछ घंटों बाद हुआ.

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोली सेना, 1 बॉर्डर, 3 दुश्मनों से मुकाबला

# चीन-तुर्किए थे पाक के साथ

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय सेना ने साफ किया कि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता का 81% हिस्सा चीन से आयातित हथियारों पर निर्भर है. लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह के अनुसार, चीन पाकिस्तान को एक लाइव लैब की तरह इस्तेमाल कर रहा है, जहां वह अपनी नई तकनीकों और हथियार प्रणालियों की युद्ध स्थितियों में परीक्षण करता है.

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को हमारी सैन्य गतिविधियों की सीधी जानकारी भी मुहैया करा रहा था, जब दोनों देशों के बीच डीजीएमओ की बातचीत चल रही थी. यह साइबर और खुफिया युद्ध के क्षेत्र में भी बढ़ते हस्तक्षेप को दर्शाता है. लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह के अनुसार कहा कि भारत आज एक दोहरे मोर्चे की स्थिति में है. पश्चिम में पाकिस्तान, जो आक्रामक नीति और आतंक के सहारे अपनी रणनीति चला रहा है. उत्तर में चीन, जो तकनीकी, सामरिक और रणनीतिक मोर्चों पर पाकिस्तान को पूरी सहायता दे रहा है. लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के अनुसार हमारे पास एक सीमा और दो विरोधी थे, वास्तव में तीन है. पाकिस्तान सबसे आगे था. चीन हर संभव सहायता दे रहा था. इसके अलावा तुर्किए भी है, जो कई तरह के हथियार मुहैया कर रहा था.



### ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने लिया बदला

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एक तीव्र और योजनाबद्ध जवाब दिया. लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बताया कि कुल 21 संभावित आतंकी ठिकानों की पहचान की गई थी. इनमें से 9 टारगेट्स को अंतिम क्षणों में हमले के लिए चुना गया. हमलों में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए. डेटा का इस्तेमाल करके लक्ष्य निर्धारण किया गया, जिसमें टेक्नोलॉजी और मानव खुफिया दोनों शामिल थे. यह ऑपरेशन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के भीतर कई आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफल रहा और एक रणनीतिक संदेश भी दिया गया कि भारत अब सहन नहीं करेगा.

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आयोजित नए युग की सैन्य प्रौद्योगिकियां विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पूरे अभियान के दौरान वायु रक्षा और उसका संचालन किस तरह किया गया, यह महत्वपूर्ण था. हमारे पास एक सीमा थी और दो विरोधी थे, वास्तव में तीन. पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था. चीन हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी है. लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि हमें अनुसंधान और विकास में निवेश करने की आवश्यकता है. आरएंडडी में विफलताएं और सफलताएं दोनों शामिल हैं, इसलिए हमें घटक स्तरीय आरएंडडी में निवेश करना चाहिए. उन्होंने कहा कि चूंकि भारत एक वैश्विक शक्ति बनने की परिकल्पना करता है, इसलिए इस दृष्टिकोण के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा की क्षमता सर्वोपरि है. फिक्की और इसके सदस्य उद्योग इस राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के प्रयासों को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### चीन से पाक को मिली सैन्य सहायता

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार, 2015 से अब तक चीन ने पाकिस्तान को लगभग 8.2 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं. 2020-2024 के बीच, चीन के हथियार निर्यात का 63% हिस्सा सिर्फ पाकिस्तान को गया. पाकिस्तान के आधे से ज्यादा लड़ाकू विमानों का बेड़ा चीन से आया है, जिनमें जेएफ-17 थंडर (चीन-पाक सहविकसित), जे-10सी मल्टीरोल फाइटर. अब पाकिस्तान 40 शेनयांग जे-35 स्टील्थ फाइटर भी शामिल करने की योजना बना रहा है. इन हथियारों के जरिए पाकिस्तान को स्टील्थ क्षमता मिल जाएगी, जो अब तक केवल गिनी-चुनी वैश्विक शक्तियों के पास है.

### नेशनल हेराल्ड केस : कोर्ट में बोले अभिषेक मनु सिंघवी

# ईडी का केस बेहद ही अजीब

एजेंसियां। नयी दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला 'वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है. उन्होंने कहा, 'यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा है. यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन.

**एजेएल को कर्जमुक्त करने के लिए उठाया गया कदम:** मामले की सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा, हर कंपनी को कानून के तहत अपनी देनदारी हटाने की अनुमति होती है. हमने भी वही किया. हमने एजेएल का कर्ज यंग इंडियन को ट्रांसफर किया, ताकि एजेएल कर्जमुक्त हो जाए. यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है. इसका मतलब यह है कि कंपनी लाभ, बोनस, वेतन या लाभांश नहीं बांट सकती.

**ईडी ने वर्षों तक कुछ नहीं किया:** अभिषेक सिंघवी ने कहा कि ईडी ने वर्षों तक इस मामले में कुछ नहीं किया और अचानक एक निजी शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी. उन्होंने कहा, ये लोग कांग्रेस से जुड़े हुए हैं.



### क्या है नेशनल हेराल्ड केस

ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर मनी लॉन्ड्रिंग और साजिश के आरोप लगाए हैं. ईडी का आरोप है कि इन लोगों ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को धोखाधड़ी से हड़प लिया. यह वही कंपनी है जो नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करती थी. आरोप है कि यंग इंडियन ने सिर्फ 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले एजेएल की पूरी संपत्ति अपने हाथ में ले ली.

### गुरुजी के स्वास्थ्य में सुधार

## हालत अब स्थिर है डॉक्टरों की टीम कर रही कड़ी निगरानी

**रांची।** झामुमो के संस्थापक संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में लगातार सुधार देखा जा रहा है. दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती 81 वर्षीय शिबू सोरेन की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है और उनकी देखभाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि गुरुजी पहले की तुलना में काफी बेहतर हैं. जल्द ही सेहत में सुधार होने की उम्मीद है. गुरुजी को 19 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी गंभीर समस्याओं के कारण आईसीयू में रखा गया था. सर गंगा राम अस्पताल के न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ उनकी निगरानी में हैं. झारखंड में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और प्रार्थनाएं की जा रही हैं.

## पाकिस्तानी हॉकी टीम के भारत आने पर भड़के आदित्य ठाकरे

एजेंसियां। मुंबई

भारत सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम को हॉकी एशिया कप 2025 के लिए भारत आने की अनुमति दे दी है. इस बात से विपक्ष नाराज है. उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने इसपर आपत्ति जताई है सवाल उठाया है कि लाखों-करोड़ों के विज्ञापन व प्रसारण अधिकारों के दबाव में हम बार-बार पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच क्यों दे सकते हैं? ठाकरे ने कहा, बीजेपी-नीत बीसीसीआई भी भारत-पाक एशिया कप के लिए हामी भरने की तैयारी कर रहा. जब तक पाकिस्तान आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई नहीं करता, तब तक हम पाकिस्तानी टीम को भारत कैसे आने दे सकते हैं? आदित्य ठाकरे ने कहा, पहलगाम हमले को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन हमले के जिम्मेदार आज भी खुलेआम घूम रहे हैं. उन्होंने कहा, क्या यह जरूरी नहीं कि भारत अब स्पष्ट नीति घोषित करे,जब तक पाक आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक उसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का हिस्सा नहीं बनने देंगे.

### भगोड़े विजय माल्या और ललित मोदी लंदन में पार्टी करते दिखे

# वीडियो को देख मच गया हंगामा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

आर्थिक मामलों में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या और ललित मोदी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. इसमें वे दोनों लंदन की एक पार्टी में गाना गाते और मस्ती करते दिख रहे हैं. इसमें क्रिकेटर क्रिस गेल भी शामिल थे. ये वीडियो ललित मोदी ने ही एक्स व इंस्टाग्राम पर साझा किया है. इस वीडियो क्लिप में दोनों को फ्रैंक सिनात्रा का माई वे गाना गाते व लंदन में मस्ती करते हुए देखा जा सकता है. इस पार्टी में 300 से ज्यादा चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया गया था. गेल ने मोदी और माल्या के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की. उन्होंने लिखा, हम इसका आनंद ले रहे हैं. एक शानदार शाम के लिए धन्यवाद. साथ ही दोनों को टैग भी किया. ललित मोदी ने वीडियो में लिखा कि इस शाम में शामिल होने वाले और इसे मेरे लिए सबसे खास रातों में से एक बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद.माल्या पर बैंकों के साथ 9,000 करोड़ के कर्ज में गड़बड़ी का आरोप है. ये लोन उनकी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ा है. माल्या साल 2016 में देश छोड़ कर लंदन भाग गए थे, 2019 में उन्हें भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया.



### पीएम मोदी का त्रिनिदाद में ऐतिहासिक संबोधन

# बिहार की बेटी को अर्पित किया सरयू-महाकुंभ का पवित्र जल



एजेंसियां। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो दौरे के दौरान भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए भावुक और सांस्कृतिक जुड़ाव से भरपूर संदेश दिया. उन्होंने त्रिनिदाद की पूर्व पीएम कमला परसाद-बिसेसर को बिहार की बेटी बताते हुए उन्हें महाकुंभ और सरयू नदी का पवित्र जल तथा राममंदिर की प्रतिकृति भेंट की.

त्रिनिदाद और टोबैगो पहली बार दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया. उनका अभिवादन भव्य तरीके से किया गया. पियारको इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर त्रिनिदाद की कमला बिसेसर के नेतृत्व में 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया.

**मोदी ने कमला बिसेसर को बिहार की बेटी कहकर पुकारा :** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कमला बिसेसर को बिहार की बेटी कहकर पुकारा और उनके पारिवारिक संबंधों को उजागर किया. कहा, कमला जी के पूर्वज बिहार के बक्सर जिले के भेलूपुर गांव से हैं. वह स्वयं भी वहां की यात्रा कर चुकी हैं. भारत उन्हें बेटी मानता है. पीएम मोदी ने कमला को भावनात्मक व सांस्कृतिक उपहार भी भेंट किया- महाकुंभ और सरयू नदी का पवित्र जल, साथ ही राममंदिर की प्रतिकृति. मोदी ने आग्रह किया कि इस जल को त्रिनिदाद की गंगा में अर्पित किया जाए, ताकि दोनों देशों के रिश्तों को एक नई गहराई मिले. उन्होंने कहा, इस साल की शुरुआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला, महाकुंभ संपन्न हुआ. मुझे गर्व है कि मैं वहां का पवित्र जल अपने साथ लाया हूं. मैं कमला जी से अनुरोध करता हूं कि वह इसे त्रिनिदाद की गंगा धारा में अर्पित करें'.

**कमला बिसेसर ने अपनी भारतीय जड़ों पर गर्व जताया:** कमला बिसेसर ने भी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी भारतीय जड़ों पर गर्व जताया. उन्होंने याद किया कि 2012 में वह अपने पूर्वजों के गांव बक्सर के भेलूपुर गई थीं, जो बिहार के इतारही ब्लॉक में स्थित है.

### मोदी के ऐतिहासिक दौरे का महत्व

पीएम मोदी का यह दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक है. वर्ष 1999 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने त्रिनिदाद और टोबैगो का आधिकारिक दौरा किया है. यह यात्रा कमला बिसेसर के विशेष निमंत्रण पर हुई है, जिससे दोनों देशों के आपसी संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा न केवल राजनीतिक और राजनयिक दृष्टि से अहम रहा, बल्कि इससे भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूती मिली. सरयू और महाकुंभ का जल त्रिनिदाद की गंगा में अर्पित करने की अपील भारतीय संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक बन गई है.

### चिंताजनक : दुनिया भर की महिलाओं में तेजी से बढ़ता सर्वाइकल कैंसर, कैसे होगा इसका इलाज

# उम्रदराज महिलाओं में बढ़ते मामलों पर डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

शुभम संदेश डेस्क

कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, सभी उम्र-लिंग वाले इसका शिकार हो रहे हैं. पिछले दो दशकों में महिलाओं में भी कैंसर के मामलों में काफी तेजी से वृद्धि हुई है, इनमें स्तन और सर्वाइकल कैंसर के केस सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए जा रहे हैं. कई अध्ययन सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते खतरे और इससे बचाव के उपायों को लेकर सभी उम्र की महिलाओं को निरंतर सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं. एक हालिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि अधिक उम्र की महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) के मामले वैश्विक स्तर पर बढ़ गए हैं. शोध में पाया गया है कि 65 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में युवा महिलाओं की तुलना में एचपीवी संक्रमण होने की आशंका अधिक देखी जा रही है. आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि साल 2023 में, सर्वाइकल कैंसर एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में इसका जोखिम अधिक देखा गया. वैश्विक स्तर पर यह महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर होने का अनुमान है, जिसके लगभग 6.60 लाख नए मामले सामने आए और 3.50 लाख मौतें हुईं. अध्ययनकर्ता बताते हैं कि 20 साल से लेकर वृद्ध महिलाओं, सभी को इस कैंसर का खतरा हो सकता है, जिससे बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना जरूरी है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचए) की एक रिपोर्ट के अनुसार सर्वाइकल कैंसर के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर दवाब तो बढ़ ही रहा है साथ ही मृत्यु का जोखिम भी बढ़ता जा रहा है. हालांकि अच्छी बात ये है कि यह एक रोकथाम योग्य बीमारी है. विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि सिर्फ युवाओं को ही नहीं, 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाओं को भी नियमित रूप से सर्वाइकल कैंसर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि उनमें अभी भी ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) का संक्रमण और इसके कारण कैंसर होने का जोखिम अधिक है.

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?:** चीन में शोधकर्ताओं ने 2017 से 2023 के बीच 20 लाख से ज्यादा महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग डेटा का विश्लेषण किया. 20 लाख में से 17,420 केस 65 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं के थे.



### 95% मामले एचपीवी वायरस संक्रमण के कारण

एचपीवी वायरस लगभग 95% सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है. ये मुख्य रूप से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, जो कि आमतौर पर यौन क्रियाकलापों के दौरान होता है. असुरक्षित या अप्राकृतिक यौन संबंधों के कारण महिला और पुरुषों दोनों में इस कैंसर का जोखिम देखा जाता रहा है.

### रोकथाम को लेकर डब्ल्यूएचओ की रणनीति

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक रणनीति बनाई है जिसके तहत साल साल 2030 तक सभी देशों में 15 साल की उम्र तक 90% लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने की सलाह दी गई है. इसके अलावा 70% महिलाओं की स्क्रीनिंग और सर्वाइकल बीमारी से पीड़ित 90% लोगों का इलाज करने का लक्ष्य रखा गया है. इस कैंसर के रोकथाम के लिए तैयार मॉडलिंग से पता चलता है कि अगर इन उपायों का पालन कर लिया जाता है तो साल 2120 तक 62 मिलियन मौतें (6.2 करोड़) और सर्वाइकल कैंसर के कुल 74 मिलियन (7.4 करोड़) नए मामले रोके जा सकेंगे.

### सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन

# हमें महिला की सुरक्षा और बच्चे की मुस्कान बनाए रखनी है: अन्नपूर्णा

शुभम संदेश।रांची

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को राजधानी रांची में मंत्रालय द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया. पूर्वी क्षेत्र में प्रथम तथा देश का छठा, यह क्षेत्रीय केंद्र अपने नवाचार और नीतियों से क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा, ऐसी परिकल्पना है. इस अवसर पर मंत्री के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, नवीन जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सचिव अनिल मालिक और



वरिष्ठ पदाधिकारी गण मंचासीन रहे. मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज यहां नया क्षेत्रीय केंद्र शुरू कर रहे हैं, यह केवल एक उद्घाटन का अवसर नहीं बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक विज़न को हकीकत में बदलने का दिन है. जब हम एक महिला की सुरक्षा और एक बच्चे की मुस्कान को विश्वास में बदलते हैं तब हम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं. अपने संबोधन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की. भारत की बेटियां किसी से कम नहीं हैं, कहते हुए उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को समान अवसर देकर देश के विकास में उनका योगदान और सशक्त बनाया जाए. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सभा को संबोधित किया और संस्थान के शुभारंभ को सराहा और महिला तथा बाल विकास में इसे एक मील का पत्थर साबित होने वाला कदम बताया. उन्होंने कहा जब परिवार की एक स्त्री पढ़ती है तो उसका पूरा परिवार आगे बढ़ता है.

**प्रशिक्षु लड़कियों ने अनुभव किए साझा**

कार्यक्रम में संस्थान से ट्रेनिंग लिए प्रशिक्षु लड़कियों से बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया. इस कार्यक्रम में संस्थान के "नए लोगो" का शुभारंभ भी हुआ. यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा. यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों– मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा. इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इससे पहले, इन राज्यों के पास इस तरह की समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थी. आमतौर पर गुवाहाटी और लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्रों पर निर्भर राज्यों को रसद सम्बंधी कठिनाइयां आती थीं. रांची केंद्र प्रमुख संसाधनों और बुनियादी ढांचे को क्षेत्र–स्तरीय श्रमिकों के करीब लाकर इन बाधाओं को दूर करेगा और इससे सभी तक सेवाओं को प्रभावी ढंग से वितरित करने की उनकी क्षमता बढ़ेगी. यह संस्थान दिल्ली में अपने मुख्यालय और बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में क्षेत्रीय केंद्रों के साथ, ऑनलाइन और व्यक्तिगत कार्यक्रमों के माध्यम से सालाना 1,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने में सबसे आगे रहा है. यह नया केंद्र इसे और गति प्रदान करेगा.

## एक नजर

### रामविलास पासवान की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा पांच को



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, डोरंडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस संबंध में पार्टी की ओर से कहा गया है कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया. वे सामाजिक न्याय के प्रबल पैरोकार थे और उन्होंने दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा एवं वंचित वर्गों की आवाज़ को संसद से सड़क तक मजबूती से उठाया. उनके कार्यों ने देश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा दी. कार्यक्रम में उनके विचारों, संघर्षों और नीतियों को स्मरण करते हुए संगठन की आगामी दिशा पर चर्चा की जाएगी.

### समर्पण शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा



**रांची।** समर्पण शाखा के सत्र (2025 26) की तीसरी कार्यकारिणी बैठक शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में शुक्रवार को हुई. बैठक में शाखा अध्यक्ष ने अनुपस्थिति और गणपूर्ति की सूचना दी. मौके पर शाखा अध्यक्ष ने स्वागत संबोधन किया और शाखा सचिव ने जून माह की रिपोर्ट प्रस्तुगत की. साथ ही आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सावन सिंधारा, सावन मेला, बाबा श्रृंगार, गौ सेवा से सम्बंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई. शाखा अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया, ताकि संस्था का कार्य सुचारू रूप से हो सके. कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, सरिता बथवाल, कोमल पोद्दार, कविता सोमानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी.

# रांची में जल्द दौड़ेगी सुपरफास्ट फ्लैशचार्जिंग इलेक्ट्रिक बस

### किराया भी डीजल से होगा 30% सस्ता



शुभम संदेश।रांची

झारखंड की राजधानी रांची जल्द ही देश के विकसित शहरों की सूची में शामिल हो जाएगी. यहां फ्लैशचार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी, जिनमें 135 यात्री आराम से बैठ सकेंगे. इस बस का किराया डीजल बस की तुलना में 30 प्रतिशत कम होगा. यह बड़ा ऐलान केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 3 जुलाई 2025 को रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन के बाद किया.

**केबल कार और फैनीकुलर रेलवे पर भी काम :** जनसभा में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि वे देश में केबल कार और फैनीकुलर रेलवे की व्यवस्था भी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने नागपुर में फ्लैशचार्जिंग बस के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की जानकारी दी और बताया कि इसका टेंडर मंजूर हो चुका है. अगर नागपुर में यह बस सफल रहती है, तो झारखंड में भी इसे लागू किया जाएगा.

**फ्लैशचार्जिंग बस क्या है?**

फ्लैशचार्जिंग बस एक इलेक्ट्रिक बस है, जो बहुत कम समय में चार्ज हो जाती है. बस को चलाने के लिए सिर्फ 30 सेकंड की चार्जिंग पर्याप्त होती है. फिलहाल इसका ट्रायल नागपुर में चल रहा है. ट्रायल सफल होने के बाद रांची में भी ऐसी बसों का परिचालन शुरू होगा, जिससे शहरवासियों को आरामदायक और किफायती परिवहन सुविधा मिलेगी.

**फ्लैशचार्जिंग बस की खासियतें**

नितिन गडकरी ने बताया कि इस इलेक्ट्रिक बस में विमान जैसी आरामदायक सीटें होंगी और यात्रियों के मनोरंजन के लिए टीवी भी लगे होंगे. इसके बावजूद, इसका किराया पारंपरिक डीजल बस की तुलना में 30 प्रतिशत कम होगा. उन्होंने कहा कि रांची के उद्योगपति संजय सेठ के आग्रह पर यह सुविधा जल्द रांची में भी उपलब्ध कराई जाएगी.

### आरयू में माइनॉरिटी और एफिलिएटेड कॉलेजों की समस्याओं पर उच्चस्तरीय बैठक

# कुलपति ने दिए कई निर्देश

शुभम संदेश।रांची

राज्य में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. डीके सिंह ने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ माइनॉरिटी कॉलेजों और एफिलिएटेड कॉलेजों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की. यह बैठक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें कॉलेजों की शैक्षणिक, प्रशासनिक और नामांकन संबंधी चुनौतियों पर गहन विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, उनका यह लगातार प्रयास रहा है कि रांची विश्वविद्यालय और उससे जुड़े सभी कॉलेजों की स्थिति में सकारात्मक सुधार लाया जाए. छात्रों की कॉलेजों से कनेक्टिविटी बढ़े, उपस्थिति में सुधार हो और नामांकन की स्थिति सशक्त हो, इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए यह बैठक बुलाई गई है.

**कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम :** उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्तमान में सबसे बड़ी चिंता का विषय कॉलेजों में नामांकन की गिरती संख्या और विद्यार्थियों की उपस्थिति में भारी कमी है. विशेषकर



वोकेशनल कोर्स की स्थिति गंभीर है. वोकेशनल कोर्स में नामांकित छात्रों में से केवल 30 फीसदी विद्यार्थी ही नियमित रूप से कॉलेज आ रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है. हमें यह समझने की जरूरत है कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने के पीछे जो उद्देश्य था, वह किस हद तक पूरा हो रहा है.

कुलपति ने कॉलेज प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज स्तर पर सक्रिय निगरानी और प्रेरक पहल की जाए. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कॉलेज अपने-अपने स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करे, जिससे छात्र स्वयं को संस्थान से जुड़ा हुआ महसूस करे.

**बैठक के दौरान एक और अहम मुद्दा सामने आया :** नए शैक्षणिक सत्र में कई कॉलेजों में आवेदन की संख्या अत्यंत कम रही है. कुछ कॉलेजों में तो एक भी आवेदन नहीं आया. इस पर चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि यह सिर्फ कॉलेज के कामकाज पर सवाल नहीं है, बल्कि इससे जुड़े भौगोलिक, सामाजिक और जनसंख्या संबंधी पहलुओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि जब किसी कॉलेज की स्थापना होती है तो वहां की स्थानीय जनसंख्या, शैक्षणिक आवश्यकता और सामाजिक परिस्थितियों का मूल्यांकन किया जाता है. परंतु समय के साथ यह भी देखना होगा कि आज उस क्षेत्र में कॉलेज की प्रासंगिकता कितनी बनी हुई है. हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि जिन कॉलेजों में आवेदन नहीं आ रहे, वहां छात्रों की संख्या कम है या कॉलेज की छवि धूमिल हुई है. साथ ही, यह भी देखा जा रहा है कि शिक्षकों की उपलब्धता और संसाधनों की स्थिति क्या है.

**कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने पर दिया जोर**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कॉलेजों के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उनकी पुनर्संरचना या कोर्स पुनर्निर्धारण की सिफारिश की जा सकती है. साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि कॉलेजों को अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए. इस दौरान कई प्राचार्यों ने अपनी समस्याएं साझा की, जिनमें शिक्षकों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, छात्रों में जागरूकता की कमी और बजट की बाधाएं प्रमुख रहीं. कुलपति ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को यथोचित समाधान निकालने का निर्देश दिया. कुलपति ने सभी प्राचार्यों से अपील करते हुए कहा कि वे छात्रों के भविष्य के प्रति उत्तरदायी भावना से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और छवि को बनाए रखने में सभी संस्थान अपनी-अपनी भूमिका निभाएं.

# रांची में मात्र 68 शराब की दुकानें होंगी संचालित

### उत्पाद विभाग ने जारी किया नोटिफिकेशन

शुभम संदेश।रांची

राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में शराब की दुकानों का संचालन अब सरकार करेगी. दुकान और दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों का भुगतान सरकार करेगी. वहीं, दुकान में शराब की सप्लाई भी सरकार द्वारा होगी. उत्पाद विभाग ने इसको लेकर नोटिफिकेशन जारी की है. इस दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर कुल 68 शराब की दुकानें संचालित होंगी. कुल 9 सर्किल में शहर और ग्रामीण इलाकों को बांटा गया है. फिलहाल रांची में 166 शराब की दुकानें है. बता दें कि राज्य में खुदरा शराब बिक्री की कुल 1453 दुकानें हैं. अब तक प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए शराब की बिक्री की जा रही थी. अब पूर्व नीति की तरह दुकानों की नीलामी प्रक्रिया के तहत शराब की बिक्री जेएसबीसीएल के जरिए होगी. इस व्यवस्था से ओपन मार्केट में कंपटीशन रहेगा. इसका लाभ ग्राहकों को मिलेगा. अब तक सरकार के स्तर से शराब की बिक्री होने पर रेट को लेकर मनमानी की खबरें अक्सर सामने आया करती थी. याद दिला दें कि राज्य भर की खुदरा शराब दुकानों में स्टॉक व बिक्री के ऑडिट के साथ बीते एक जुलाई से दुकानों के हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी. सभी जिलों को पांच जुलाई तक इसकी प्रक्रिया हर हाल में पूरी करनी है. दुकानों में शराब के स्टॉक, बिक्री व जमा राशि के ऑडिट के लिए जिलों को ऑडिटर लगाये गये हैं. राज्य में कुल 1453 शराब की दुकानें हैं. इनमें से सबसे ज्यादा 166 शराब की दुकानें रांची में है. ऑडिट के दरम्यान यानी पांच जुलाई तक शराब की खुदरा दुकानें बंद रहेगी.


# भगवान बिरसा जैविक उद्यान में शेर 'शशांक' की हुई मौत

- पेट में कैंसर होने के थे लक्षण

शुभम संदेश।रांची

राजधानी रांची के ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में गुरुवार को हाइब्रिड नर शेर 'शशांक' की मौत हो गई. 15 वर्षीय शशांक पिछले एक महीने से बीमार था और उद्यान के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओमप्रकाश साहु की देखरेख में उसका इलाज चल रहा था. प्राप्त जानकारी के अनुसार, शशांक प्रौढ़ावस्था में था और उम्र बढ़ने के साथ उसके शरीर के कई अंग ठीक से काम नहीं कर रहे थे.

**पोस्टमॉर्टम से हुआ खुलासा :** रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार ने शशांक की चिकित्सा जांच की थी. गुरुवार को महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एम.के. गुप्ता की अगुवाई में जैविक उद्यान



परिसर में ही शेर का पोस्टमॉर्टम किया गया. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, शशांक के पेट में कैंसर के लक्षण पाए गए, जिसे उसकी मौत का संभावित कारण बताया गया है. मृत शेर के विभिन्न अंगों के सैंपल गहन जांच के लिए रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजे गए हैं.

**हाइब्रिड नस्ल पर हमेशा संक्रमण का खतरा :** डॉ. गुप्ता ने बताया कि हाइब्रिड नस्ल के वन्य जीवों की रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य से कम होती है, जिससे इन्हें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है. इनकी औसत आयु 15 से 16 साल मानी जाती है.

2014 में लाया गया था बिरसा जू शशांक को वर्ष 2014 में बेंगलुरु के बन्नरघटा चिड़ियाघर से भगवान बिरसा जैविक उद्यान लाया गया था. वर्तमान में उद्यान प्रबंधन के अनुसार शशांक की आयु 15 वर्ष थी.

गौरतलब है कि इससे पहले 26 मई 2025 को उद्यान की एक अन्य शेरनी 'प्रियंका' की मौत भी लंबी उम्र और किडनी फेल होने के कारण हो गई थी. अब उद्यान में केवल एक शेर 'अभय' और एक शेरनी 'शबरी' शेष बचे हैं.

# 6 को रांची में मेघवाल का होगा नागरिक अभिनंदन

- नए अधिवक्ताओं को लाइसेंस और मेडिकल एड चेक प्रदान करेंगे
- नागरिकों की जिज्ञासा समाधान का भी होगा सत्र

शुभम संदेश।रांची

केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार 6 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं. रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री दिल्ली से रांची आएंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे. इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे. धनबाद में दोनों केंद्रीय मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे. धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आएंगे. यहां होटल रामदा में अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा. इस दौरान केंद्रीय मंत्री नए वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे. इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जाएगा. इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे. इसके अलावे कार्यक्रम में एक परिचर्चा का भी सत्र रखा गया है, जिसमें नागरिक अधिवक्ता व अन्य सामाजिक प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री से विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा रखेंगे और उसका समाधान किया जाएगा. कार्यक्रम की बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री का ऐतिहासिक अभिनंदन रांची के नागरिक करेंगे. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, विहिप के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, व्यावसायी पवन बजाज, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, बार काउंसिल के राजेंद्र कृष्ण, मुकेश के द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है.

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रतिध्वनि - 2025 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ

शुभम संदेश।रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल राँची में 3 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय कला संगोष्ठी, प्रतिध्वनि-2025 के तीसरे संस्करण का शानदार उद्घाटन हुआ. यह तीन दिवसीय कार्यक्रम ज्ञान संसाधन क्यूरेटर मुखर्जी पी. की देखरेख में आदिवासी जननायक एवं क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष को समर्पित था. उद्घाटन समारोह में देशभर के 30 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों की सहभागिता रही. समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची रहे, जिन्होंने समारोह की गरिमा को बढ़ाया. इस अवसर पर शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी उपस्थित रहीं, जिनमें राजेश पिल्लई (प्राचार्य, कैरली स्कूल), प्रेमलता (प्राचार्या, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल), डॉ.



सुभाष कुमार (प्राचार्य, संट माइकल्स स्कूल) तथा शालिनी विजय, प्राचार्या, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, रांची सम्मिलित थीं. इस अवसर पर अभिनव चटर्जी, देवांशु सेनगुप्ता, विश्वजीत दास और पार्थ बनर्जी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत एक सुमधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था 'उलगुलान आंदोलन' पर आधारित एक विशेष नृत्य-नाटिका. इस प्रस्तुति ने 'धरती आबा' बिरसा मुंडा के योगदान की स्मृति को पुनर्जीवित किया और यह दर्शाया कि समाज की प्रगति में विद्यार्थियों के बीच सहयोग और समन्वय कितना महत्वपूर्ण है. पहले दिन टॉर्क-इन्टीग्रेटेड डान्स डायलाग, प्ल्यूरिलॉग्स- मल्टी फार्मेट इंग्लिस डिबेट और फ्रेम्स - रील्स मेकिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. मुख्य अतिथि प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि जब छात्रों को ऐसे मंच मिलते हैं तो उनकी रचनात्मकता को संबल मिलता है और यह उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करता है.

**फ्लाईओवर** रातू रोड फ्लाईओवर के नीचे से हटाया गया अतिक्रमण, रास्ता साफ

# दोबारा दुकान लगाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

शुभम संदेश।रांची

राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए तीन प्रमुख फ्लाईओवर अब अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं. यातायात की सुगमता में इन फ्लाईओवरों की भूमिका अहम साबित हो रही है. लेकिन अब इनके नीचे अवैध अतिक्रमण की समस्या तेजी से बढ़ने लगी है, जिससे नीचे की सड़कों पर फिर से जाम की स्थिति बनने लगी है.इसी को लेकर रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने शुक्रवार को एक बड़ा अभियान चलाया. अभियान के तहत किशोरी यादव चौक से लेकर रातू रोड और पिस्का मोड़ तक फ्लाईओवर के नीचे और सड़क के किनारे लगाए गए अवैध ठेले, दुकानें



और अतिक्रमण को हटाया गया. नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर दुकानदारों और निगम कर्मियों के बीच हल्की नोकझोंक भी देखी गई, लेकिन अंततः अतिक्रमण हटाया गया. निगम की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि फ्लाईओवर के नीचे दोबारा दुकान लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इस संबंध में रांची नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू ने कहा कि फ्लाईओवर बनाने का उद्देश्य ट्रैफिक को राहत देना था, लेकिन अगर उसके नीचे अतिक्रमण होगा तो सारा उद्देश्य विफल हो जाएगा. उन्होंने कहा, यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो फ्लाईओवर के नीचे की सड़कों पर भी फिर से जाम की समस्या शुरू हो जाएगी.उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा. उन्होंने आमजन से अपील की कि वे फ्लाईओवर के नीचे या सड़क किनारे अतिक्रमण न करें. इससे न केवल ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है.

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर से लोगों को राहत भी मिल रही है. लेकिन अगर फ्लाईओवर के नीचे अतिक्रमण होने लगा तो नीचे की सड़कों पर फिर से वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ेगी.इस अभियान में नगर निगम के कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय थाना की पुलिस बल भी मौजूद रही, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध की स्थिति से निपटा जा सके. नगर निगम की इस पहल की सराहना भी हो रही है, लेकिन लोगों की यह भी मांग है कि अस्थायी दुकानदारों के लिए वैकल्पिक बाजार व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें भी जीविकोपार्जन का अवसर मिलता रहे और शहर की सड़कों पर फिर से अराजकता की स्थिति न बने.

### रांची में मुहर्रम पर्व पर यातायात व्यवस्था में बदलाव

**रांची।** रांची में मुहर्रम के मौके पर, यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है. इस साल 6 जुलाई को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा. पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया है कि इस दिन सुबह 10 बजे से जुलूस खत्म होने तक कई मार्गों पर निजी और यात्री वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.

**मुख्य रूप से बंद किए गए मार्ग इस प्रकार हैं:**

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक तक
- शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक तक
- सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर तक
- कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक तक
- चडरी तलाब से अल्बर्ट एक्का चौक तक
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक.

### बिरसा शिशु मंदिर के नए भवन का उद्घाटन



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु, खूंटी में लखमीचंद विशम्भरनाथ स्मृति परिसर आशीष मसाले, आगरा के सौजन्य से वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित बिरसा शिशु मंदिर के नव निर्मित भवन का उद्घाटन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधेश्याम अग्रवाल समाजसेवी आगरा, भगवान सहाय अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री, कल्याण आश्रम, सुखराम मुंडा- प्रपौत्र भगवान बिरसा मुंडा, अनुराधा भाटिया अखिल भारतीय सह महिला प्रमुख, डॉ. पंकज भाटिया अखिल भारतीय आरोगय प्रमुख, देवव्रत पाहन-क्षेत्र संघचालक,गोपाल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, सूदन मुंडा प्रांत अध्यक्ष, वनवासी कल्याण केंद्र, डॉ. तनुजा मुंडा अध्यक्ष श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पर्चित कर किया गया. संजेश मोहन ठाकुर-सह मंत्री श्रीहरि वनवासी विकास समिति ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र के शिक्षा आयाम के माध्यम से सुदूर जनजाति क्षेत्रों में संस्कार युक्त शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है, इसमें दानदाताओं का सहयोग हमें ऊर्जापूर्वक कार्य करने में प्रेरणा देता है. मुख्य वक्ता भगवान सहाय ने कल्याण आश्रम के कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा किया.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, शनिवार 05 जुलाई 2025 I आषाढ़ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 88 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## झारखंड में जुलाई में होगी अच्छी बारिश

**रांची।** झारखंड में जुलाई माह में अच्छी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने नौ जुलाई तक राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है. साथ ही कई जगहों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की है. उल्लेखनीय है कि जुलाई माह की शुरुआत अच्छी बारिश से हुई है. राज्य के तीन-चार जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है. झारखंड में तीन जुलाई तक सामान्य से 80 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है. इधर, पांच जुलाई को राज्य के उत्तरी जिले देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के कुछ इलाकों में भारी बारिश की आशंका है. साथ ही इन इलाकों में 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. इधर, शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से हल्के दर्जे की बारिश दर्ज की गई. वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 69.6 मिमी रिकॉर्ड की गई. इस दौरान रांची में सात मिमी बारिश दर्ज की गई. शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6, 32.6, 33.3, 33.1 और चाईबासा में तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## साहिबगंज : फर्जी फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगों ने महिलाओं के खातों से उड़ाए हजारों

**शुभम संदेश। साहिबगंज**

जिले के बोरियो प्रखंड अंतर्गत कबूतरखोपी गांव में फर्जी फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. खुद को फाइनेंस एजेंट बताने वाले चार लोगों ने ग्रामीण महिलाओं को लोन का झांसा देकर उनके आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड और बायोमेट्रिक फिंगर जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करवा लिए. इसके बाद उनके बैंक खातों से हजारों रुपये उड़ा लिए गए.



ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें बिना गारंटी के 50,000 से 1 लाख रुपये तक का लोन मिलेगा. इस लालच में आकर दर्जनों महिलाओं ने अपने दस्तावेज सौंप दिए. आरोपियों ने दस्तावेज लेने के बाद कुछ महिलाओं को नकली आवेदन रसीद भी दी और कहा कि दो से तीन दिन में पैसा खाते में आ जाएगा. लेकिन जब महिलाएं बैंक पहुंचीं तो पता चला कि उनके खातों से पहले ही रकम निकाली जा चुकी है.

पीड़ित महिला रूबी देवी और सरिता देवी ने बताया, हम लोग तो सोचे कि लोन मिलेगा तो घर में काम शुरू करेंगे, बेटी की शादी में कुछ मदद मिलेगी, लेकिन बाद में बैंक जाकर देखा तो हमारा पैसा ही गायब था. किसी का दस हजार, किसी का पांच हजार, किसी का 3400 रुपये खाते से निकल चुका था, जबकि किसी ने निकासी नहीं की थी.

घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया. प्रभावित महिलाओं ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से जीरवाबारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है. ग्रामीणों की सूचना पर जीरवाबारी थाना पुलिस कबूतरखोपी चानन गांव पहुंची. प्रारंभिक जांच में पाया गया कि फर्जी फाइनेंस कंपनी का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और न ही गांव या आसपास कहीं इसका कोई ऑफिस है. जिन मोबाइल नंबरों से बातचीत की गई थी, वे अब बंद हो चुके हैं.

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह सुनियोजित साइबर ठगी का मामला प्रतीत होता है. आरोपियों ने ग्रामीणों की अशिक्षा और डिजिटल जानकारी की कमी का फायदा उठाया है. साइबर सेल की मदद से मोबाइल लोकेशन और बैंक ट्रांजैक्शन का विश्लेषण किया जा रहा है. जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

# झारखंड में एक बार फिर ईडी का बड़ा एक्शन

## अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव से जुड़े 8 ठिकानों पर छापेमारी

**प्रदीप सिन्हा। रांची/हजारीबाग**

झारखंड में शुक्रवार को सुबह में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की. राजधानी रांची, हजारीबाग और बड़कागांव समेत कई स्थानों पर कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से जुड़े मामलों में ईडी की छापेमारी की गई. कार्रवाई का केंद्र रांची का हरमू रोड स्थित किशोरगंज इलाका और हजारीबाग का बड़कागांव क्षेत्र रहा, जहां ईडी की दो अलग-अलग टीमों ने एक साथ छापेमारी शुरू की.

**आरकेटीसीटी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी घोटाले में चल रही जांच:** इस छापेमारी की कार्रवाई आरकेटीसी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से जुड़े घोटाले के मामले में की गई. इस कंपनी पर झारखंड में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियों और घोटाले का आरोप है. ईडी की जांच टीमों ने अंबा प्रसाद के निजी सहायक संजीव साव, मनोज दांगी और पंचम कुमार के बड़कागांव स्थित ठिकानों पर भी दबिश दी. बताया गया कि ईडी की कुल आठ टीमों ने अलग-अलग लोकेशनों पर छापेमारी की.

**पहले भी हो चुकी है बड़ी कार्रवाई :** इससे पहले, 18 मार्च 2024 को ईडी ने अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास और कार्यालय समेत उनके परिवार और करीबियों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान करीब 20 लाख रुपए नकद और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए थे. ईडी ने यह कार्रवाई हजारीबाग में लीज पर मिली बेशकीमती जमीन पर कथित कब्जा करने के मामले में की थी.

**आरकेटीसी कंपनी से नहीं है मेरा और मेरे भाई का कोई संबंध :** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आरकेटीसी कंपनी के साथ मेरा और मेरे परिवार का नाम जोड़ा जा रहा है. लेकिन यह सारी बातें भ्रामक और तथ्य से परे हैं. इस कंपनी से उनका कोई लेना-देना नहीं है. जहां तक बात संजीव साहू, मनोज दांगी और पंचम का है, उन लोगों से भी उन्हें चुनाव में धोखा ही मिला है. उन लोगों से उनकी कोई बात भी नहीं होती.

### रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में एक साथ ईडी की कार्रवाई



### 15 लाख नकद और बालू के अवैध कारोबार के कागज मिले

इस बीच, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कुल 15 लाख रुपये नकद जब्त किये गये हैं. छापेमारी के दौरान अंबा के भाई अंकित राज और पिता योगेंद्र साव के बालू के अवैध कारोबार में लिप्त होने से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं. वहीं सीए बादल गोयल के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये जाने की सूचना है. इसके आधार पर ईडी अधिकारियों का एक दल सीए बादल गोयल से पूछताछ कर रहा है. ईडी ने छापेमारी के दौरान अंबा के परिवार के करीबी रहे मंटू सोनी के हजारीबाग स्थित घर पर भी छापा मारा. बता दें ईडी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, उनके निजी सहायक और चार्टर्ड आकाउंटेट सहित छह लोगों के कुल आठ ठिकानों पर छापा मारा. छापेमारी के दायरे में प्रेट्रोल पंप के मालिक और बालू के व्यापारियों को भी शामिल किया गया. पूर्व विधायक व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की यह दूसरी घटना है.ईडी ने आंबा प्रसाद व उसके सीए बादल गोयल, पीए संजीत कुमार और पेट्रोल पंप के मालिक प्रेम सिंह के ठिकानों पर छापा मारा. इसके अलावा बालू कारोबारी मनोज दांगी और पंचम कुमार के ठिकानों पर छापा मारा.

### दबाव बनाने के लिए लगातार ईडी पहुंच रही घर, बैरन लौट रही वापस : अंबा प्रसाद



**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के घर ईडी की छापेमारी खत्म हो चुकी है. ईडी को वहां से कुछ भी हासिल नहीं हो पाया है. यह दावा खुद पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने किया है. उन्होंने ईडी की छापेमारी के दौरान एक ट्वीट किया और कहा कि उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग की एडवाइजरी काउंसिल में वरिष्ठतम नेताओं के साथ जगह मिली है. बिहार इलेक्शन में भी उन्हें बड़ा दायित्व पार्टी ने दिया है. बंगाल में भी उन्होंने कई राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई. यह सब देख कर विपक्षियों की हालत खराब हो रही है. दबाव बनाने के लिए ईडी से छापेमारी कराई गई. पिछली बार भी जब छापेमारी हुई थी तब चुनाव का वक्त था. उस समय भी ईडी को कुछ नहीं मिला. वर्तमान समय में भी बैरन ही लौटे हैं. अंबा प्रसाद ने यह भी कहा कि ईडी की छापेमारी तो मात्र 1 घंटे तक चली. 5 घंटे वे सिर्फ बैठ कर इंतजार करते रहे. 6 घंटे के बाद वे लोग खुद ही वापस चले गए.

### ईसीआईआर दर्ज कर रांची, हजारीबाग और मुंबई में छापे

मामले की गंभीरता को देखते हुए ईडी ने विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव के खिलाफ ईसीआईआर (इनफोर्समेंट केस इनफार्मेशन रिपोर्ट) दर्ज की थी. इसके बाद रांची, हजारीबाग और मुंबई स्थित उनके परिसरों पर भी छापेमारी की गई थी. मार्च की कार्रवाई के दौरान योगेंद्र साव के कुल तीन ठिकाने ईडी के निशाने पर आए थे. ईडी की यह ताजा कार्रवाई झारखंड में चल रहे राजनीतिक और आर्थिक मामलों की जांच को और तेज करती नजर आ रही है. सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में और भी बड़ी कार्रवाई संभव है.

## रुई के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 1020 पेटी बीयर

## पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शुभम संदेश। गुमला**

गुमला बाईपास के पास से गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्त की. ट्रक से टर्बो और किंगफिशर कंपनी के कुल 1020 पेटी बीयर बरामद किए गए, जिन्हें रुई के नीचे छुपाकर बिहार ले जाया जा रहा था. सभी बीयर की बोतलों पर ₹ऑन सेल इन पंजाब वनलीर₹ लिखा हुआ पाया गया. जब्त शराब में टर्बो केन का 730 पेटी (एक पेटी में 24 पीस केन बीयर) और किंगफिशर कंपनी का 500 एमएल का कुल 290 पेटी (एक पेटी में 24 बीयर) शामिल था. ट्रक में सवार दोनों व्यक्ति राजस्थान राज्य के बाड़मेर जिला अंतर्गत धीरासर नेत्रद गांव के निवासी हैं. उनकी पहचान 21 वर्षीय अकबर खान और 22 वर्षीय ट्रक चालक सुभान खान के रूप में हुई है. इससे पूर्व गुमला एसपी हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला बाईपास के पास से भारी मात्रा में बीयर लदा ट्रक रांची जाने वाला है. सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया. इस दल में गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार महतो, सुनील कुमार और थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

छापामारी दल द्वारा बाईपास पर वाहन चेकिंग चलाया जा रहा था, तभी एक ट्रक बाईपास रोड से रांची की ओर आते दिखाई दिया. उसे रोकने का इशारा करने पर चालक ट्रक को तेजी से भगाने लगा. पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर ट्रक को रोका गया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रक में रुई लोड है, लेकिन जांच करने पर रुई के नीचे छुपाकर रखी गई बीयर की पेटियां बरामद हुईं. शुक्रवार की दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया.

## पलामू में हाईवे कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने की फायरिंग, मजदूर को लगी

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

पलामू के नेशनल हाईवे-39 के निर्माण स्थल पर शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात हुई. बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने फोरलेन निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर अंधाधुंध फायरिंग की. इस हमले में एक मजदूर के कमर में गोली लग गई. घायल मजदूर को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द इलाके में सुबह करीब 5:30 बजे घटी.

मिली जानकारी के अनुसार, जब मजदूर अपने टेंट में सो रहे थे, तभी 2 बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी. गोली लगने से घायल मजदूर की पहचान विक्रम नामक युवक के रूप में हुई है, जो सतबरवा का रहने वाला है. अपराधियों ने मौके पर कई राउंड हवाई फायरिंग भी की और फिर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और कई संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है. सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला गंभीर है और पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. जिस जगह यह हमला हुआ, वहां फ्लाईओवर निर्माण का काम चल रहा है और मजदूर उसी के नीचे अस्थायी टेंट में रहते हैं. फिलहाल पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

## मंत्री इरफान अंसारी को मिली जान से मारने की धमकी

### मंत्री को धमकी देनेवाले की तस्वीर आई सामने

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को गुरुवार देर रात जान से मारने की धमकी मिली है. मंत्री को मोबाइल पर कॉल कर न केवल धमकी दी गई, बल्कि अपशब्द भी कहे गए. इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है और जांच शुरू कर दी गई है. डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया था. फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि वह उन्हें 24 घंटे के भीतर जान से मार देगा. मंत्री ने उस नंबर की जानकारी पुलिस अधिकारियों को सौंप दी है. फिलहाल डॉ. अंसारी दिल्ली में हैं. वह अपने सहयोगी मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत की जानकारी लेने के लिए वहां पहुंचे थे. इसी दौरान उन्हें धमकी भरा कॉल आया. सूचना मिलते ही पुलिस ने कॉल डिटेल्स और नंबर की जांच शुरू कर दी है.

इरफान अंसारी को 7903928578 नंबर से फोन कर धमकी दी गई. मंत्री को जिस नंबर से फोन किया गया उसी नंबर 7903928578 पर फॉलोअप ने फोन किया तो उस पर लगातार रिंग हो रहा है लेकिन कोई फोन नहीं उठा रहा है. जब ट्रू कॉलर पर इस नंबर को सर्च किया गया तो किसी नवाब अंसारी का नाम उसमें दिखा रहा है. जिसमें किसी बच्चे की तस्वीर भी लगी है. अब ये पुलिस जांच का विषय है कि आखिर फोन करने वाला व्यक्ति कौन है और किस मकसद से मंत्री इरफान अंसारी को उसने फोन किया था.

### आलोक स्टील प्लांट में महिला मजदूर की मौत

## पांच लाख मुआवजे के बाद उठा शव

**शुभम संदेश। रामगढ़**

जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में आलोक स्टील प्लांट में एक महिला मजदूर की मौत हो गई. मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने प्लांट के बाहर 48 घंटे तक जमकर हंगामा किया. मुआवजे की मांग को लेकर गुरुवार को देर रात तक लोग धरने पर बैठे रहे. प्लांट प्रबंधन की ओर से पांच लाख के मुआवजा की घोषणा की गई, तब जाकर शव उठा. शुक्रवार की सुबह महिला का अंतिम संस्कार किया गया. जानकारी के अनुसार, बुढ़ाखाप, करमा निवासी आशो देवी (57) पति रामेश्वर महतो आलोक स्टील फैक्ट्री में बतौर ठेका महिला मजदूर काम करती थी. आशो देवी को सोमवार की दोपहर कार्य के दौरान अचानक सीने में दर्द शुरू हुआ. घटना की सूचना पर फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया. वहीं, मामले की जानकारी पर परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रांची रोड स्थित दी होप अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान बुधवार को महिला आशो देवी ने दम तोड़ दिया.

**महिला की मौत के बाद शुरू हुआ था आंदोलन :** इधर घटना के बाद जेएलकेएम समर्थित नेता व कार्यकर्ता, ग्रामीण और परिजनों की ओर से 30 लाख रुपया मुआवजे, पेंशन एवं आश्रित परिवार को नौकरी देने की मांग को लेकर वार्ता शुरू हुई. पहली वार्ता विफल के बाद अनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू किया था. 48 घंटे के बाद वार्ता सफल रही फिर आंदोलन समाप्त किया गया.

## सिंदूर की डिबिया के साथ प्रेमिका के पास पहुंचा युवक, जंगल में मिली दोनों की लाश

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

जिले के पीरटांड़ प्रखंड में सनसनीखेज घटना हुई है. यहां एक प्रेमी युगल ने जंगल में आत्महत्या कर ली है. यह घटना हरलाडीह ओपी क्षेत्र (खुखरा थाना के अंदर) की कुड़को पंचायत अंतर्गत कुलखी गांव की है. मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पंचरूखी निवासी इमामुल हांसदा और कुलखी निवासी रानी कुमारी के रूप में हुई है.जंगल में एक साथ जब दो लाशों पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी, तो लोगों ने फौरन मामले की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलने पर हरलाडीह ओपी पुलिस ने डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार को सूचित किया. इसके बाद पुलिस की टीम जंगल में पहुंची. पुलिस ने जंगल से दोनों के शवों को बरामद किया.

**जेब में मिली सिंदूर की डिबिया :** इस दौरान जब पुलिस कर्मियों ने मृत युवक की जेब की तलाशी ली तो जेब से सिंदूर की डिबिया मिली. ऐसे में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि संभवतः युवक ने पहले युवती की मांग में सिंदूर डाला फिर दोनों ने आत्महत्या कर ली.

पड़ताल में आयी प्रेम संबंध की बात इधर, घटना के बाद पुलिस ने दोनों की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है. साथ ही पुलिस ने मामले में कई लोगों से पूछताछ भी की है. पुलिसिया छानबीन में यह पता चला है कि दोनों के बीच काफी पुराना प्रेम संबंध था. प्रेम में दोनों एक नहीं हो सके तो जान दे दी.

### राजनीति | झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया राजनीति से संन्यास का ऐलान, कहा

# 2029 में नहीं लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री और छतरपुर से कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर ने आगामी विधानसभा चुनाव में राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2029 में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में वे हिस्सा नहीं लेंगे. यह घोषणा उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के पाटन प्रखंड में गांवों के दौरे के दौरान की.

**1980 में राजनीति की शुरुआत, 2024 में छठी बार बने विधायक :** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1980 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव



जीतकर की थी. वर्ष 2024 में वह छठी बार विधायक निर्वाचित हुए और वर्तमान सरकार में वित्त मंत्री बनाए गए. उन्होंने कहा कि जहां से उन्होंने राजनीति की शुरुआत की थी, वहीं से अब वे इसका समापन करेंगे.

### शिक्षा, चिकित्सा, यातायात और सिंचाई पर विशेष जोर

वित्त मंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, यातायात व्यवस्था और सिंचाई के संसाधनों पर विशेष रूप से काम किया जाएगा. उन्होंने जनता से अपील की कि वे भविष्य में अच्छे, योग्य, शिक्षित और कर्मठ प्रतिनिधि का चुनाव करें.

**सभी के लिए रहेगा दरवाजा खुला :** राधा कृष्ण किशोर ने यह भी कहा कि वे पाटन और छतरपुर दोनों क्षेत्रों के विधायक हैं और उनके दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहेंगे. उन्होंने कहा कि अंतिम कार्यकाल में वे हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों के लिए कार्य करेंगे.

### जनता के लिए अंतिम कार्यकाल को बताया खास

राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह कार्यकाल उनके लिए बेहद विशेष होगा और इसमें क्षेत्र के लिए कुछ ऐसा किया जाएगा, जिसे लोग लंबे समय तक याद रखें. उन्होंने स्पष्ट किया कि पाटन-छतरपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी.

## गोड्डा में मिड-डे मील में मिली छिपकली, दर्जनों छात्र अस्पताल में भर्ती

**गोड्डा।** जिले के बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में खाने में छिपकली मिली. उस भोजन को ग्रहण करने के बाद दर्जनों छात्रों की तबियत बिगड़ गई है. नाजुक हालत को देखत हुए स्कूल प्रबंधन सभी बच्चों को आनन- फानन में सदर अस्पताल गोड्डा पहुंचाया. दर्जनों छात्र छिपकली के जहर से ग्रसित होकर सदर अस्पताल में भर्ती हैं. कुछ छात्रों की की हालत नाजुक बताई जा रही है. वहीं छात्रों ने बताया कि सब्जी में छिपकली होने का पता चला लेकिन उससे पहले सभी ने खाना खा लिया था जिसके बाद अचानक तबियत बिगड़ने लगी. कुछ छात्रों की तबियत काफी गंभीर बताई जा रही है. स्कूल के छात्रों ने छिपकली को मिर्ची समझ कर खा लिया, उनकी तबियत काफी खराब है. उनका इलाज चल रहा है. छात्र बताते हैं कि आज से एक साल पहले भी खाने में छिपकली मिली थी लेकिन तब पता चल गया था.

## खूंटी में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**शुभम संदेश। खूंटी**

पुलिस ने जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में शुक्रवार को छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन,गुमला के कामडरा थानांतर्गत रामतोलया महुआ टोली गांव निवासी असीम टोपनो और अजीत टोपनो उर्फ डुडा शामिल हैं. इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, पीएलएफआई का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है.

पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में शुक्रवार को बताया कि तड़के सुबह उन्हें यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में प्रतिबंधित पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्य किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया. छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को हथियार गोली एवं पीएलएफआई संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. एसपी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गत 26 मई की रात में रनिया थानांतर्गत रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को जलाने की घटना में गिरफ्तार आरोपित शामिल थे. प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से रोड रोलर को जलाने की उक्त घटना में संगठन के अन्य सदस्यों के साथ शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है. यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन का आपराधिक इतिहास रहा है.

### हथियार सहित अन्य सामान बरामद



## ब्रीफ न्यूज

### मुहर्रम की आठवीं पर निकाला निशान जुलूस

चंदवा .मुहर्रम की आठवीं के मौके पर चंदवा प्रखंड के विभिन्न इलाकों से निशान के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला गया.जुलूस हरैया-शुक्रबाजार, कामता, बेलवाही, कुजरी, तिलैयाटांड़ परसाही से निशान (झंडा) लेकर या हसन या हुसैन के नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में लोग हरैया मोड़ पहुंचे.जहां सभी निशान का मिलान कर फातिहा पढ़ी.इसके बाद रेलवे फाटक के समीप परसाही के निशान जुलूस के साथ मिलान किया गया.जुलूस की अगुवाई रियाज खान उर्फ बाबर खान समेत अन्य लोग कर रहे थे. उन्होंने कहा कि चंदवा आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते आया है जो आगे भी जारी रहेगा।शनिवार नवमी को अक़ीदतमंद छोटकी चौकी का जुलूस निकालेंगे. वहीं रविवार को शहर में ताज़िया के साथ पहलाम का जुलूस निकाला जायेगा, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल होंगे.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, रेफर

चंदवा। चंदवा के गैरेज लेन के समीप शुक्रवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल की पहचान प्रखंड के बारी रामपुर निवासी दिनेश भुइयां के रूप में की गई है.स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया.जहां डॉ कंचन बाड़ा की देख रेख में चिकित्साकर्मियों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया.चिकित्सक ने बताया कि युवक का दाहिना पैर टूट गया तथा शरीर के कई हिस्से में चोट लगे हैं.चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया है.जानकारी के अनुसार युवक मां उग्रतारा मंदिर से पूजा अर्चना कर घर लौट रहा था।इसी क्रम में गैरेज लेन चंदवा के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी.सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच मामले की पड़ताल कर रही है.

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी हुए घायल

**गढ़वा.**मझिआंव थानांतर्गत करकटा गांव निवासी सरीखा राम का पुत्र 32 वर्षीय सत्येंद्र कुमार और उसकी पत्नी 28 वर्षीया रिंकू देवी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गई.घटना के बाद आस पास के लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.घटना के संबंध में घायल ने बताया कि दोनो मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से गढ़वा की ओर आ रहा था.उसी बीच अटौला गांव के पास एक कार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया.घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### बीज नहीं मिलने से निराश लौटे कई किसान : प्रमुख

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड कृषि विभाग से खरीफ फसल के बीज बिना लिए निराश होकर कई किसानों को लौटना पड़ा. इस पर उक्त किसान जम कर नाराजगी व्यक्त करते दिखे. प्रमुख सुशीला देवी ने बताया कि किसानों को बीज वितरण की व्यवस्था ठीक नही थी. कुचिला और उक्कामांड के कई किसान मक्का, अरहर आदि के बीज लेने के लिए विभाग में पहुंचे थे. उनसे रसीद, आधार कार्ड की छाया प्रति भी जमा करा लिया गया, लेकिन उनमे से कई किसानों को यह कहकर बीज देने से इनकार कर दिया गया कि उनका रजिस्ट्रेशन नही हुआ है. रजिस्ट्रेशन जब होगा तो बाद में उन्हें बीज दिया जाएगा.

## डीडीसी ने चरका डैम, उदयपुरा कोमो पहाड़ी व ललमटिया डैम का निरीक्षण किया, कहा

# प्रवासी पक्षियों और पर्यटन को मिलेगा प्रोत्साहन

**शुभम संदेश । लातेहार**



उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने शुक्रवार लातेहार जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों तथा भूसुर में निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिया. निरीक्षण के क्रम में विशेष रूप से चरका डैम का अवलोकन किया.

चरका डैम, प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है और एक उभरते हुए ईको-टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है. हर वर्ष नवंबर से मार्च के बीच यह स्थान दुर्लभ और रंग-बिरंगे पक्षियों का बसेरा बनता है. यहां पक्षी प्रेमी और बर्ड फोटोग्राफी के शौकीन प्रकृति की सुंदरता का भरपूर आनंद लेते हैं. जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चरका डैम, उदयपुरा कोमो पहाड़ी, और ललमटिया डैम का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के क्रम में स्थलों की संभावनाओं का मूल्यांकन किया गया और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया. इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि चरका डैम में पक्षियों की चहचहाहट और कोमो पहाड़ी की हरियाली मिलकर लातेहार को एक जीवंत और सम्मोहक पर्यटन अनुभव प्रदान करती हैं. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार, जिला पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार तथा जिला खेल समन्वयक श्री लखेश्वर मंडल उपस्थित थे.

### जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया.आज के जन शिकायत निवारण में कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आवास, चापानल लगवाने से संबंधी जुड़े आवेदन आये. उप विकास आयुक्त ने जन शिकायत निवारण में उपस्थित लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा. उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है.

# टीबी मुक्त भारत अभियान में भागीदारी करें सुनिश्चितः डीसी

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को समन्वय समिति की बैठक हुई.

बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन, जांच और उपचार, अभियान में जनभागीदारी, नाट टेस्ट सहित अन्य गतिविधियों की संबंध में जानकारी दी.

उपायुक्त ने जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार करने, साथ ही निश्चय मित्र योजना को सफल बनाने को लेकर सांसद, विधायक, व्यवसायी, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर टीबी मरीजों को गोद लेने और फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिए.

इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत फूड बास्केट वितरण करने में बढ़ोतरी लाने के भी निर्देश दिए. इसके लिये उन्होंने सीएस को सभी प्रखंड, अंचल व जिला के सभी कार्यालय प्रधान को चिट्ठी लिखकर टीबी के मरीजों को गोद लेने व फूड बास्केट के वितरण में सहभागिता निभाने की बात कही.

बैठक में सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन डा अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे.



### मुहर्रम को लेकर अंतर्राज्यीय पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक

मेदिनीनगरर। मुहर्रम पर्व के सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर आज हरिहरगंज थाना परिसर में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने की. बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु विधि-व्यवस्था, जुलूस मार्ग, समयबद्धता, ध्वनि सीमा, ट्रैफिक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत विमर्श किया गया. सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए. बैठक के उपरांत सामूहिक फ्लैग मार्च भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करना एवं मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विश्वास बहाल करना था. बैठक में औरंगाबाद एसडीपीओ, हरिहरगंज बीडीओ व सीओ, अम्बा थाना प्रभारी, कुटुंबा थाना व पिपरा थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

### मुहर्रम पर निकला सातवीं का जुलूस

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में गुरूवार को मुहर्रम पर सातवीं का जुलूस निकला. इससे पूर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहाड़ी मोहल्ला एव पुलिस लाइन कर्बला में चादरपोशी व फातेहा के बाद अपने चौक पर निशान स्थापित किया. इसके बाद रात 3 बजे मुहर्रम की सातवीं का जुलूस निकला. इस दौरान लोग या हसन-या हुसैन के नारे लगा रहे थे. लोगों ने जगह-जगह गोल लगाकर पारंपरिक हथियारों से खेल का प्रदर्शन किया. पहाड़ी मोहल्ला स्थित कर्बला से निकले जुलूस का नेतृत्व मुहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल के सदर महताब आलम उर्फ पिंटू कर रहे थे. जुलूस निर्धारित मार्ग शाह मुहल्ला, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, चावल पट्टी, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर रोड, पंच मुहान चौक होते थाना परिसर पहुंचा, जहां खेल के प्रदर्शन के बाद जुलूस लाल कोठा, गीता भवन, शहीद भगत सिंह चौक, सत्तार सेठ चौक, कन्नी राम चौक होते हुए वापस हुआ. जुलूस में कुंड मुहल्ला, झोपड़पट्टी, राहत नगर, हुसैन नगर, पहाड़ी, मुस्लिम नगर, शाह मोहल्ला, कसाव मोहल्ला, धोबी मोहल्ला, शास्त्री नगर होते अपने गंतव्य को रवाना हो गया. इस दौरान शांति और सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात थी. शहर थाना प्रभारी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शर्बत, चना एव गुड की व्यवस्था की गई थी. इंतेजामिया के जनरल महताब आलम एव उनकी पूरी टीम ने शहर थाना प्रभारी एव यातायात प्रभारी समाल अहमद समेत पुलिस जवानों को पगड़ीपोशी कर सम्मनित किया.

## लातेहार में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

# ग्रामीणों ने एसपी से की शिकायत, आरोपी फरार

**निहित कुमार। लातेहार**



लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलंग और विशुनबांध पंचायतों में एक संगठित वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. दर्जनों ग्रामीणों ने लातेहार पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर गाँव के ही नरेश प्रजापति और उसके सहयोगी अभय प्रजापति पर करोड़ों की ठगी का आरोप लगाया है.

शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने वेलफेयर सोसाइटी, ग्रीन टच प्रोजेक्ट लिमिटेड, सॉवरेन मल्टीपर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी जैसे फर्जी कंपनियों के नाम पर ग्रामीणों से निवेश के नाम पर लाखों रुपये ऐंठे. ग्रामीणों को विश्वास में लेने के लिए रसीदें, प्रमाणपत्र और पोस्ट-डेटेड चेक दिए गए, जिसमें वादा किया गया था कि 5 से 10 सालों में निवेश की राशि दोगुनी-तीन गुनी हो जाएगी.परिपक्वता अवधि पूरी होने के बाद जब लोग पैसे वापस मांगने लगे, तो आरोपियों ने कंपनी बंद होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया. बाद में पता चला कि दिए गए चेक और दस्तावेज फर्जी थे. ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य आरोपी नरेश प्रजापति गाँव छोड़कर बेंगलुरु फरार हो गया है।शिकायत में दीपक प्रसाद, वाहिद अंसारी, भूटन भुइयां, रुकसाना बीबी, मुन्तज़िर अंसारी, सुनीता देवी, रमकलिया देवी, श्यामसुंदर सिंह, नगिना बीबी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी जमा राशि गंवाने की बात कही है. कई लोगों ने ₹10,000 से लेकर ₹1.32 लाख तक का निवेश किया था. प्रोफेसर ज्यांद्रेज ने मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि दिहाड़ी मजदूरी करने वाले भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर लूटने का सिलसिला लंबे समय से जारी है. प्रशासन को ऐसे फर्जी निवेश गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए. ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार करने और उनकी राशि की वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है. मामला गंभीर है और इससे सैकड़ों गरीब परिवारों की आर्थिक नींव हिल गई है.

# मजदूरों से भरा वाहन हादसे का शिकार, तीन की मौत, 29 घायल

**शुभम संदेश। छतरपुर(पलामू)**

थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 29 मजदूर घायल हैं. गंभीर रूप से घायल 29 मजदूरों को इलाज के लिए रेफर किया गया है. सभी मजदूर धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम जा रहे थे.

मृतकों में से एक राजू भुइयां गढ़वा के चीना के सिगसिगा कला के रहने वाले थे. राजू को एमएमसीएच में मृत घोषित कर दिया गया है. सभी मृतक और घायल गढ़वा के चीना के सिगसिगा और रंका के उदयपुरा के रहने वाले हैं. एक और मृतक की पहचान गुड्डू भुईयां के रूप में हुई है.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गढ़वा के रंका और रमकंडा से मजदूरों का जत्था धान की रोपनी के लिए पिकअप पर सवार होकर शुक्रवार को बिहार जा रहा था. इसी क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में पिकअप डिवाइडर से टकरा गई. डिवाइडर से टकराने के बाद पिकअप भीषण हादसे का शिकार हो गई.इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक की मौत अस्पताल में हो गई. जबकि 29 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. पिकअप पर 30 लोग सवार थे, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल थे. जिले के सबसे बड़े अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है. अस्पताल में बिजली नहीं होने की वजह से डॉक्टर टॉर्च की रोशनी में घायलों का इलाज कर रहे हैं. छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौके पर मौत हुई है, दोनों की पहचान की जा रही है. बताया कि 20 से अधिक घायल मजदूरों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है. दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. घायल मजदूरों के अनुसार पिकअप का चालक नशे में था और अचानक डिवाइडर से टकरा गया. ये सभी धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम इलाके में जा रहे थे.

**समस्या** | जेएसएलपीएस महिलाओं को कर रही है सम्मानित, योजना से मिली नई राह

# बाजार में अब भी जारी है पुराना कारोबार

**मयंक विश्वकर्मा । बरवाडीह**



एक समय था जब बरवाडीह की गलियां महुआ की गंध और हंडिया की भाप से बोझिल रहती थीं, लेकिन अब वहां सिलाई मशीनों की आवाज, मसाले पिसने की खुशबू और बकरी पालन के लिए बने बाड़े दिखते हैं. यह परिवर्तन झारखंड सरकार की फुलो-झानो आशीर्वाद योजना और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से आया, जिसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई.

हाल ही में बरवाडीह प्रखंड सभागार में कुछ महिलाओं को उनकी सफलता के लिए सम्मानित भी किया गया. पर सवाल यह उठता है कि क्या यह बदलाव वास्तव में जमीन पर उतरा है?

**शुक्रवार बाजार ने खोली पोल**

जहां मंच पर महिलाओं की सफलता की कहानियां सुनाई जा रही थीं, वहीं बरवाडीह का साप्ताहिक शुक्रवार बाजार एक कड़वी सच्चाई उजागर कर रहा था. सैकड़ों लोग खुलेआम हंडिया-दारू बेचते और पीते नजर आए. सवाल उठता है कि जब जेएसएलपीएस वैकल्पिक आजीविका दे चुका है, तो यह कारोबार अब भी किसके द्वारा और क्यों?

**प्रशासनिक निगरानी पर उठे सवाल :** क्या सम्मानित की गईं महिलाएं ही फिर से उसी पुराने पेशे में लौट आई हैं. क्या योजनाएं सिर्फ प्रचार तक सीमित हैं. क्या प्रशासन की भूमिका सिर्फ आयोजनों तक सीमित रह गई है.

**बदलाव के लिए चाहिए ईमानदार समीक्षाः** फुलो-झानो योजना का उद्देश्य सराहनीय है, और इससे कई महिलाओं का जीवन बदला भी है. लेकिन जब तक हंडिया-दारू का कारोबार पूरी तरह बंद नहीं होता, तब तक यह सफलता अधूरी मानी जाएगी.

अब समय है कि जेएसएलपीएस प्रचार से बाहर आकर ज़मीन पर सच्ची समीक्षा करे, ताकि बदलाव सिर्फ मंचों तक न रह जाए, बल्कि हर गली में दिखाई दे.

### मुहर्रम को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**बालूमाथ (लातेहार)।** मोहर्रम के मद्देनज़र बालूमाथ में शुक्रवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च में लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक, बालूमाथ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, अंचल अधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव समेत कई पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल रहे. फ्लैग मार्च की शुरुआत बालूमाथ थाना परिसर से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड, न्यू बस स्टैंड, बाजार टांड़, चांदनी मोहल्ला, रहमत नगर, पांकी रोड होते हुए पुनः थाना परिसर आकर समाप्त हुई. इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि मोहर्रम को आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ मनाएं. किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें .

## एक नजर



### मोहर्रम जुलूस मार्ग पर बह रहा नाले का गंदा पानी

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग पर नाले का गंदा पानी बहने से स्थानीय समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है. मोहर्रम कमेटी के खलीफा तनवीर अहमद ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. उनका कहना है कि जुलूस के रास्ते में बह रहा गंदा पानी न केवल जुलूस में शामिल लोगों के लिए असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि इस आयोजन की गरिमा को भी प्रभावित कर रहा है. उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जुलूस से पहले मार्ग की सफाई सुनिश्चित की जाए और नाले के गंदे पानी के बहाव को रोका जाए. वही मोहर्रम इंतजामिया कमिटी ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है.

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया




**लातेहार।** वन महोत्सव 2025 एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत चार जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार के तत्वाधान में पौधारोपण का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद, माय भारत केंद्र लातेहार के जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी आदि ने भाग लिया.महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने स्वयंसेवकों से कहा कि अपने मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगावे. उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व असंतुलित पर्यावरण के कारण चिंतित है. पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एक जुलाई से सात जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम एवं छात्राओं के बीच पौधारोपण कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है.

### एसएमसी के जिला प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में सीएम उत्कृष्ट राजकीय$2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) मेदिनीनगर के प्रशाल में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के जिला प्रशिक्षकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ. प्रशिक्षण का उद्घाटन पलामू डायट प्राचार्या अमृता सिंह, एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय, एपीओ क्रांति कुमार चांद, हरिहरगंज बीईईओ राकेश कुमार व बीईईओ विश्रामपुर महेंद्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया. प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण पंडवा के बीआरपी ओमप्रकाश सिंह, लेस्लीगंज के रणबहादुर सिंह व विनोद राम तथा हुसैनाबाद के विनय सिंह के द्वारा सीआरपी, बीआरपी, बीपीएम व बीपीओ को एसएमसी विषयक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. डायट प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि वे विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को समझाएं कि बच्चों की शिक्षा ही उनकी तस्वीर बदल सकती है. इसलिए विद्यालय के प्रति उनका अपनत्व का भाव होना आवश्यक है. एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय ने कहा कि एसएमसी सदस्यों को प्रशिक्षण देकर उनमें जागरूकता लाना सरल है. उन्होंने एक गतिविधि के जरिये बताया कि कैसे उनमें विद्यालय के प्रति स्वामित्व का भाव जगाया जा सकता है. प्रशिक्षण को सफल बनाने में राजीव चौबे, अंकेश पाठक (पीरामल फाउंडेशन) विकास कुमार दूबे, आमोद सिन्हा, वीरेंद्र तिवारी, रामसरेख पाण्डेय, मुकेश सिन्हा, जावेद अख्तर व विजय शुक्ला सक्रिय हैं.

### हुसैनाबाद में नगर पंचायत ने चलाया निरीक्षण अभियान



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न मोहल्लों में हो रहे जलजमाव और नालियों में जमा कचरे की स्थिति का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने साफ तौर पर कहा कि सड़क या नाली में कुंडे, प्लास्टिक, थर्मोकोल या अन्य कचरे फेंकना दंडनीय है. उन्होंने कहा कि ऐसे कचरे के कारण नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होती है और नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और दुकानों के सामने साफ-सफाई बनाए रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही फेंकें. साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसी दुकान या घर के सामने कचरा पाया गया, तो संबंधित लोगों पर नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई की जाएगी.इस अवसर पर नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, हिमानी बाड़ा, सुधांशु तिवारी, रविकांत पटेल सहित कई सुपरवाइजर और कर्मी उपस्थित थे. कार्यपालक पदाधिकारी ने संबंधित सुपरवाइजरों एवं जेई को जलजमाव और सफाई से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए.

### राष्ट्रीय स्तर पर मेंटर चुनी गई शिक्षिका मिस तनुश्री



**मेदिनीनगर।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका मिस तनुश्री राष्ट्रीय स्तर पर उपदेशक (सेंटर) के रुप में चुनी गई है. उन्हें झारखंड और बिहार क्षेत्र का उत्तरदायित्व दिया गया है. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद जिसका उद्देश्य सपूर्ण देश में शिक्षक शिक्षा के नियोजित और समवित विकास को प्राप्त करना और शिक्षक शिक्षा के मान दंडों और मानकों के विनियमन और उचित रखरखाव को संचालित करना है. मिस तनुश्री का चयन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत किया गया है. प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम 2024 वडनगर गुजरात में इनके सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन, ओमेंडेबल पार्टिसिपेशन, इनके डेडिकेशन, इनसाइटएवं नेतृत्व गुण के आधार पर चयन किया गया है. मिस तनुश्री के चयन पर विद्यालय के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ. शशिभूषण प्रसाद मेहता एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने खुशी जाहिर की है.

### विधायक मेहता ने सड़क का किया शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र में 15.20 करोड़ की लागत से बनने वाले 10 सड़कों का शिलान्यास किया. विधायक डा. मेहता ने सबसे पहले नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के जुरु गांव स्थित अंबेडकर चौक के पास सड़क का शिलान्यास किया. इसके बाद सोनेसरई, मुरमुसी, लोहरा, दिदरी, ओरिया, राजोगाड़ी, खैरांट, परसिया मोड़ से बौराखाड़, रामसागर से फुलांग तथा राजोगाड़ी से बांसदोहर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. सभी दस सड़कों के शिलान्यास के बाद गेंठा गांव में आयोजित सभा में विधायक डा. मेहता ने कहा कि अनवरत चलनेवाली विकास प्रक्रिया जारी है और यह गति धीमी नहीं होगी.

## ब्रीफ न्यूज

### सीपीआई के नेता जीतू महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वयोवृद्ध नेता और जन आंदोलनों के सशक्त स्वर कामरेड जीतू महतो के निधन पर पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है.पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो तथा रांची जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की.वे सच्चे, कर्मठ और ईमानदार पार्टी कार्यकर्ता थे.श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुखिया महेंद्र राम, अधिवक्ता शंभू कुमार, शौकत अनवर, समीम खान, मस्जिद अंसारी, मो. हकीम और अशोक राम समेत कई लोग शामिल हुए.सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

### मरकच्चो में योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को किया गया. इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप JSLPS के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया गया. लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया.रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रति ग्राम कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया.

### फाइलेरिया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**जयनगर (कोडरमा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग व पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में फाइलेरिया जागरूकता अभियान की शुरूआत की गयी. पंचायतों को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोग से पीडित मरीजों के बीच फाइलेरिया से संबंधित चप्पल व एमएम डिपी किट का वितरण किया गया. इस चप्पल के माध्यम से फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्तियों को अपना दैनिक कार्य करने की सलाह दी गयी. फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में मरकच्चो व जयनगर के कुल 50 स्कूलों का डेमो स्कूल रूम में चयन किया गया. मौके पर सुरेश कुमार राणा, बीपीएम शैलेंद्र तिवारी, फाउंडेशन के रविंद्र गिरि, मुखिया कौशर खान, एपीएस शंकर कुमार आदि मौजूद थे.

### जनता दरबार में दर्जनों फरियादियों ने लगायी गुहार

**हजारीबाग ।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया.उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए.प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, अवैध भूमि कब्जा, भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण, विद्यालय में बच्चों का नामांकन, गाली-गलौज, मारपीट जैसी शिकायतें शामिल रहीं.उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं .

उपायुक्त ऋतुराज ने जिले में मादक पदार्थ नियंत्रण समिति की बैठक की

# मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई व जन-जागरूकता पर जोर

**शुभम संदेश । कोडरमा**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मादक पदार्थ नियंत्रण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध व्यापार और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.बैठक के दौरान जप्त मादक पदार्थों के विनष्टिकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने पर चर्चा हुई. संदिग्ध मादक पदार्थों की पहचान के लिए ड्रग डिटेक्शन किट खरीदने की कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया गया, जिससे जल्द से जल्द जांच संभव हो सके.

औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि वे जिले में फार्मासिस्ट दुकानों का नियमित निरीक्षण करें और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में शामिल पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ निलंबन या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई करें.युवाओं और आम जनता के बीच नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक अभियान चलाने पर सहमति बनी. इसके साथ ही सेंटर की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि नशा छुड़ाने वाले लोगों को उचित उपचार एवं परामर्श मिल सके.बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के किसी भी प्रमुख स्थान या केंद्रित क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की सूचना मिलने पर कोटपा एक्ट के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उपायुक्त श्री ऋतुराज ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले को नशामुक्त बनाने के लिए समन्वित और प्रभावी प्रयास करें.

बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, सामान्य शाखा प्रभारी प्रिंस गोडविन कुजूर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# अवैध खनन-परिवहन पर सख्त निगरानी के निर्देश

**शुभम संदेश । कोडरमा**

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में माननीय एनजीटी के आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया कि मानसून सत्र (10 जून से 15 अक्टूबर तक) के दौरान जिले के सभी बालू घाटों से बालू के खनन पर पूर्णतः रोक रहेगी.

उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का बालू खनन अथवा परिवहन न हो, इसके लिए सतत निगरानी की जाए. बैठक में जिले में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये. साथ ही, बालू के अवैध भंडारण की भी जांच कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया. उपायुक्त श्री ऋतुराज ने वन क्षेत्र के अंतर्गत पत्थर, माईका एवं ब्लू स्टोन खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये.

इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित खनन पट्टा धारकों एवं क्रशर इकाइयों की प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया गया. बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.



### मुआवजों, ब्लैक स्पॉट सुधार पर विशेष जोर

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में पूर्व के निर्णयों की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई.बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन के मामलों में मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया का जायजा लिया. जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि दुर्घटना के बाद मिले आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए पीड़ितों या उनके परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान की जाए, जिससे राहत समय पर मिल सके.कोडरमा घाटी में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुरक्षा साइनेज लगाने और ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण कराने के निर्देश दिये गए. दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को जल्दी इलाज उपलब्ध कराने हेतु गुड सेमेरिटन कार्यक्रम के प्रचार के लिए बैनर और पोस्टर विभिन्न जगहों पर लगाने का भी आदेश दिया गया.सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर बल दिया गया. राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्ट्रीट लाइट एवं सुरक्षा साइनेज लगाने के निर्देश भी दिये गए. इसके अतिरिक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी को ऑटो और टोटो वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप आयोजित करने तथा नियमित वाहन जांच अभियान संचालित करने का आदेश दिया गया.उपायुक्त श्री ऋतुराज ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिया कि वे सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी निर्णयों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम हो और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### किशोर ने मासूम बच्चे को जमीन पर पटका, मौत

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में दो बच्चों के बीच हुई लडाई में पांच साल के एक बच्चे की जान चली गई.मृतक बच्चे की पहचान वीरु कुमार भारती के पांच वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में हुई है.बच्चे को मारने का आरोप पाराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया केदार भुईंया व वर्तमान मुखिया रेखा देवी के पुत्र 15 वर्षीय रीशु कुमार और 13 वर्षीय डीसू कुमार पर लग रही है.मृतक बच्चे के पिता वीरु भारती ने बताया कि बुधवार की शाम मेरा पुत्र कार्तिक कुमार पूर्व मुखिया केदार भुईंया के घर में संचालित दुकान से बिस्कुट लाने गया था।, इस दौरान वह राजा भारती के बेटे के साथ खेलने लगा.खेल खेल में दोनों बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया.इसी बीच वहां केदार भारती का पुत्र रिशु कुमार वहां पहुंचा और कार्तिक को उठाकर सड़क किनारे रखा गया पत्थर के छर्री पर पटक दिया.इससे कार्तिक का गर्दन मुड़ गया और वह बेहोश हो गया.आसपास के लोग दौड़े तो देखा कि कार्तिक बेहोश पड़ा हुआ है.उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गुरुवार की सुबह उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया.हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई.इस मामले में मृतक के पिता वीरु भुइंया ने सदर थाना में रीशु कुमार और डीसू कुमार दोनों भाइयों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है, इस बाबत सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है.पुलिस मामले की जांच कर रही है.जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी.

## विहिप की बैठक में पौधरोपण चिकित्सा शिविर पर हुई चर्चा

**शुभम संदेश । जयनगर**



प्रखंड के देशी तावा होटल में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा ने की जबकि संचालन सतीश पांडेय ने संभाला. मुख्य अतिथि विहिप जिला मंत्री पंकज दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की.

पंकज दुबे ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत वृक्षारोपण, मंदिरों की साफ-सफाई और चिकित्सा शिविर का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा. इसके अतिरिक्त 12-13 जुलाई को एक्सलेंट पब्लिक स्कूल, पावरहाउस जयनगर में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा, जिसमें जिला तथा जयनगर प्रखंड और पंचायत के कार्यकर्ता भाग लेंगे. यह प्रशिक्षण सात सत्रों में होगा, जिसमें प्रांत, विभाग एवं पूर्णकालिक पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. अंतिम सत्र में संगठन से संबंधित बोधिक कार्यक्रम होगा.

बैठक में विहिप के जिला कार्यसमिति सदस्य महेश पांडेय, सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. उन्होंने संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया.

मुहर्रम को लेकर तीज़ा खेल प्रतियोगिता आयोजित

## खेल में खिलाड़ियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**शुभम संदेश । जयनगर**



प्रखंड के नईटांड़ पंचायत के पथलकुदवा गांव में हुसैनी क्लब के बैनर तले मोहर्रम पर्व के अवसर पर तीज़ा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी अरमान, मुखिया किशोर साव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, जबकि संचालन पंपस प्रतिनिधि इरशाद आलम ने किया.

खेल प्रतियोगिता में राजा सपोर्टिंग क्लब रघुनियाडीह, केजीएन क्लब देवीटांड़, शाहनवाज क्लब बगड़ो, हुसैनी क्लब मोहगाय एवं चांद क्लब चदरा पिपराडीह ने भाग लिया. इस दौरान खिलाड़ियों ने एक से एक लाठी, तलवार, फरसा, बल्लम सहित अन्य पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजा सपोर्टिंग क्लब रघुनियाडीह को दिया गया जबकि द्वितीय पुरस्कार केजीएन क्लब देवीटांड वहीं तीसरा पुरस्कार शाहनवाज क्लब बगड़ो, हुसैनी क्लब मोहगाय एवं चांद क्लब चदरा पिपराडीह को दिया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी अरमान खान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि मुहर्रम हमें बलिदान, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है. लाठी-डंडे जैसे परंपरागत खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जो आज भी युवाओं में अनुशासन, एकता और साहस को बढ़ावा देते हैं. स्थानीय मुखिया किशोर साव ने कहा कि हमारा पंचायत शुरू से हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए या त्योहार मनाता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंद आईटीआई ताहिर हुसैन, साजन खान, मंसूर अंसारी, मुबारक अंसारी, साबिर खान सहित कई अन्य मौजूद थे.

**कार्रवाई** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चतरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 23.34 किलो अफीम के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**शुभम संदेश .गिद्धौर (चतरा)**



थाना पांडे टोला निवासी 19 वर्षीय संतोष कुमार, पुत्र होरिल दांगी को 23.34 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है.गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।पुलिस अधीक्षक, चतरा को मिली गुप्त सूचना में बताया गया कि गिद्धौर के राजा टांड़ से कोलेश्वरी मंदिर मेला टांड़ जाने वाले रास्ते में कुछ लोग अवैध अफीम की खरीद-बिक्री में लिप्त हैं.सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।टीम ने छापामारी कर कुल 23.34 किलोग्राम अफीम बरामद की और इस मामले में संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया.छापामारी टीम में गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम, पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, विद्यानंद शर्मा और गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।गिद्धौर थाना कांड संख्या 48/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(बी), 22(सी), 27(ए), 28 और 29 के अंतर्गत मामले में संतोष कुमार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध व्यापार को रोकने के लिए सतत निगरानी तेज कर दी है.

### राख लदा ट्रेलर पलटा, चालक की मौत, तीन घायल

**कोडरमा।** कोडरमा घाटी में गुरुवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) से राख (ऐश) लेकर नवादा की ओर जा रहा एक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया. इससे अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गया. हादसा सुबह करीब 9:30 बजे हुआ. इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रेलर में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक चालक की पहचान बिहार के नालंदा जिले के बिहारशरीफ निवासी बच्चू यादव के बेटे 35 वर्षीय मुकेश यादव के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर जैसे ही घाटी के तीखे मोड़ पर पहुंचा, उसका नियंत्रण बिगड़ गया.चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ब्रेक फेल होने के कारण ट्रेलर तेजी से नीचे की ओर फिसलता चला गया और सड़क किनारे पलट गया.ट्रेलर में चालक के अलावा एक खलासी और दो मजदूर भी सवार थे, जो मुकेश यादव से लिफ्ट लेकर नवादा जा रहे थे. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया. डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की हालत स्थिर है. इस घटना के कारण रांची-पटना मुख्य मार्ग पर करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रही. हादसे के बाद कोडरमा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकरयातायात सामान्य कराया. पुलिस द्वारा मृतक चालक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है

### चलती ट्रेन से पति ने पत्नी को दिया धक्का, गंभीर

**रामगढ़।** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के किरीगढा गांव के पास रेलवे लाइन पर एक महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाई गई. घायल महिला की पहचान खुशबू देवी के रूप में हुई है. वह पोल संख्या 124/2 और 124/4 के बीच स्थित एक नाले के पास पड़ी मिली. सुबह ड्यूटी के दौरान रेलवे कर्मी आकाश पासवान ने खुशबू को देखा और तुरंत आरपीएफ को सूचना दी. स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से 108 एंबुलेंस बुलाई गई और खुशबू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खुशबू को उसके पति शंकर कुमार ने चलती बनारस-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन से धक्का दिया था. एक साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था.

## एक नजर



### मुन्ना सिंह ने पीडित परिवार को दिलवाया मुआवजा

हजारीबाग। बहेरी पंचायत के हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की शुक्रवार सुबह जंगली हाथी के हमले में दर्दनाक मौत हो गई. वह शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था, जहां अचानक हाथी ने हमला कर दिया. इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है.घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुंचे. उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और प्रशासन से त्वरित राहत की मांग की. सिंह ने वन विभाग और पुलिस को सूचित कर पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराई और 50,000 की तात्कालिक मुआवज़ा राशि दिलवाई.उन्होंने कहा कि यह केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक चेतावनी है. वन्यजीवों और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष को गंभीरता से लेने की जरूरत है. सिंह ने सरकार से ठोस सुरक्षा योजनाएं बनाने की मांग की, जिनमें चेतावनी प्रणाली, सुरक्षा दीवारें और वन निगरानी टीमों की भूमिका हो.मौके पर मुखिया पप्पू यादव और इम्तियाज आलम समेत कई लोग उपस्थित थे. सिंह ने आश्वासन दिया कि वे पीड़ित परिवार को न्याय और सम्मान दिलाने तक मामले की निगरानी करते रहेंगे.

### कंपनी की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक



**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम उड़सू में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक महाबैठक कर सीसीएल और न्यू कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई.बैठक की अध्यक्षता सूरज उरांव और संचालन कुंदन पासवान ने किया.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने बिना जानकारी दिए 3 जुलाई को ओबी हटाने के कार्य की विधिवत शुरुआत कर दी और झूठा प्रचार किया कि ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित थे.जीवन दास ने चेतावनी दी कि यदि मनमानी नहीं रुकी तो बड़ा आंदोलन कर कार्य को ठप कर दिया जाएगा.बैठक में कहा गया कि पूर्व में कंपनियों ने ग्रामीणों से सहमति लेकर ही कार्य शुरू किया था, लेकिन न्यू कैलिबर कंपनी ने 18 प्रतिशत कम रेट पर ठेका लेकर विस्थापितों की उपेक्षा शुरू कर दी है.ग्रामीणों ने मांग की कि पहले 150 घरों के विस्थापन की प्रक्रिया तय हो, फिर खनन शुरू हो.बैठक में जयराम उरांव, जीवन दास, राजकुमार चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण पुरुष और महिलाएं मौजूद थीं.

### शुरू हुआ ओबी हटाने का कार्य, भू-रैयतों में आक्रोश

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना के तीसरे चरण में कोयला खनन की प्रक्रिया को गति देते हुए ओवरबर्डन (ओबी) हटाने का कार्य गुरुवार से प्रारंभ कर दिया गया है.कैलिबर माइनिंग जेवी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव अग्रवाल और सीसीएल के प्रबंधक एस.के. सिन्हा ने विधिवत पूजन और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया.इस अवसर पर सीसीएल और कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे.इस फेज के तहत 10,206 करोड़ रुपये की लागत से आठ वर्षों में 233.325 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है.जिसमें से 139.99 मिलियन टन कोयला शिवपुर रेलवे साइडिंग तक कंपनी द्वारा ही डिस्पैच किया जाएगा.कार्य शुरू करने से पहले कुल 413.59 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबी हटाया जाएगा.यह पहली बार है जब सीसीएल ने खनन और कोयला डिस्पैच दोनों कार्य एक ही कंपनी को सौंपे हैं.इस परियोजना के तहत कुमड़ांग कला, कुमड़ांग खुर्द और उड़सू गांवों के कुल 900 परिवारों को विस्थापित होना पड़ेगा.वहीं, वन भूमि के उपयोग के लिए 431 हेक्टेयर क्षेत्र के अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए प्रक्रिया जारी है.दूसरी ओर, कार्य शुरू होने से पहले स्थानीय भू-रैयतों को जानकारी नहीं देने और आमंत्रित न करने पर नाराजगी जताई गई है.ग्रामीणों ने रोज़गार और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को लेकर लंबे समय से असंतोष व्यक्त किया है.भू-रैयतों ने कैलिबर कंपनी पर उपेक्षा का आरोप लगाया है.स्थानीय नेता आशुतोष मिश्रा ने सीसीएल से समन्वय स्थापित करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है.

### दस दिनों से लापता युवक का सुराग नहीं, मदद की गुहार



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो गांव निवासी 23 वर्षीय रामबली कुमार 25 जून से लापता है.वह सिरसा (हरियाणा) रोजी-रोटी के लिए निकला था, लेकिन उसी शाम से उसका मोबाइल स्विच ऑफ है.दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है.रामबली के पिता ने 27 जून को थाने में प्राथमिकी (कांड संख्या 20/25) दर्ज कराई, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है.युवक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है.शुक्रवार को उन्होंने चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल से मिलकर आधुनिक तकनीकी माध्यमों से खोजबीन की गुहार लगाई.परिजन अब बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों और हाईवे पर पोस्टर लगाकर बेटे की तलाश कर रहे हैं.रामबली के सिरसा न पहुंचने की पुष्टि वहां के दोस्तों से हो चुकी है.मां ने स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जन्नार्दन पासवान से भी हस्तक्षेप की मांग की है.परिजनों और ग्रामीणों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है.

### मुहर्रम पर्व को लेकर हजारीबाग में मॉक ड्रिल



**हजारीबाग।** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए हजारीबाग पुलिस द्वारा शुक्रवार को खिरगांव चौक पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया.इस दौरान जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही.यह मॉक ड्रिल हजारीबाग में दूसरी बार आयोजित की गई, जो पुलिस-प्रशासन की सतर्कता और गंभीरता को दर्शाता है.हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है.उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाना प्रशासन की प्राथमिकता है.मौके पर उपस्थित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि जिले में मुहर्रम पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं.मॉक ड्रिल के दौरान एसडीओ मयंक भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद, जिले के कई थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे.

### मुहर्रम को लेकर हजारीबाग में निषेधाज्ञा जारी

हजारीबागः मुहर्रम पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के संयुक्त निर्देश परए सडीओ, सदर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है. यह आदेश 4 जुलाई से 8 जुलाई 2025 की रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा.आदेश के तहत बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकालना, डीजे या रिकॉर्डेड संगीत बजाना, धार्मिक स्थलों पर सभा या जलसा करना प्रतिबंधित रहेगा. रात 10 बजे के बाद कोई जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा. सोशल मीडिया पर भड़काऊ कंटेंट शेयर करना वर्जित रहेगा, उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

## मंथन

## समयसीमा का पालन हो और पारदर्शिता भी जरूरी

झारखंड में लंबित शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में है. राज्य में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 26,000 शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित बहाली को लेकर हाई कोर्ट की सख्ती स्वागतयोग्य है. जेएसएससी द्वारा समय-समय पर दिए गए आश्वासनों के बावजूद प्रक्रिया में विलंब होता रहा है. जॉ द्रेज एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि ढिलाई बर्दाश्त नहीं.तीसरे पूरक हलफनामे में जेएसएससी ने माना कि अधिकांश प्रक्रिया पटरी पर है, लेकिन गणित व विज्ञान जैसे विषयों में उम्मीदवारों की कमी चिंता का विषय है. 5,008 रिक्तियों के मुकाबले मात्र 2,734 लोगों का पात्र पाया जाना, राज्य के शैक्षणिक ढांचे व शिक्षक प्रशिक्षण की दशा पर भी सवाल खड़े करता है. चीफ जस्टिस एस रामचंद्र राव द्वारा रिक्त पदों को नई अधिसूचना से भरने का सुझाव व्यावहारिक और दूरगामी है. विशेष रूप से 800 उम्मीदवारों को शो-कॉज़ नोटिस दिया जाना बताता है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और गंभीरता दोनों बेहद आवश्यक है. भविष्य में इस तरह की बाधाओं से बचने के लिए सरकार और जेएसएससी को चयन प्रक्रिया के मानकों को अधिक स्पष्ट और व्यापक बनाना होगा. शिक्षक बहाली जैसे विषय में लापरवाही न केवल योग्य उम्मीदवारों के भविष्य से खिलवाड़ है, बल्कि शिक्षा गुणवत्ता पर भी विपरीत असर डालती है. ऐसे में कोर्ट की निगरानी में चल रही यह बहाली प्रक्रिया पारदर्शिता, समयबद्धता और न्यायसंगत चयन के नए मानक स्थापित कर सकती है- बशर्ते इसे प्रशासनिक इच्छाशक्ति और दूरदृष्टि से क्रियान्वित किया जाए.

## नजरिया

## बरसात में महंगी थाली, ऐसे सब्जी संकट पर नीति जरूरी

राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में झमाझम बारिश ने जहां लोगों को राहत पहुंचाई है, वहीं इसके प्रतिकूल प्रभाव भी सामने आने लगे हैं. खेतों में पानी भरने और फसलें बर्बाद होने से सब्जियों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है. जो सब्जियां पहले 15-20 रुपए किलो मिल रही थीं, वे अब 60 से 100 रुपए किलो तक बिक रही हैं. टमाटर, नेनुआ, धनिया जैसी हरी सब्जियां अब मध्यम वर्ग की पहुंच से भी बाहर होती जा रही हैं. जब खरीद महंगी होगी, तो खुदरा दाम भी बढ़ना तय है. यह स्थिति केवल ग्राहकों ही नहीं, बल्कि खुदरा व्यापारियों के लिए भी संकटपूर्ण बन गई है. यह संकट केवल मौसमी नहीं है, बल्कि झारखंड में कृषि उपज की निर्भरता, भंडारण सुविधाओं की कमी, और बाजारों में आपूर्ति श्रृंखला के असंतुलन को भी उजागर करता है. बारिश हर साल होती है, लेकिन अगर उससे सब्जियां संकट में आ जाएं, तो यह प्रशासनिक व नीतिगत विफलता का संकेत है. सरकार को चाहिए कि आपदा के समय किसानों की फसल क्षति का त्वरित मुआवजा सुनिश्चित करे, साथ ही मंडियों में आपूर्ति और कीमतों की निगरानी के लिए तंत्र सक्रिय करे. शहरी ग्राहकों को राहत देने के लिए मूल्य नियंत्रण नीति और वैकल्पिक वितरण माध्यमों पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. सब्जियां केवल खाद्य वस्तु नहीं, पोषण का आधार भी हैं. उनकी पहुंच से दूरी का मतलब है, जनस्वास्थ्य पर खतरा. ऐसे में सब्जियों की कीमतों पर नियंत्रण सिर्फ आर्थिक नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी भी है.

# झारखंड में किसानों की आय वृद्धि की नई राह

रोहन प्रसाद गुप्ता

**झारखंड में आधुनिक खेती के जरिए किसानों की हालत सुधारी जा सकती है.**



झारखंड जैसे राज्य में कृषि आजीविका का मुख्य स्रोत है, लेकिन परंपरागत फसलों पर अत्यधिक निर्भरता और सीमित बाजार विकल्पों के कारण किसानों की आय स्थिर बनी हुई है. बदलती जलवायु परिस्थितियों और सीमित जोत भूमि की चुनौतियों के बीच बागवानी फसलें-जैसे फल, सब्ज़ियां, फूल, मसाले एवं औषधीय पौधे-किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही हैं. बागवानी फसलों के माध्यम से किसान कम समय में अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं. रूफटॉप गार्डनिंग, हाइड्रोपोनिक खेती और माइक्रोग्रीन्स जैसे नवाचारों से कम भूमि और जल संसाधन में उच्च उत्पादन संभव है. इससे महिलाओं और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित होते हैं. बागवानी न केवल पोषण सुरक्षा देती है बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाती है.

झारखंड की जलवायु, मिट्टी और वर्षा की स्थिति बागवानी फसलों की खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त है. यहां की लाल बलुई दोमट मिट्टी, गर्म व आर्द्र उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु और 1000 से 1400 मिमी तक की वार्षिक वर्षा अनेक फसलों की सफल खेती में सहायक होती है. इस क्षेत्र में सब्जियों में भिंडी, लौकी, करेला, परवल, सेम, टमाटर, मिर्च, गोभी, फूलगोभी, पालक, मेथी, मटर, खीरा, ककड़ी आदि को आसानी से उगाया जा सकता है, जो अलग-अलग ऋतुओं में उपलब्ध रहते हैं. फलों में आम, कटहल, पपीता, अमरूद, केला, नींबू, करौंदा, जामुन, लीची और बेल जैसे फल कम देखभाल में अच्छा उत्पादन देते हैं और बाजार में इनकी अच्छी मांग रहती है.फूलों की खेती भी झारखंड में तेजी से उभर रही है-गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा और ग्लैडियोलस जैसे फूल धार्मिक, सजावटी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से लाभदायक हैं. मसालों और औषधीय पौधों की बात करें तो हल्दी, अदरक, तुलसी, अश्वगंधा और सर्पगंधा जैसे पौधों की खेती किसानों के लिए कम लागत में अधिक आय का स्रोत बन सकती है. इन फसलों की खास बात यह है कि ये कम सिंचाई, सीमित संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान के साथ भी अच्छी उपज देती हैं. यदि किसानों को वैज्ञानिक तरीकों और बाजार तक पहुंच की सुविधा मिल जाए, तो झारखंड बागवानी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ सकता है. बागवानी फलों की फसलों के साथ एग्रोफॉरेस्ट्री का एकीकरण एक ऐसी कृषि प्रणाली है जिसमें फलदार पौधों के साथ-साथ लकड़ी, चारा या औषधीय पेड़-पौधे भी एक ही खेत में उगाए जाते हैं. यह एक स्थायी और लाभकारी मॉडल है, जो किसानों को लघु अवधि (सब्ज़ी, फल) और दीर्घ अवधि (लकड़ी, बांस, चारा) में आय प्रदान करता है.

उदाहरण के लिए, आम या अमरूद के बागान के बीच में नीम, शीशम, सहजन, तुलसी, या लेमन ग्रास जैसे पौधों को लगाया जा सकता है. इससे भूमि का बेहतर उपयोग होता है, मृदा कटाव कम होता है, नमी बनी रहती है, और किसानों को विविध स्त्रोतों से आय प्राप्त होती है. इसके साथ ही यह प्रणाली जैव विविधता को बढ़ावा, कार्बन संधारण और जलवायु अनुकूलन में भी मदद करती है. झारखंड जैसे राज्य में जहां भूमि की उपलब्धता सीमित है, वहां यह मॉडल विशेष रूप से उपयोगी है. झारखंड में बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई नवाचारात्मक मॉडल सफलतापूर्वक अपनाए जा रहे हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक हैं. इनमें एकीकृत फल-बागवानी मॉडल प्रमुख है, जिसमें आम, अमरूद, नींबू जैसे फलों के साथ अंतरवर्तीय फसलें जैसे हल्दी, अदरक या सब्जियाँ उगाई जाती हैं. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप न्यूट्रिशन गार्डन मॉडल के माध्यम से महिलाएं छत पर पालक, मेथी, टमाटर आदि उगाकर पोषण और आय दोनों प्राप्त कर रही हैं. वहीं, हाइड्रोपोनिक खेती और माइक्रोग्रीन्स उत्पादन जैसे आधुनिक मॉडल कम स्थान में कम समय में अधिक आय प्रदान कर रहे हैं, जो विशेष रूप से युवाओं को स्वरोजगार की ओर आकर्षित कर रहे हैं. इसके अलावा ड्रिप सिंचाई आधारित सब्ज़ी उत्पादन मॉडल जल-संरक्षण और सूखा प्रभावित क्षेत्रों में लाभकारी सिद्ध हो रहा है. ये सभी मॉडल झारखंड में सतत कृषि और ग्रामीण आजीविका को नया आयाम दे रहे हैं.

**झारखंड में बागवानी को वैज्ञानिक तरीके से अपनाने का मार्ग अब प्रशस्त हो रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं. यदि संसाधनों को अपनाया जाए, तो झारखंड बागवानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा.**

झारखंड में बागवानी फसलों के उत्पादन और खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्र सरकार कई योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को समर्थन प्रदान कर रही है. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत किसानों को फलों, सब्ज़ियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की खेती के लिए बागवानी विकास, पौधशाला, ड्रिप सिंचाई, शेड नेट, पैक हाउस आदि पर अनुदान दिया जाता है. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाने हेतु सब्सिडी दी जाती है जिससे जल की बचत के साथ बेहतर उत्पादन संभव होता है. इसके अलावा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीकेएस) के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और नवाचारों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है. महिला समूहों और युवाओं के लिए विशेष योजनाएं चल रही हैं जैसे पॉलीहाउस, माइक्रोग्रीन्स और रूफटॉप गार्डनिंग में सहयोग. इन सरकारी प्रयासों से झारखंड में बागवानी को वैज्ञानिक तरीके से अपनाने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं. यदि इन संसाधनों का समुचित उपयोग कर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया जाए, तो झारखंड निकट भविष्य में बागवानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, नवोन्मेषी और समृद्ध राज्य बन सकता है. **( लेखक- पीएचडी (शोधार्थी), कृषि प्रसार एवं संचार विभाग, आईएएस, बीएचयू हैं.)**

## आज का इतिहास

1658 : मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया.
1922 : नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए.
1950 : नये कानून के तहत सभी यहूदियों को इस्राइल में रहने की अनुमति दी गयी.
1954 : बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया.
1959 : इंडोनेशिया में संविधान बहाल हुआ.
1960 : मंगोलिया ने संविधान अपनाया.
1968 : भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची.
1977 : जनरल जिया उल-हक के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना ने तख्ता पलट कर देश के शासन पर कब्जा किया.
1994 : जेफ बेजोस ने ई-कॉमर्स वेबसाइट ऐमजॉन की स्थापना की.
2013 : इराक की राजधानी बगदाद की एक मस्जिद पर हुए बम हमले में 15 लोगों की मौत.

## कोई भी बदलाव खुद से होता है, दुनिया भर से नहीं

### चिंतन

रोहित 8वीं कक्षा का छात्र था. वह शहर के साधारण मोहल्ले में रहता था, जहां बिजली के खंभे तो थे पर लाइट सालों से खराब थी और बार-बार कंप्लेंट करने पर कोई उन्हें ठीक नहीं करता था. रोहित आने - जाने वाले लोगों को अंधेरे में परेशान देखता, उसके दिल में आता कि वो कैसे समस्या को दूर करे. इसके लिए वो जब किसी से कहता तो सब इसे सरकार की लापरवाही कह कर टाल देते. एक दिन रोहित कहीं से एक लंबा सा बांस और बिजली का तार लाकर उसे अपने घर के सामने गाड़कर उसपे बल्ब लगाने लगा. लोगों ने देखा तो पूछा, अरे तुम ये क्या कर रहे हो? मैं एक बल्ब जलाने का प्रयास कर रहा हूं? रोहित बोला. अरे इससे क्या होगा, अगर तुम बल्ब लगा भी लोगे तो पूरे मोहल्ले में प्रकाश थोड़े ही फ़ैल जाएगा, आने जाने वालों को तब भी तो परेशानी होगी ही. पड़ोसियों ने सवाल उठाया.

रोहित बोला, आपकी बात सही है, पर ऐसा कर के मैं कम से कम अपने घर के सामने से जाने वाले लोगों को परेशानी से तो बचा पाऊंगा. और ऐसा कहते हुए उसने बल्ब वहां टांग दिया.

रात को जब बल्ब जला तो बात पूरे मोहल्ले में फ़ैल गयी. एक-दो दिन बीते तो लोगों ने देखा की कुछ और घरों के सामने लोगों ने बल्ब टांग दिए हैं. फिर क्या था पूरा मोहल्ला जगमग हो उठा. एक छोटे से लड़के के एक कदम ने इतना बड़ा बदलाव ला दिया था कि धीरे-धीरे पूरे शहर में ये बात फ़ैल गयी, अखबारों ने भी इस खबर को प्रमुखता से छापा और अंततः प्रशाशन को भी अपनी गलती का अहसास हुआ और स्ट्रीट-लाइट्स को ठीक करा दिया गया.

दोस्तों, हम बस इसलिए अच्छे काम को करने में संकोच कर जाते हैं क्योंकि हमें उससे होने वाला बदलाव बहुत छोटा प्रतीत होता है. पर हकीकत में हमारा छोटा सा कदम बड़ी क्रांति का रूप लेने की ताकत रखता है. हमें वो काम करने से नहीं चूकना चाहिए जो हम कर सकते हैं. कहानी में भी अगर रोहित के उस स्टेप की वजह से पूरे मोहल्ले में रौशनी नहीं भी हो पाती तो भी उसका कदम उतना ही महान होता जितना की रौशनी हो जाने पर है. हमें भी इंतज़ार नहीं करना चाहिए बल्कि, जैसा कि गांधी जी ने कहा है, हमें खुद वो बदलाव बनना चाहिए जो हम दुनिया में देखना चाहते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. स्वामी विवेकानंद
2. $FRIC
3. #FridayFitness
4. #SwamiVivekananda
5. Jane Street
6. Health Tips
7. भारतीय संस्कृति
8. Ancient Wisdom
9. Balance In Life
10. #SanatanDharma

# बहुरंग





## मेकर्स ने दिखाई 'रामायण' की पहली झलक रणबीर और यश को देख फैंस हुए रोमांचित

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का अब इंतजार खत्म हुआ है, क्योंकि आखिरकार 'रामायण' का पहला वीडियो जारी कर दिया गया है. इस झलक में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में बेहद प्रभावशाली लग रहे हैं और उनके अवतार को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं. 'रामायण' में कलाकारों की शानदार कास्टिंग ने दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है. इस फिल्म में सुपरस्टार यश रावण के दमदार किरदार में नजर आएंगे और टीजर में उन्हें रणबीर कपूर के साथ आमने-सामने देखा जा सकता है. रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में अपने शक्तिशाली अंदाज में नजर आएंगे. विजय सेतुपति विभीषण की भूमिका में दिखाई देंगे, वहीं रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रूप में एक नई छवि में नजर आएंगी. इसके अलावा अरुण गोविल राजा दशरथ का किरदार निभा रहे हैं और कुणाल कपूर भगवान इंद्र की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म की स्टारकास्ट को देखकर यह साफ है कि नितेश तिवारी की 'रामायण' एक भव्य और ऐतिहासिक अनुभव देने वाली है. नितेश तिवारी की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि दो भागों में दर्शकों के सामने आएगी. पहला भाग दिवाली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा. खास बात यह है कि सुपरस्टार यश न सिर्फ रावण की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि इस प्रोजेक्ट से बतौर सह-निर्माता भी जुड़े हुए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रामायण' का बजट लगभग 835 करोड़ रुपये है, जो इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बना देता है. इस भव्य प्रोजेक्ट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और इसके हर अपडेट को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

## करण जौहर की फिल्म नागजिला में लीड रोल निभाएंगे राजकुमार राव

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच, अब एक और बड़ी खबर सामने आई है. राजकुमार राव ने अपनी अगली फिल्म के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ हाथ मिला लिया है. आने वाले समय में राजकुमार कई दमदार किरदारों में नजर आने वाले हैं.

बॉलीवुड रिपोर्ट्स के अनुसार कार्तिक आर्यन के साथ 'नागजिला' बनाने के बाद अब करण जौहर एक बिलकुल अनोखी क्रिएचर फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें लीड रोल के लिए राजकुमार राव को कास्ट



किया गया है. इस प्रोजेक्ट का निर्देशन संदीप मोदी कर रहे हैं, जिन्होंने अब तक अपने थ्रिलर शैलियों से दर्शकों का ध्यान खींचा है. दिलचस्प बात यह है कि राजकुमार और करण पहले भी 'मिस्टर एंड माही' (2024) के सेट पर साथ काम कर चुके हैं, जहां राजकुमार की को-स्टार जाह्नवी कपूर थीं. अब दोनों की जोड़ी एक बार फिर नए और चुनौतीपूर्ण विषय के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है.

राजकुमार ने संदीप मोदी के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता जताई है और बताया है कि यह फिल्म उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव साबित होगी.

फिल्म की कहानी अभी लिखी जा रही है और निर्देशक संदीप मोदी ने प्री-प्रोडक्शन का काम भी शुरू कर दिया है. यह क्रिएचर थ्रिलर नवंबर में शूटिंग शुरू करेगी और 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक देगी. खबर है कि राजकुमार राव को इस प्रोजेक्ट के लिए 12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी फीस मानी जा रही है.

## अक्षय-सैफ की जोड़ी प्रियदर्शन की फिल्म में फिर करेगी धमाल



अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी करीब 17 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है. दोनों सितारे एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं, जिन्होंने 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया' और 'दे दना दन' जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय कुमार, सैफ अली खान और निर्देशक प्रियदर्शन की अपकमिंग फिल्म का नाम 'हैवान' रखा गया है. मेकर्स का कहना है कि यह टाइटल फिल्म की कहानी के साथ पूरी तरह मेल खाता है. बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और इसकी शूटिंग अगस्त 2025 से शुरू की जाएगी. अगर सब कुछ वक्त पर हुआ, तो यह फिल्म अगले साल के मध्य तक रिलीज हो सकती है. अक्षय और सैफ को आखिरी बार साल 2008 में रिलीज़ हुई फिल्म 'टशन' में एक साथ देखा गया था. इस एक्शन-ड्रामा फिल्म में करीना कपूर और अनिल कपूर ने भी प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं और इसका निर्देशन विजय कृष्ण आचार्य ने किया था. अक्षय और सैफ की जोड़ी ने 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' (1994), 'ये दिल्लगी' (1994), 'तू चोर मैं सिपाही' (1996) और 'कीमत' (1998) जैसी कई हिट और कल्ट क्लासिक फिल्में बॉलीवुड को दी हैं, जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था.

## दुनिया में छाया आमिर का जादू, सितारे जमीन पर ने पार किया 200 करोड़ का आंकड़ा




आमिर खान की स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब भी दर्शकों के बीच इसकी जबरदस्त पकड़ बनी हुई है.

फिल्म को पहले ही सुपरहिट घोषित किया जा चुका है, और दूसरे हफ्ते में भी इसका जादू बरकरार है. 'सितारे जमीन पर' न सिर्फ दर्शकों का दिल जीत रही है, बल्कि लगातार कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी तोड़ रही है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 2.75 करोड़ रुपये की कमाई की है. इस कमाई के साथ फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 132.90 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है. सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस फिल्म का जादू कायम है. अब तक दुनियाभर में 'सितारे जमीन पर' ने कुल 208 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है. मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि फिलहाल इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस से हिलाना बेहद मुश्किल है.'सितारे जमीन पर' में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है. फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं. इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है. आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है.

### बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## बजरंगी भाईजान के बाद साउथ की फिल्मों में दिखेगी मुन्नी



कबीर खान के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म 'बजरंगी भाईजान' आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाए हुए है. 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म में सलमान खान और करीना कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन जिस किरदार ने सबसे ज्यादा दिल जीते, वो थी छोटी मुन्नी, जिसे निभाया था हर्षाली मल्होत्रा ने. अपनी मासूमियत और सादगी से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली हर्षाली एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं. हाल ही में उनकी अगली फिल्म की घोषणा हुई है, जिसमें वह एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगी. बजरंगी भाईजान में मुन्नी बनकर सबका दिल जीतने वाली हर्षाली मल्होत्रा एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं. उस फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया था और क्रिटिक्स ने भी जमकर तारीफ की थी. अब हर्षाली एक साउथ फिल्म के जरिए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं. हर्षाली जल्द ही 'अखंडा-2' में नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं. फिल्म में साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण लीड रोल में नजर आएंगे. हाल ही में हर्षाली का इस फिल्म से फर्स्ट लुक जारी हुआ है. 'अखंड-2' की घोषणा के बाद हर्षाली मल्होत्रा चर्चा में आ गई हैं. बजरंगी भाईजान के बाद अब हर्षाली इस बड़े बजट के प्रोजेक्ट में नजर आएंगी. यह फिल्म दशहरे के शुभ अवसर पर यानी 25 सितंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम जैसी 5 भाषाओं में रिलीज होगी. इस फिल्म के जरिए हर्षाली मल्होत्रा करीब 10 साल बाद एक्टिंग फील्ड में वापसी कर रही हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे. शुभांक-2-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. शुभांक-2-4-5

**मिथुन :** राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-6-8-9

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. आत्मचिंतन करें. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. शुभांक-3-6-8

**सिंह :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. पुराने मित्र से मिलन होगा. विवाद को टालें. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. शुभांक-1-4-6

**तुला :** आलस्य का त्याग करें. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शुभांक-2-5-7

**धनु :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-3-6-8

**मकर :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शुभांक-3-5-7

**मीन :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-3-5-7

## ब्रीफ न्यूज

### गुमला में दो सड़क दुर्घटनाएं, चार लोग घायल

**गुमला।** शुक्रवार को गुमला जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल चार लोग घायल हो गए. सभी घायलों को गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. पहली दुर्घटना चंदाली के समीप हुई, जहां शशि महली और लक्षु महली बाइक से गिरकर घायल हो गए. हादसे के वक्त दोनों किसी कार्य से बाहर निकले थे. उनके पीछे आ रहे परिवार के अन्य सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को अस्पताल पहुंचाया. दूसरी घटना नेशनल हाइवे पर खोरा के पास घटी. यहां भकुआटोली गांव के रहने वाले सुखराम उरांव और अजय उरांव किसी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए.

### हिमाचल प्रदेश से आरोपी व नाबालिग किशोरी बरामद

**गुमला।** नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में कुरुमगढ़ थाना की पुलिस ने आरोपी बांधा असुर को नाबालिग किशोरी के साथ हिमाचल प्रदेश से हिरासत में लिया है. ज्ञात हो कि नाबालिग किशोर को भगा ले जाने के संबंध में उसका भाई ने कुरुमगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराया था. तकनीकी अनुसंधान में पुलिस ने लगभग तीन सप्ताह के भीतर आरोपी युवक बांधा असुर और किशोरी को हिमाचल प्रदेश से बरामद किया और युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. जबकि किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष 164 का बयान कराया गया. है और उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया.

### आदर्श विद्या निकेतन में पाठ्य सामग्री का वितरण

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत बचरा दक्षिणी पंचायत स्थित आदर्श विद्या निकेतन में सीएसआर योजना के तहत स्कूली बच्चों को स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद रहीं. उन्होंने विद्यालय के कुल 72 बच्चों को बैग व सामग्री वितरित की. मुखिया रीना देवी ने कहा कि यह विद्यालय कम शुल्क में गरीब और असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है. ऐसे में इस सहयोग से बच्चों और शिक्षकों के बीच उत्साह देखने को मिला. उन्होंने बच्चों से नियमित स्कूल आने, स्वच्छता बनाए रखने और पढ़ाई में मन लगाने की अपील की. साथ ही उन्होंने बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी.

### हड़ताल को लेकर 6 से शुरू होगी गेट मीटिंग्स

**पिपरवार।** आगामी 9 जुलाई को केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर आयोजित होने वाली एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए पिपरवार संयुक्त मोर्चा पूरी तरह तैयार है. इस उद्देश्य से क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में गेट मीटिंग, पीट मीटिंग और आम सभाओं का कार्यक्रम तय किया गया है. सूचना के अनुसार, रविवार 6 जुलाई को सुबह 8 बजे अशोक परियोजना पीट ऑफिस और 9:30 बजे अशोक परियोजना वर्कशॉप में गेट मीटिंग होगी. सोमवार 7 जुलाई को सुबह 8 बजे सीएचपी/सीपीपी पिपरवार और पिपरवार वर्कशॉप में बैठक के बाद मजदूर डकरा बीआईपी क्लब में कन्वेंशन में भाग लेने जाएंगे. मंगलवार 8 जुलाई को सुबह 6 बजे अशोक परियोजना पीट ऑफिस में मीटिंग होगा.

### जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोले डीसी

# खेल से मिलती है टीम भावना व अनुशासन की सीख

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

जिले के समाहरणालय मैदान में 64वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ उपायुक्त डॉ. ताराचंद द्वारा किया गया. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया. इसके पश्चात उन्होंने किस्को और लोहरदगा की अंडर-17 बालक वर्ग की टीमों से परिचय प्राप्त किया



और मैच का टॉस भी कराया. अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिले में फुटबॉल के प्रति युवाओं का जुनून अत्यंत प्रेरणादायक है. यहां के लगभग हर गांव में युवा फुटबॉल खेलते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह खेल जिले की संस्कृति का हिस्सा बन चुका है.

उन्होंने बताया कि पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण कराया गया है और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं. आगे भी जिला प्रशासन खेल विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा. उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज खेल सिर्फ शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और लक्ष्य की प्राप्ति की शिक्षा देने वाला माध्यम बन चुका है. उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में खेल के क्षेत्र में भी कॅरियर की असीम संभावनाएं हैं. लोहरदगा के युवाओं में अपार प्रतिभा छिपी हुई है, जिसे उचित मंच और अवसर प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जा सकता है. कार्यक्रम में खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक शामिल हुए.

# सरकारी नौकरी पाने की लालच में सौतेले भाई की हत्या, चार गिरफ्तार

**शुभम संदेश। गुमला**

गुरदारी थाना क्षेत्र के चटकपुर में 22 वर्षीय युवक विवेक उरांव का गला दबाकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में बनारी गुंगाटोली निवासी रितीक उरांव, नरमा नामुदाग निवासी अशोक खेरवार, गुंगाटोली निवासी बसंती उरांव, बनारी निवासी राकी बरवा के नाम शामिल है. थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के अनुसार मृतक विवेक उरांव हत्यारोपी रितीक का सौतेला भाई है. हत्या के प्राथमिक अभियुक्त रितीक ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि पिता स्व विजय उरांव के बदले सरकारी नौकरी की लालच में अपनी सौतेली मां बसंती देवी, पिता अशोक खेरवार और दोस्त राकी बरवा के साथ मिलकर विवेक का गला दबाकर हत्या कर दी थी. इस संबंध में कमला कच्छप ने गुरदारी थाना में शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराया है.



### पोक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत

**सिमडेगा।** टीटांगर थाना क्षेत्र निवासी सूरज राम को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. यह मामला टीटांगर थाना कांड संख्या 41/25, दिनांक 03.07.2025 को दर्ज किया गया, जिसमें बीएनएस और पोक्सो एक्ट की धारा 4/6/8 के तहत केस दर्ज हुआ है. पीड़िता की मां द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज इस मामले की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी और पीड़िता पिछले एक वर्ष से प्रेम संबंध में थे. वर्तमान में पीड़िता लगभग छह माह



की गर्भवती है. मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई और सूरज राम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच जारी है.

## गोली कांड का उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**शुभम संदेश। गुमला**

जमीन विवाद को लेकर भरनो थाना क्षेत्र के बरंदा में गुरुवार की रात चली गोली कांड मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में शैलेश कुमार साहु 43 वर्ष कोर्ट रोड लोहरदगा, आनंद कुमार साहू 41 वर्ष मेन रोड भंडरा, लोहरदगा और सूरज कुमार साहू 23 वर्ष, ग्राम बरन्दा, भरनो गुमला के नाम शामिल हैं. पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक सिक्सर रिवाल्वर, चार खाली खोखा, रिवाल्वर का 23 जिन्दा गोली, घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल आदि जब्त किया है. आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है. जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात बरंदा गांव निवासी हेमंत साहू 33 वर्ष को अपराधियों ने तीन गोली मारी. परिवार जनों के सहयोग से घायल हेमंत का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया गया जहां पुलिस ने घायल हेमंत का बयान दर्ज किया.

दर्ज बयान और एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया. एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सिसई अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह, भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, एसआई अभिनंदन कुमार, मंटू चौधरी, अर्जुन कुमार यादव, विजय लकड़ा आदि ने जवानों के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का उदभेदन किया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. एसपी हरीश बीन जमा के अनुसार इस गोली कांड में और भी लोग शामिल हैं जिसे गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है.

## लोहरा समाज की दशा और दिशा में होगा सुधार: बंधु तिर्की



**शुभम संदेश। लापुंग**

प्रखंड मुख्यालय सभागार में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उत्थान को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गई. बैठक की अध्यक्षता सुखदेव लोहरा ने की और संचालन शिवचरण लोहरा ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि लोहरा समाज के हक और अधिकार के लिए वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि समाज के बच्चों को जाति और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं मिलने से शैक्षणिक कार्यों में बाधा आ रही है, परंतु अब इस दिशा में समाधान निकाला गया है. बंधु तिर्की ने बताया कि अंचलाधिकारी से बातचीत हो चुकी है और जिला उपायुक्त ने उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रमाण पत्र बनाने के आदेश जारी किए हैं. उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने की अपील की. साथ ही यह भी कहा कि लोहरा समाज की दशा और दिशा में बदलाव लाने के लिए उन्हें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया जाएगा. इस मौके पर उपाध्यक्ष बसंत लोहरा, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र लोहरा, उप सचिव मुनेंद्र लोहरा सहित कई वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी. कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, प्रमुख कंचन उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग की बैठक आयोजित

**शुभम संदेश। सिमडेगा**

जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विभाग के जिला अध्यक्ष विजय बड़ाईक ने की. बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में जिले के सभी दस प्रखंडों में संगठन के पुनर्गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. इसी क्रम में दिनांक 04 जुलाई 2025 को सिमडेगा प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया. इस दौरान पूर्व जिला कोषाध्यक्ष के स्थान पर विक्रांत तिर्की को नया जिला



कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि सिमडेगा सदर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की जगह राहुल कुमार टेटे को नया प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया.

बैठक में जिला प्रवक्ता सह सोशल मीडिया चेयरमैन रंधीर रंजन, जिला महासचिव अनुकेत मिंज, मीडिया प्रभारी राकेश यादव, विधानसभा प्रभारी अतीत टोप्पो, प्रखंड उपाध्यक्ष बीरेंद्र कैथवार, जिला सचिव अर्जुन साहू तथा अरमान जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे. बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा.

## असंगठित मजदूरों के समर्थन में धरना पांचवें दिन भी जारी

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समीप बचरा रेलवे साइडिंग पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा. इस धरने में कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने भी भाग लिया और मजदूरों की मांगों का समर्थन किया. फुलेश्वर बैठा ने कहा कि सीसीएल को कोयला खनन के लिए जमीन देने वाले स्थानीय ग्रामीणों को अब अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. उन्होंने बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ दिए जाने की मांग को जायज ठहराया और कहा कि हेम्स कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है और कोयला खनन तथा ट्रांसपोर्टिंग का काम ठप किया जाएगा. धरना में शांतिपूर्ण ढंग से बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हैं. गौरतलब है कि यह धरना 30 जून से शुरू हुआ है.

## भंडरा में हुसैनी मुहर्रम मेला की तैयारियां चरम पर



**शुभम संदेश। भंडरा**

लोहरदगा जिले के भंडरा बाजारटांड में ऐतिहासिक हुसैनी मोहर्रम मेला सह अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. यह भव्य आयोजन सोमवार दोपहर एक बजे के बाद शुरू किया जाएगा. भंडरा हुसैनी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मंसूर अंसारी के नेतृत्व में तैयारियाँ जोरों पर हैं. कमेटी के सदस्य विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दे रहे हैं और मेले में अधिक से अधिक लोगों को समय पर आने का आमंत्रण दिया जा रहा है. कमेटी के मीडिया प्रभारी शकील अहमद ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जिले और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक और खिलाड़ी मेले में भाग लेने पहुंचते हैं. मुहर्रम, जो कि गम और मातम का इस्लामिक पर्व है, 7 जुलाई को मनाया जाएगा. इसी मौके पर भंडरा बाजार टांड में मेला और अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता आयोजित होगी. विजयी खिलाड़ियों को इनाम भी दिए जाएंगे. आयोजन स्थल का निरीक्षण कमेटी के सदस्यों नौशाद अंसारी, तबरेज अंसारी, मखदूम अमीन अंसारी और रहीम अंसारी ने किया.

## गुमला मुख्यालय में नहीं निकलेगा मुहर्रम का जुलूस



**शुभम संदेश। गुमला**

जिला मुख्यालय में मुहर्रम का का जुलूस नहीं निकलेगा जबकि ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांवों में मुहर्रम का जुलूस के साथ ताजिया मिलान व करतब प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा. यह जानकारी शुक्रवार को नगर भवन, गुमला में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित व पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की अध्यक्षता में संपन्न आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में अंजुमन कमेटी के अधिकारियों ने दी. मुहर्रम का पर्व छह जुलाई दिन रविवार को होगा. उसी दिन जगन्नाथ महाप्रभु की पूजन दर्शन और घुरती रथ मेला भी है. दोनों त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. उपायुक्त ने कहा कि शांति और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. अधिकारी अपने क्षेत्रों में सजगता पूर्वक अपनी दायित्व का निर्वहन करें.गुमला एक शांतिपूर्ण जिला रहा है. फिर भी प्रशासन को सदैव अलर्ट रहना है. पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने पर्व त्योहार के लिए हाई कोर्ट से जारी दिशा-निर्देश एवं सरकारी गाइड लाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया. सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसपी ने अधिकारियों को कार्बला, इमामबाड़ा, मंदिर एवं मस्जिदों की जांच करने आदि की जानकारी दी.

## अतिक्रमण हटाने के विरोध में दुकानदारों से हाथापाई

**शुभम संदेश। गुमला**

जशपुर रोड स्थित डेली मार्केट में शुक्रवार को एक बार फिर से हाई वाल्टेज ड्रामा चला. रिमझिम वर्षा के बीच नगर परिषद के अधिकारी और कर्मियों ने डेली मार्केट में लगे दुकानों को हटाने का आदेश दे दिया. जबरन दुकान हटवाने पर दुकानदार और नगर परिषद कर्मियों क बीच हाथापाई भी हो गई. जिसके विरोध में सब्जी दुकानदारों ने रोड पर उतर कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे. प्रदर्शन के कारण आवागन बाधित हो गया. वर्षा के कारण महिलाएं छाता लेकर रोड पर प्रदर्शन कर रही थी. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से बहस होने लगा. नगर परिषद की ओर से अधिकारी कर्मचारी और पुलिस तथा दुकानदारों की ओर से राजनीतिक सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन के लोग उतर गए. चेंबर आफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता रमेश कुमार चीनी ने कहा



कि नगर प्रशासन के ठेकेदार प्रत्येक दिन दुकानदारों से टैक्स लेता है. इसलिए यह दुकान अवैध नहीं हो सकता है. उधर प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि नगर प्रशासन बरसात में गरीबों को परेशान कर अन्याय कर रही है. यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सब्जी दुकान से गरीबों का रोजी रोटी चल रहा है. प्रशासन और सब्जी विक्रेताओं के हाई वाल्टेज ड्रामा के कारण डेली मार्केट कीचड़ में तब्दील हो गया. शुक्रवार को कुछ देर के लिए दुकान नहीं लगी. शाम में कुछ दुकाने खुलने लगी थी.

## एक नजर

### युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने वीर योद्धाओं को किया सम्मानित



**लोहरदगा।** हाल ही में मूसलधार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया था. कई पुलों के ऊपर से पानी तेज बहाव में बह रहा था, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की एडवाइजरी जारी की थी. इसी दौरान लोहरदगा शहरी क्षेत्र का एक युवक, राज प्रकाश, बरही और केन्द्रीय विद्यालय के बीच एक पुल पार करने के दौरान अपनी बाइक समेत बहने लगा. इस संकट की सूचना मिलते ही भंडरा प्रखंड के युवाओं—ताज अंसारी, फिरोज अंसारी, शकील अंसारी और आफताब आलम—ने बिना देर किए रस्सी लेकर मौके पर पहुंचकर जान की परवाह किए बिना कमर में रस्सी बांधकर युवक की जान बचाई. इस साहसिक कार्य के लिए इन युवाओं को सांसद सुखदेव भगत के आवास पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और ओडिशा प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत ने साल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया. इस मौके पर अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि इन युवाओं ने मानवता और बहादुरी की मिसाल पेश की है. "आप लोग असली हीरो हैं और पूरे लोहरदगा को आप पर गर्व है," उन्होंने कहा. सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद ने प्रशासन से मांग की कि 15 अगस्त को इन वीरों को भी सम्मानित किया जाए. कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें मनोज तिर्की, सोनू कुरैशी, गुलाम जिलानी, आजाद अंसारी, संदीप उरांव, अमित उरांव, सलमान अंसारी आदि शामिल थे.

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**नामकुम।** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण से हुई. सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय की प्राचार्य ज्योति कुमारी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए. इस अवसर पर आरडीएस पब्लिक स्कूल और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी अपने विचारों और सिद्धांतों के लिए स्मरणीय हैं. उन्होंने जीवन के लिए पांच मूल मंत्र दिए - लक्ष्य निर्धारण, एक समय में एक कार्य, जीवनभर सीखते रहना, नारी सम्मान और दूसरों के प्रति करुणा. इन सिद्धांतों को अपनाकर युवा अपना जीवन सफल बना सकते हैं. विद्यालय की प्राचार्य ज्योति कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया. कार्यक्रम में बी.एड प्रशिक्षु शिक्षक, नीलम देवी, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, ज्योति गुप्ता, कृष्णा कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### विधायक विकास मुंडा ने योजनाओं का किया शिलान्यास




**बुंडू।** तमाड़ विधायक विकास कुमार सिंह मुंडा ने शुक्रवार को बुंडू नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में करोड़ों रुपये की जन उपयोगी योजनाओं का शिलान्यास किया. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बिजली और सड़कों के 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा. विधायक ने दो एकड़ भूमि पर पार्क निर्माण के माध्यम से नगर में ग्रीन स्पेस की कमी को दूर करने की पहल की, साथ ही रानीचुंआ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और एक नए स्टेडियम की योजना की भी जानकारी दी. इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 10वीं वर्षगांठ पर दो लाभार्थियों को गृह प्रवेश के लिए घर की चाभी सौंपी गई. साथ ही, वेंडर मार्केट में दो दुकानदारों को भी दुकान की चाभी प्रदान की गई. नगर पंचायत प्रशासक शुभम पोद्दार ने बताया कि बुंडू में 24 किलोमीटर पीसीसी सड़क बन चुकी है और स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. कार्यक्रम में जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया.

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं मोहर्रम व घूरती रथयात्राः अंसारी



**कुड़ु।** प्रखंड के फुलसुरी पंचायत में मोहर्रम और घूरती रथयात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता मुखिया चेमनी टोप्पो ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी शामिल हुए. अंसारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की परंपरा रही है, जिसे इस बार भी कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि मोहर्रम और घूरती रथयात्रा हमारे क्षेत्र की सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक हैं. उप प्रमुख ने सभी अखाड़ों से अपील की कि वे पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही जुलूस निकालें और पूरी तरह से सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें. उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचने और किसी भी तरह की अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी. अंसारी ने कहा कि अगर कहीं कोई अशांति की स्थिति उत्पन्न होती है, तो तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचना दें. बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे.

### लर्निंग लाइसेंस धारकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला, कार्यालय अधीक्षक राम निवास मिश्र एवं अजीत कुमार रवि द्वारा लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर रहे आवेदकों को एकदिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नए चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देना, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना और दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा. प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को सड़क संकेतों की पहचान, सीट बेल्ट और हेलमेट की अनिवार्यता, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल फोन के प्रयोग के खतरे, तथा ड्रिंक एंड ड्राइव के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही हिट एंड रन मामलों में कानूनी दंड, पीड़ित की सहायता की नैतिक जिम्मेदारी एवं समुचित सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया.

### पिपरवार कोयलांचल की समस्याओं को दिशा बैठक में रखा गया

**चतरा।** समाहरणालय में सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की बैठक में जिले की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक में पिपरवार से जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह और भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा शामिल हुए. रविंद्र सिंह ने पिपरवार क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को बैठक में उठाया. उन्होंने दिशा की बैठक हर तीन माह में नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की. बचरा उच्च विद्यालय की महिला शिक्षिका रेखा कुमारी का तबादला रद्द कर पुनः पूर्ववत पदस्थापन की मांग को उपायुक्त क्रीतिश्री ने स्वीकृति दी. साथ ही बचरा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति तथा शिक्षकों के लिए क्वार्टर की मांग भी की गई. हर घर नल जल योजना के तहत पांच वर्षों से रुके कार्यों पर भी नाराजगी जताई गई. उपायुक्त ने अक्टूबर माह से कई पंचायतों में जलापूर्ति शुरू करने की बात कही.

### इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बनकर गिल ने इतिहास रच दिया

# भावुक हुए टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल

एजेंसी। नई दिल्ली



इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 269 रन की पारी खेली. गिल ने इस पारी में दिखाया कि उनकी बल्लेबाजी में वह धार मौजूद है, जिसके दम पर उन्हें टीम की कमान सौंपी गई है. इस शानदार पारी के बाद गिल अपने माता-पिता की ओर से मिले संदेश को सुनकर भावकु हो गए.

शुभमन गिल ने इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बनकर इतिहास रचा है. वह 2016 में विराट कोहली के 200 के बाद एशिया के बाहर टेस्ट मैचों में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए.गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली 269 रन की पारी के दम पर विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है. गिल ने एशिया के बाहर टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सचिन तेंदुलकर के सर्वोच्च स्कोर (241 रन) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया.दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद बीसीसीआई ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें गिल अपने माता-पिता के वॉयस मैसेज सुन रहे थे. गिल ने कहा कि उनके पिता के शब्द उनके लिए बहुत मायने रखते हैं.गिल ने कहा, ₹उनके मुंह से निकले शब्द बहुत मायने रखते हैं. बड़े होते हुए, मैंने अपना सारा क्रिकेट अपने पिता के लिए खेला. उन्हीं की वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया. वह मेरे सबसे अच्छे दोस्त, जिसके साथ मैंने अभ्यास किया. केवल दो लोग हैं जिनकी मैं परवाह करता हूं और जब क्रिकेट की बात आती है तो उनकी बात सुनता हूं. हालांकि पिता को मेरे तिहरा शतक से चूकने का भी अफसोस है.गिल के पिता लखविंदर सिंह ने अपने बेटे की तारीफ करते हुए कहा कि इस पारी ने उन्हें उन दिनों की याद दिला दी जब शुभमन अंडर-16 और अंडर-19 स्तर पर खेला करते थे.लखविंदर ने कहा, ₹शुभमन बेटा, बहुत बढ़िया खेला. आज तुम्हारी बल्लेबाजी देखकर मेरे दिल को बहुत खुशी और सुकून मिला. ऐसा लगा जैसे तुम अंडर-16 और अंडर-19 खेलते थे. मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ.गिल की मां ने भी एक प्यार भरा संदेश साझा किया. उन्होंने कहा, ₹बेटा, तुम्हारी बल्लेबाजी देखकर बहुत अच्छा लगा. आगे बढ़ते रहो, भगवान तुम्हारा भला करे.गिल की पारी की बदौलत भारत ने 587 रन बनाए, जो इंग्लैंड में 18 साल में उनका सबसे बड़ा स्कोर है. उनकी ठोस पारी ने भारत को मैच पर नियंत्रण दिलाया. फिलहाल भारतीय गेंदबाजों ने भी शुरुआती झटके देकर मेजबान इंग्लैंड को 20 ओवर में 77/3 पर रोक दिया है.

### ग्रैंड चेस टूर : डी. गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

# छठे राउंड में लगातार पांचवीं जीत के साथ गुकेश ने एकल बढ़त बनाई

एजेंसी। जाग्रेब(क्रोएशिया)



भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर (जीएसटी) 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को नॉर्वे के विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को छठे राउंड में हराकर सनसनी फैला दी. इस जीत के साथ गुकेश टूर्नामेंट में 10 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं. पहले दिन की समाप्ति पर गुकेश संयुक्त लीडर थे, लेकिन अब उन्होंने खुद को सबसे आगे कर लिया है. इससे पहले चौथे और पांचवें राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी थी. कार्लसन ने गुकेश के खिलाफ मैच से पहले एक बयान में कहा था कि वे इस मुकाबले को ऐसे लेंगे जैसे वे किसी कमजोर खिलाड़ी से खेल रहे हों. उन्होंने कहा था, गुकेश ने यहां पिछली बार अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन यह अभी साबित होना बाकी है कि वह इस फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं.मैं उसे कमजोर खिलाड़ियों में से एक मानकर खेलूंगा.लेकिन गुकेश ने बोर्ड पर शानदार चालों से करारा जवाब दिया और पूर्व विश्व चैम्पियन को चित कर दिया.गुकेश और कार्लसन के बीच यह तीन मुकाबलों की श्रृंखला का पहला मैच था, जिसे रैपिड फॉर्मेट में खेला गया. आने वाले दो मुकाबले ब्लिट्ज फॉर्मेट में खेले जाएंगे.गुकेश की यह जीत सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय शतरंज के बढ़ते प्रभुत्व की भी प्रतीक बन गई है.

### वेस्टइंडीज़ बनाम ऑस्ट्रेलिया, दूसरा टेस्ट : टॉप ऑर्डर फिर रहा नाकाम, बढ़ेगा दबाव

# एलेक्स केरी और वेबस्टर ने संभाली ऑस्ट्रेलिया की पारी




एजेंसी। ग्रेनेडा

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ के दूसरे मुकाबले के पहले दिन गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को ऑस्ट्रेलिया की टीम 286 रन पर सिमट गई. हालांकि एलेक्स केरी और ब्यू वेबस्टर ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े संकट से उबारा. दोनों बल्लेबाज़ों ने महत्वपूर्ण अर्धशतक लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया.ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया, लेकिन शुरुआत बेहद खराब रही. टीम ने पहले ही सेशन में तीन विकेट गंवा दिए. उस्मान ख्वाजा 16 रन पर अल्जारी जोसेफ की इन-स्विंग गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए. इसके तुरंत बाद सैम कॉनस्टास 25 रन बनाकर एंडरसन फिलिप की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे. स्टीव स्मिथ, जो पहले टेस्ट में उंगली की चोट के कारण नहीं खेले थे, वापसी में केवल 3 रन ही बना सके और जोसेफ की गेंद पर टॉप-एज होकर आउट हो गए.लंच से ठीक पहले कैमरन ग्रीन को जीवनदान तो मिला, लेकिन उसी ओवर की आखिरी गेंद पर वे गली में कैच होकर लौट गए. लंच के बाद ट्रैविस हेड भी ज्यादा देर नहीं टिके और शमर जोसेफ की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच दे बैठे. उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 110 रन पर पांच विकेट हो चुका था.इसके बाद एलेक्स केरी और ब्यू वेबस्टर ने पारी को संभाला. केरी ने बल्लेबाज़ी की और फिलिप, सील्स तथा जस्टिन ग्रीव्स जैसे गेंदबाज़ों की जमकर खबर ली. कई आकर्षक चौके लगाए और 63 रन की तेज़ पारी खेली. वेबस्टर ने संयमित बल्लेबाज़ी करते हुए 87 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया.

### विंबलडन 2025 - फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

# इवांस को हराकर तीसरे दौर में जोकोविच पहुंचे

एजेंसी। लंदन



नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को विंबलडन में ब्रिटेन के डेनियल इवांस को 6-3, 6-2, 6-0 से हराकर पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया. आठवें विंबलडन खिताब की तलाश में लगे 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को ऑल-इंग्लैंड क्लब में अपनी 99वीं जीत हासिल करने में एक घंटे और 47 मिनट लगे.जोकोविच को 2021 मोंटे कार्लो मास्टर्स में ब्रिटिश खिलाड़ी इवांस ने आश्चर्यजनक रूप से सीधे सेटों में हरा दिया था. उसके बाद दोनों पहली बार आमने-सामने थे. लेकिन, यहां जोकोविच उन्हें कोई मौका नहीं दिया. 38 साल के जोकोविच ने तीन सेटों में केवल नौ अंक गंवाए और इवांस को आसानी से हरा दिया.

मैच का मुख्य आकर्षण जोकोविच के 46 विनर रहे. जोकोविच ने खेल पर नियंत्रण रखा और घरेलू खिलाड़ी को लगातार दबाव में रखा.जीत के बाद जोकोविच ने कहा,मुझे लगता है कि हर कोई जानता था कि आज कोर्ट पर एक खास माहौल होने वाला है. ब्रिटेन में एक ब्रिटिश खिलाड़ी का सामना करना कभी भी आसान नहीं होता. वह एक अच्छे क्वालिटी के खिलाड़ी हैं. उनके पास बहुत प्रतिभा है.जोकोविच की जीत ने उन्हें ओपन एरा में विंबलडन में सबसे अधिक पुरुष एकल तीसरे दौर में उपस्थिति (19) के मामले में रोजर फेडरर से आगे निकलने में भी मदद की.

रिकॉर्ड पर जोकोविच ने कहा, ₹इसका मतलब है कि मैं काफी लंबे समय से खेल रहा हूँ. उन्नीस बार, यह एक बढ़िया आंकड़ा है. यह शायद सिनर और अल्काराज के जीवन के वर्षों के बराबर है, लेकिन मैं अभी भी इसका आनंद लेता हूं. विंबलडन मेरे दिल में सबसे खास टूर्नामेंट है, जिसे जीतने का सपना मैंने बचपन में हमेशा देखा था, इसलिए यहां बनाया गया कोई भी इतिहास मेरे लिए निश्चित रूप से बहुत खास है.जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के ही मिओमिर केकमैनोविच से होगा, जिन्होंने दिन की शुरुआत में चार सेटों में जेस्पर डी जोंग को हराया था. इस मुकाबले में जीत से जोकोविच विंबलडन में अपनी 100वीं जीत दर्ज कर लेंगे.

**सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में:** महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं. दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं.पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा. विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की. वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी. राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया. महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़ ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया.

# ओबैदुल्लाह खान गोल्ड कप को बचाने आगे आए असलम शेर ख़ान



एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय हॉकी के स्वर्णिम अतीत में कुछ टूर्नामेंट केवल खेल आयोजन नहीं थे, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे. ओबैदुल्लाह ख़ान गोल्ड कप ऐसा ही एक टूर्नामेंट था, जिसकी शुरुआत 1931 में भोपाल के नवाब की पहल पर हुई थी.

यह टूर्नामेंट न केवल भारतीय हॉकी का गौरव था, बल्कि गंगा-जमुनी तहज़ीब का ज़िंदा उदाहरण भी.लेकिन आज, यह गौरवशाली आयोजन खामोशी से इतिहास के अंधेरों में खो गया है. इस चुप्पी को असलम शेर ख़ान जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने तोड़ा है.ओलंपियन और भारतीय हॉकी के गौरव असलम शेर ख़ान ने एक भावुक अपील करते हुए ओबैदुल्लाह ख़ान गोल्ड कप को पुनर्जीवित करने की मुहिम शुरू की है.उन्होंने कहा, "मैंने भारत के लिए हॉकी के मैदान पर लड़ाई लड़ी है. लेकिन आज मैं एक और ज़्यादा निजी लड़ाई लड़ रहा हूँ हमारी हॉकी विरासत को बचाने की लड़ाई.असलम शेर ख़ान का यह बयान न सिर्फ एक टूर्नामेंट के लिए चिंता है, बल्कि एक पूरे युग के लिए शोकगीत भी है. उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन्हें इस टूर्नामेंट का संरक्षक होना चाहिए था, वही आज इसकी अनदेखी कर रहे हैं. उनका मानना है कि यह टूर्नामेंट सिर्फ हॉकी नहीं था, यह उस साझी विरासत का प्रतीक था जो धर्म, जाति और भाषा की सीमाओं से परे था.ओबैदुल्लाह ख़ान गोल्ड कप में भोपाल की गलियों से निकले दर्जनों खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करते थे. ऐशबाग स्टेडियम में हज़ारों की भीड़, गूंजते नारे, और जश्न के वे पल सबकुछ अब एक बीते हुए कल की तरह लगने लगा है. लेकिन असलम शेर ख़ान इस बीते हुए कल को फिर से वर्तमान में लाना चाहते हैं.उन्होंने अपील की है कि खेलप्रेमी, पूर्व खिलाड़ी, और आम नागरिक एकजुट होकर इस टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करें सरकार के इंतज़ार के बिना.

### अनुभवी बल्लेबाज मैट रेनशॉ को ऑस्ट्रेलिया-ए की 50 ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है

# श्रीलंका-ए की टीम ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी

एजेंसी। मेलबर्



ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम की नई संरचना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, अनुभवी बल्लेबाज मैट रेनशॉ को ऑस्ट्रेलिया-ए की 50 ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. वहीं, प्रतिभाशाली बल्लेबाज जेसन सांघा को श्रीलंका-ए के खिलाफ चार दिवसीय मुकाबलों के लिए कप्तानी सौंपी गई है. श्रीलंका-ए की टीम तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है. यह मुकाबले डार्विन के मारारा ओवल में 5 जुलाई से शुरू होंगे. चार दिवसीय मुकाबले क्रमशः 13 और 20 जुलाई से खेले जाएंगे. हालांकि, अनुभवी नाथन मैकस्वीनी टीम का हिस्सा हैं और वे ऑस्ट्रेलिया-ए के नियमित कप्तान रहे हैं, फिर भी चयनकर्ताओं ने इस बार नेतृत्व की जिम्मेदारी रेनशॉ और सांघा को सौंपने का फैसला किया है. चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह फैसला युवा खिलाड़ियों को नेतृत्व का अनुभव देने की रणनीति के तहत लिया गया है. बेली ने एक बयान में कहा,नाथन मैकस्वीनी स्वाभाविक लीडर हैं, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए, साउथ ऑस्ट्रेलिया और प्रधानमंत्री एकादश के लिए शानदार कप्तानी की है. लेकिन हम चाहते हैं कि रेनशॉ और सांघा को भी नेतृत्व का अनुभव मिले.29 वर्षीय रेनशॉ ने अब तक केवल दो बार पेशेवर क्रिकेट में कप्तानी की है वह भी 2022 में इंग्लैंड में समरसेट की ओर से. दूसरी ओर, 25 वर्षीय सांघा के पास अधिक कप्तानी अनुभव है. उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के लिए शील्ड मैच और सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में नेतृत्व किया है. इसके अलावा, उन्होंने अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी. रेनशॉ को अब तक टेस्ट विशेषज्ञ माना जाता था, लेकिन हाल के घरेलू एकदिवसीय प्रदर्शन से वह लिमिटेड ओवर टीम में जगह बनाने के दावेदार बन गए हैं. उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में छह शतक लगाए हैं, जिनमें से चार नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए आए हैं. उनका नंबर-4 पर औसत 45.07 और स्ट्राइक रेट 97.50 है. पिछले 10 लिस्ट ए मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 112.69 रहा है. ऑस्ट्रेलिया को अगले दो वर्षों में 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी के तहत नई ओडीआई टीम तैयार करनी है, खासकर स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के संन्यास के बाद. रेनशॉ की 360-डिग्री बल्लेबाजी शैली और बाएं हाथ के विकल्प के रूप में मौजूदगी उन्हें मजबूत दावेदार बनाती है. वहीं, सांघा ने हाल ही में शील्ड सीज़न में 704 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल हैं. उन्होंने फाइनल में 126* रन की मैच विनिंग पारी खेली थी. हालांकि वह नंबर-3 पर औसतन 36.78 रन ही बनाते हैं, लेकिन नंबर-4 पर उनका औसत 45.25 है. इस सीरीज़ में कई अन्य खिलाड़ी भी चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, जिनमें मैकस्वीनी, दो टेस्ट खेल चुके कर्टिस पैटरसन, और अनुभवी जैक वेदराल्ड शामिल हैं. युवा खिलाड़ियों में विक्टोरिया के कैंपबेल केलीवे (22) और ओलिवर पीक (18) भी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं. इस सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया-ए के कोच की भूमिका में पूर्व कप्तान टिम पेन नजर आएंगे.

**ऑस्ट्रेलिया-ए एकदिवसीय टीम :** सैम इलियट, मैट गिल्क्स, ब्रायस जैक्सन, जैंडेन जेह, कैंपबेल केलीवे, नाथन मैकस्वीनी, ओली पीक, जोश फिलिप, जैक निस्बेट, मैट रेनशॉ (कप्तान), जेसन सांघा, लियाम स्कॉट, बिली स्टैनलेक, हेनरी थॉर्नटन.

**श्रीलंका-ए एकदिवसीय टीम :** कमील मिशारा, लाहिरु उदारा (कप्तान), लसित क्रूसपुले, पसिंदु सूरियाबंदरा, नुवानिदु फर्नांडो, पवन रत्नायके, सहान अराच्चिगे, सोनल दिनुषा, चामिंदु विक्रमसिंघे, शिरान फर्नांडो, इसिथा विजेसुंदर, प्रमोद मदुशन, मोहम्मद शिराज, दुशन हेमंथा, वनुजा सहान.

# नेशनल आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में मेजबान केरल बना चैम्पियन

एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के थ्रिस्सूर शहर ने 28 जून से 2 जुलाई तक आयोजित 2025 पीएएफआई नेशनल आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में खेल, शक्ति और उत्साह का शानदार संगम देखा. इस राष्ट्रीय आयोजन को केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन ने पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के तत्वावधान में आयोजित किया.

पूरे देश से विभिन्न वर्गों के शीर्ष आर्मरेसलर्स ने इस मुकाबले में भाग लिया और हजारों दर्शकों ने इस खेल के प्रति अपने बढ़ते प्रेम को साबित किया.इस अवसर पर परवीन डबास ने कहा, ₹इस साल का नेशनल चैंपियनशिप बेहद रोमांचक रहा. खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले, जो अगस्त में होने वाली प्रो पंजा लीग सीज़न 2 का एक ट्रेलर जैसा था.प्रीति झंगियानी ने भी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा, ₹इस तरह के आयोजन देशभर के युवा खिलाड़ियों को मंच देते हैं और भारतीय आर्मरेसलिंग के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं. भारतीय आर्मरेसलिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम भी साबित हुआ.इस आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद के. राधाकृष्णन थे, वहीं केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजु जैकब, प्रो पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास और पीएएफआई की अध्यक्ष व एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं.

**फुटबॉल**

### महिला यूरो 2025: मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी

# इटली ने बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की

एजेंसी। बर्न



महिला यूरो 2025 के ग्रुप बी मुकाबलों में गुरुवार को दो बड़े नतीजे सामने आए. मौजूदा विश्व चैम्पियन स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि इटली ने बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की. स्पेन की ओर से 32 वर्षीय फॉरवर्ड एस्थर गोंजालेज ने दो गोल दागे और टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज स्पेनिश खिलाड़ी बनीं.

उन्होंने सिर्फ 87 सेकंड में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी. इसके बाद 18 वर्षीय विकी लोपेज़ ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जो स्पेन की ओर से टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं.कप्तान एलेक्सिया पुटेयास, जो घुटने की चोट के कारण यूरो 2022 से बाहर थीं, ने भी शानदार गोल कर यह दिखा दिया कि वह अब पूरी तरह फिट हैं. 41वें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल किया, जबकि दो मिनट बाद गोंजालेज ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त 4-0 कर दी.मैच के आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी क्रिस्टीना मार्टिन-प्रियेटो ने हेडर के जरिए पांचवां गोल कर पुर्तगाल की हार को और शर्मनाक बना दिया.मैच से पहले पुर्तगाल और लिवरपूल के फॉरवर्ड डियोगो जोटा और उनके भाई की सड़क दुर्घटना में मौत पर एक मिनट का मौन रखा गया.

**डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि :** दोनों मैचों से पहले डियोगो जोटा और उनके भाई को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा गया, जिसे दोनों ही स्टेडियमों में सम्मानपूर्वक निभाया गया.

### इटली बनाम बेल्जियम: कारूसो बनीं नायक

दूसरे मुकाबले में इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की. इटली के लिए एकमात्र गोल एरियाना कारूसो ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किया.बायर्न म्यूनिख की मिडफील्डर कारूसो को बेल्जियम डिफेंस ने चौंकाने वाले तरीके से पूरी तरह अनचेक छोड़ दिया. लूसिया डी गुग्लिएल्मो के पास पर कारूसो ने बॉक्स के अंदर जाकर गेंद को शानदार तरीके से पास के टॉप कॉर्नर में डाल दिया.बेल्जियम की कप्तान टेसा वुल्लार्ट ने पहले हाफ में गोल करने की दो अच्छी कोशिशें कीं लेकिन गोल नहीं कर सकीं. इटली की यह जीत यूरो 2022 में बेल्जियम से मिली हार का बदला भी मानी जा रही है.इस जीत से इटली को ग्रुप बी में बढ़त मिली है. स्पेन को ग्रुप की फेवरिट माना जा रहा है, जबकि बेल्जियम, इटली और पुर्तगाल के बीच दूसरे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला होना तय है. इटली अब सोमवार को पुर्तगाल और चार दिन बाद स्पेन से भिड़ेगा.

### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण 6 कल

# देशभर में 50,000 से अधिक लोग लेंगे हिस्सा

एजेंसी। नई दिल्ली




फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाले 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 30वां संस्करण 6 जुलाई (रविवार) को देशभर के 6000 से ज्यादा स्थानों पर आयोजित किया जाएगा. इसमें इस बार रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों की भागीदारी को विशेष रूप से जोड़ा गया है.

इस एक दिवसीय फिटनेस अभियान में 50,000 से अधिक प्रतिभागी देशभर में साइकिल चलाकर स्वस्थ, प्रदूषणमुक्त और मोटापा रहित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे. मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से आरंभ होगा. यहां से साइकिल सवार इंडिया गेट सी हेक्सागन होते हुए विजय चौक तक जाएंगे और फिर वापस मेजर ध्यानचंद स्टेडियम लौटेंगे. इस अभियान की शुरुआत दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा की गई थी. तब से यह कार्यक्रम हर रविवार हजारों स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है और हर हफ्ते 50,000 से अधिक लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं. डॉ. मांडविया ने कहा, ₹फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अब एक जन आंदोलन बन चुका है. इस सप्ताह इसे रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है. मैं सभी नागरिकों और समुदायों से अपील करता हूं कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और साइकिलिंग, योग जैसे फिटनेस गतिविधियों को अपनाकर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और प्रदूषण से लड़ें.

## ब्रीफ न्यूज

### पति ने पत्नी को गोली मारकर फिर खुद को मारी

**पश्चिम चंपारण।** बगहा के रायबारी महुअवा पंचायत में पूर्व मुखिया अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी आशा देवी को गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली से उड़ा लिया. दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. इस दुखद घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया. लेकिन मामले की जानकारी किसी तरह पुलिस तक पहुंच गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने मृतक मुखिया के बेटे और एक अन्य परिजन को हिरासत में लेकर पूछताछ की.

### ज्वेलरी कारोबारी की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर में गुरुवार को एक ज्वेलरी कारोबारी की संदिग्ध हालात में हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो पिछले तीन वर्षों से फतेहपुर में सोना-चांदी का कारोबार कर रहे थे. मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 5 बजे सुनील को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसके बाद वे उससे मिलने निकले. इसके थोड़ी देर बाद उनका मोबाइल बंद हो गया. रात भर परिजन उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. शुक्रवार सुबह उनका शव सुनसान इलाके में बरामद हुआ.

### विवाहिता की मौत, हत्या का लगाया आरोप

**पटना।** किदवईपुरी इलाके में डॉक्टर अभिजीत सिन्हा की पत्नी सृष्टि श्रेया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. मृतका का शव उनके श्रीकृष्ण नगर स्थित फ्लैट में मिला. इस मामले को लेकर सृष्टि के मायके वालों ने हत्या का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि पति और ससुराल पक्ष का दावा है कि यह आत्महत्या है. सृष्टि की बहन ज्योत्सना ने बताया कि उन्हें दो-तीन घंटे तक बहलाने-फुसलाने की कोशिश की गई और बताया गया कि सृष्टि जिंदा है तथा उसे बचाया जा रहा है, जिससे पुलिस को समय पर सूचना नहीं मिल सकी.

### जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने साफ कह दिया है कि

# एनडीए की सत्ता में वापसी असंभव है





**शुभम संदेश। पटना**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल मचा देने वाला बयान सामने आया है. जन सुराज के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सनसनीखेज़ भविष्यवाणी करते हुए साफ कह दिया है कि एनडीए की सत्ता में वापसी असंभव है. उन्होंने दावा किया कि नवंबर के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, और यदि जेडी(यू) 25 से अधिक सीटें जीत जाती है, तो वह राजनीति छोड़ देंगे. 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 243 में से 125 सीटें मिलकर मामूली बहुमत मिला था, जिसमें भाजपा ने 74 सीटें और जेडी(यू) केवल 43 सीटें जीती थीं. लेकिन इस बार प्रशांत किशोर का कहना है कि एनडीए के अंदरूनी समीकरण और जनता का मूड साफ़ दर्शाता है कि नीतीश युग का अंत नजदीक है.

प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार प्रभाव को भी खारिज करते हुए कहा कि भाजपा को अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े.

उन्होंने माना कि मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, लेकिन बिहार में उनका असर सीमित है क्योंकि यहां का मतदाता केवल चेहरे के आधार पर वोट नहीं करता. उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भाजपा की हालिया जीतों को बिहार से जोड़ने को गलत बताया क्योंकि बिहार की राजनीति का मिजाज अलग है और भाजपा अकेले दम पर यहां कभी सरकार नहीं बना पाई. प्रशांत किशोर के इन बयानों ने बिहार की राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है कि क्या नीतीश युग का अंत सचमुच निकट है? क्या भाजपा अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत दिखाएगी, या बिहार की जनता इस बार किसी नए नेतृत्व की तलाश में है? यह बयान आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक परिदृश्य में नई उम्मीद और चुनौती दोनों ला सकता है.

## सीएम ने प्रशासनिक कार्यालय का किया उद्घाटन

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर के छठे तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का फीता काटकर और शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया. उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने बापू टावर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने टावर के भूतल तल पर बने ओरियेंटेशन हॉल का भी अवलोकन किया.

मुख्यमंत्री ने टावर के भूतल, तीसरे और पांचवें तल पर स्थित विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शनों को देखा. बापू टावर के विभिन्न तलों और निर्मित पांच रैम्पों का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को गांधीजी के जीवन से जुड़ी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शनों की विस्तृत जानकारी दी. मुख्यमंत्री ने प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, अनुसंधान केंद्र, आगंतुक सुविधाएं और बापू के आदर्शों को स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन की दीर्घाओं की भी जानकारी ली.

मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू टावर अत्यंत भव्य है और यह लोगों के लिए दर्शनीय स्थल बनेगा. यहां आकर नई पीढ़ी महात्मा गांधी की जीवनी, विचार और आदर्शों को समझ सकेगी. टावर में गांधीजी के जीवन की ऐतिहासिक घटनाएं, उनके विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा बिहार से उनके लगाव को प्रभावी रूप में प्रदर्शित किया गया है. परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर दिया गया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बापू टावर भ्रमण पर आए स्कूली बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें गांधीजी से जुड़ी गतिविधियों को समझने का आग्रह किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य अधिकारी और बच्चे उपस्थित थे.

### एमएसएमई मंत्रालय की उपलब्धियों पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी बोले

# इस क्षेत्र का जीडीपी में 30.1 प्रतिशत है योगदान

**शुभम संदेश। पटना**

भारत की अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र का अहम योगदान है. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने मुंबई में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर एमएसएमई मंत्रालय की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि यह क्षेत्र देश की जीडीपी में 30.1 प्रतिशत, उत्पादन में 35.4 प्रतिशत और निर्यात में 45.73 प्रतिशत का योगदान देता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है और इस उपलब्धि में एमएसएमई मंत्रालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है. मंत्री मांझी ने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र ना केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि



विदेशों में भी अपने उत्पादों का निर्यात कर विदेशी मुद्रा भंडार को सुदृढ़ करने में सहायक बन रहा है. उन्होंने मंत्रालय के तीन प्रमुख संगठनों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला— एनएसआईसी, केवीआईसी, और क्वायर बोर्ड

बता दें कि एनएसआईसी (नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन) देश के सूक्ष्म और लघु उद्यमों को कच्चे माल की आपूर्ति, विपणन सहायता, क्रेडिट रेटिंग और आधुनिक प्रबंधन तकनीकों को अपनाने में सहायता करता है. यह संगठन उद्यमियों के विकास में सहायक साबित हो रहा है. केवीआईसी (खादी और ग्रामोद्योग आयोग), जो कि 1956 में ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था, ग्रामीण क्षेत्रों में खादी और ग्रामोद्योगों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है. इसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है. क्वायर बोर्ड, जिसकी स्थापना 1954 में हुई थी, मुख्य रूप से नारियल उत्पादक राज्यों में ग्रामीण भारत के लिए आजीविका के अवसर पैदा कर रहा है. यह बोर्ड हजारों परिवारों को रोज़गार देने में मदद कर रहा है. मंत्री मांझी ने यह भी बताया कि मोदी सरकार के विजन के तहत एमएसएमई मंत्रालय का बजट निरंतर बढ़ रहा है और वर्ष 2025-26 के लिए मंत्रालय का बजट 23,168.15 करोड़ निर्धारित किया गया है. इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार इस क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बीते 5 वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में पंजीकृत इकाइयों की संख्या में 15 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है.

वर्तमान में देश में कुल 6.53 करोड़ एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हैं, जिनसे लगभग 28.20 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है. उद्यम पोर्टल पर अब तक 3.80 करोड़ एमएसएमई इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है, जिससे 24.91 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है. उद्यम असिस्ट पोर्टल पर भी 2.72 करोड़ एमएसएमई इकाइयां दर्ज हैं, जो 3.28 करोड़ लोगों को रोज़गार दे रही हैं.

### सोहसराय क्षेत्र की चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार

**नालंदा।** सोहसराय थाना क्षेत्र में हुई करीब 20 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने सफलता पूर्वक खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है. मामला बसारबीघा मोहल्ला स्थित रिटायर्ड प्रोफेसर अजीत कुमार पोद्दार के घर की है. मार्च महीने में इलाज के लिए दिल्ली गए प्रोफेसर और उनकी पत्नी जब 24 मई को लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया. घर के अंदर नकदी, कीमती सोने-चांदी के गहने और अन्य घरेलू सामान गायब थे. उन्होंने तत्काल थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने गंभीरता से मामले की जांच शुरू की और गुप्त सूचना के आधार पर मोगल कुआं बौलीपर निवासी रामचंद्र राम के पुत्र कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया. आरोपी ने पूछताछ में चोरी की वारदात स्वीकार की. उसकी निशानदेही पर चोरी का गैस सिलेंडर, सोने-चांदी के गहने और अन्य सामान बरामद कर लिया गया.

## न्यूज अपडेट

### एआईएमआईएम को चुनाव न लड़ने की दी सलाह

**पटना।** राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को बिहार विधानसभा चुनाव न लड़ने की सलाह दी है. मीडिया से बातचीत में झा ने कहा कि अगर वाकई एआईएमआईएम का मकसद भारतीय जनता पार्टी की अधिनायकवादी राजनीति को हराना है, तो चुनाव न लड़ना भी एक सार्थक निर्णय हो सकता है. उन्होंने कहा, ₹ओवैसी साहब का मुख्य आधार हैदराबाद है और वे भी जानते हैं कि बिहार में उनके चुनाव लड़ने से क्या प्रभाव पड़ता है.₹ वहीं, राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने एक्स हैंडल पर एआईएमआईएम के पत्र की तस्वीर साझा करते हुए जनता से पूछा है कि क्या एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल किया जाना चाहिए. मनोज झा ने कहा कि तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की एक लंबी लकीर खींच दी है, और एआईएमआईएम को इसे समझते हुए निर्णय लेना चाहिए. झा ने कहा कि यह चुनाव देश की राजनीति की दिशा तय करने वाला है, इसलिए सभी सेक्युलर दलों को एकजुट होकर लड़ना चाहिए.

### कैपिटल ट्रेन में 15 यात्रियों से मारपीट और लूट

**पटना।** न्यू जलपाईगुड़ी से राजेंद्र नगर, पटना आ रही कैपिटल एक्सप्रेस में मोकामा के औंटा हॉल्ट के पास लूटपाट हुई. जनरल बोगी में सवार अपराधियों ने लगभग 15 यात्रियों से मारपीट करते हुए नकदी, मोबाइल और अन्य कीमती सामान लूट लिए. इस हमले में तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो के सिर में गहरी चोट आई है. घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अपराधी राजधानी के चकिया और राजेंद्र नगर पुल स्टेशन के बीच ट्रेन में सवार हुए थे. सभी अपराधी हथियारों से लैस थे और उन्होंने सुनियोजित तरीके से हमला किया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है. ट्रेन में सुरक्षा व्यवस्था की कमी पर भी सवाल उठने लगे हैं, जिससे यात्रियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है.

### शिक्षक की हत्या से सनसनी, दो दिन से थे लापता

**मुजफ्फरपुर।** साहेबगंज थाना क्षेत्र में एक शिक्षक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मृतक की पहचान दरियाछपरा गांव निवासी गुड्डु लाल ठाकुर के रूप में हुई है, जो राजकीय मध्य विद्यालय मनाईंन में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे. जानकारी के अनुसार, वह बुधवार रात करीब 10 बजे शौच के लिए घर से निकले थे और उसके बाद से लापता थे. गुरुवार को उनकी तलाश के दौरान घटनास्थल के पास से उनका गमछा, डिब्बा और अन्य सामान बरामद हुआ था. शुक्रवार सुबह उनके घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर एक खेत में स्थानीय लोगों ने उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी. शव पर चाकू से किए गए हमले के कई निशान पाए गए हैं, खासकर सिर पर गंभीर चोटें थीं. साहेबगंज थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है. घटना की जांच के लिए डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाया गया है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है.

### अगलगी से दस घर राख, लाखों की संपत्ति स्वाहा

**बेतिया।** योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत चौमुखा पंचायत में बीती रात भीषण आग लगने से दस घर पूरी तरह जलकर राख हो गए. यह हादसा उस समय हुआ जब चंदिका यादव के घर में खाना बन रहा था. खाना बनाने के दौरान ही आग तेजी से फैली और आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया. ग्रामीणों ने आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आग की लपटों पर काबू नहीं पाया जा सका. आग से अनाज, कपड़े, फर्नीचर और जरूरी कागजात सहित लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई. अनुमान है कि पीड़ितों को दस लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है. हादसे में चंदिका यादव सहित कई परिवार बेघर हो गए हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई थी, लेकिन घंटों बाद भी दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची और न ही कोई अधिकारी मौके पर आया. इसको लेकर ग्रामीणों में प्रशासन की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है. उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है.

## कारोबार

### बड़े शहरों में घरों की बिक्री में आई गिरावट

**नयी दिल्ली।** साल 2025 की शुरुआत के पहले छह महीनों में देश के आठ बड़े शहरों में घरों की बिक्री में 2% की गिरावट आई है. इस दौरान कुल 1,70,201 घर बिके, जिनमें मुंबई सबसे आगे रहा, जहां 47,035 यूनिट्स की बिक्री हुई. इसके बाद एनसीआर में 26,795 और बेंगलुरु में 26,599 घर बिके. कुल बिक्री में कमी के बावजूद, प्रीमियम सेगमेंट (1 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले घरों) में 17% की महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी गई है.

### बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट से बेहतर है यह विकल्प

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 1% कटौती के बाद कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट और सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दरें घटा दी हैं. हालांकि, सरकार ने छोटे बचत योजनाओं जैसे पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट, सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम और अन्य पर ब्याज दरें 30 जून, 2025 तक स्थिर रखी हैं. कई सरकारी छोटी बचत योजनाएं बेहतर रिटर्न प्रदान कर रही हैं. उदाहरण के लिए, पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट 5 साल की अवधि के लिए 7.5% ब्याज देती है, जबकि एनएससी 7.7% तक का रिटर्न देती है. सीनियर सिटीजन के लिए एससीएसएस बेहतर है.

### मैकडोवेल दुनिया की नंबर वन बिकने वाली व्हिस्की

**नयी दिल्ली।** साल 2025 में भारतीय व्हिस्की ब्रांड मैकडोवेल नंबर 1 ने वैश्विक स्तर पर इतिहास रच दिया है. महंगी विदेशी ब्रांड्स को पछाड़ते हुए इस देसी व्हिस्की ने 30.1 मिलियन केस की बिक्री के साथ दुनिया में सबसे ज़्यादा बिकने वाली शराब का खिताब हासिल किया है. दूसरे स्थान पर भी एक भारतीय ब्रांड, इंपीरियल ब्लू, रहा जिसकी बिक्री 28.7 मिलियन केस रही. तीसरे और चौथे स्थान पर रॉयल स्टेग और ऑफिसर्स च्वाइस ने कब्जा जमाया. मैकडोवेल नंबर 1 की लोकप्रियता का मुख्य कारण इसकी गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती दाम है.

### चीन ने भारत से फॉक्सकॉन के अपने इंजीनियरों को वापस बुलाया

# एप्पल के प्रोडक्शन पर संकट के बादल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन ने हाल ही में भारत में फॉक्सकॉन के आईफोन निर्माण संयंत्रों से अपने 300 से अधिक इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों को अचानक वापस बुला लिया है.

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब भारत वैश्विक आईफोन उत्पादन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है और हाई-एंड मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत में एप्पल की उत्पादन योजनाओं और देश की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है. ये चीनी इंजीनियर तमिलनाडु और कर्नाटक स्थित फॉक्सकॉन कारखानों में कार्यरत थे और अगली पीढ़ी के आईफोन 17 के निर्माण की तैयारी में अहम भूमिका निभा रहे थे. वे भारतीय टीमों को प्रशिक्षित कर रहे थे और उच्च स्तरीय उत्पादन प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से शुरू करने में मार्गदर्शन दे रहे थे.





इंजीनियरों की वापसी से चल रही ट्रेनिंग प्रभावित हो सकती है, जिससे उत्पादन की गति धीमी हो सकती है. हालांकि एप्पल ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि इस कदम से भारत में आईफोन के उत्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि तकनीकी विशेषज्ञता की यह कमी शॉर्ट टर्म में चुनौती जरूर पेश कर सकती है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने अपने रेगुलेटरी निकायों और स्थानीय सरकारों पर दबाव डाला है कि वे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में तकनीकी ज्ञान और कुशल श्रमिकों के निर्यात को सीमित करें. इस रणनीति का उद्देश्य है कि अमेरिकी-चीन व्यापार तनाव के बीच चीनी कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमताओं को प्रतिस्पर्धी देशों में न ले जाएं.

विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम चीन की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए वह एशिया में अपना तकनीकी और औद्योगिक प्रभुत्व बनाए रखना चाहता है. निवेशक सूर्य कानेगांवकर के अनुसार, भारत को एक कमजोर प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है और यह प्रयास भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण विकास को धीमा करने के लिए किया गया है. भारत सरकार ने हाल के वर्षों में चीनी नागरिकों के लिए वीजा नियमों को कड़ा किया है और चीनी कंपनियों की जांच भी तेज की है. उद्योग सूत्रों का कहना है कि चीन की यह प्रतिक्रिया भारत की इन्हीं नीतियों के प्रतिकारस्वरूप हो सकती है. हालांकि, फॉक्सकॉन ने इस कमी को पूरा करने के लिए वियतनाम और ताइवान से विशेषज्ञों को लाने की योजना बनाई है. साथ ही, भारतीय कर्मचारियों को तेजी से प्रशिक्षण देने का प्रयास जारी है.

वर्तमान में भारत वैश्विक आईफोन उत्पादन का लगभग 20% हिस्सा बन चुका है. फॉक्सकॉन ने हाल ही में बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में 2.56 अरब डॉलर का निवेश किया है, जहां दिसंबर 2025 तक 1 लाख आईफोन बनाने की योजना है. मार्च से मई के बीच फॉक्सकॉन ने भारत से 3.2 अरब डॉलर के आईफोन निर्यात किए हैं, जिनमें से 97% अमेरिका भेजे गए थे. चीन द्वारा इंजीनियरों की वापसी केवल तकनीकी या श्रम से जुड़ा मामला नहीं, बल्कि यह भू-राजनीतिक और आर्थिक रणनीति का हिस्सा है. भारत को अपनी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अब घरेलू कौशल विकास पर और अधिक बल देना होगा.

**कार्रवाई**

### सेबी ने यूएस की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिबंधित किया

# 4,843.57 करोड़ रुपये लौटाने का दिया आदेश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका की प्रमुख ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी इकाइयों पर सख्त कार्रवाई की है. सेबी ने कंपनी को भारतीय प्रतिभूति बाजारों से तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है और उसे 4,843.57 करोड़ रुपये के अवैध मुनाफे को लौटाने का निर्देश दिया है. यह कार्रवाई कंपनी द्वारा एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) पर इंडेक्स ऑप्शंस ट्रेडिंग के माध्यम से कथित हेरफेर और अनुचित व्यापार व्यवहार के आरोपों के चलते की गई है. सेबी के अनुसार, जेन स्ट्रीट समूह की विभिन्न इकाइयों – जेएसआई



इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग – ने समाप्ति के दिनों में इंडेक्स लेवल को प्रभावित करते हुए इंडेक्स ऑप्शंस में भारी मुनाफा कमाया. यह मुनाफा मुख्य रूप से 'एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोज' नामक ट्रेडिंग रणनीति का उपयोग करके हासिल किया गया, जिससे बाजार की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लग गया. सेबी के अंतरिम आदेश के अनुसार, इन संस्थाओं ने 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2025 के बीच एनएसई पर इंडेक्स ऑप्शंस से लगभग 43,289 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. इसके बावजूद, फरवरी 2025 में एनएसई द्वारा जारी की गई स्पष्ट चेतावनी और दिशा-निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए जेन स्ट्रीट समूह ने मई 2025 में फिर से हेरफेरीपूर्ण गतिविधियां कीं. यह दर्शाता है कि जेएस समूह बार-बार चेतावनी के बावजूद अपने कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं कर रहा है. सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी. ने आदेश में कहा कि जेएस समूह की यह हरकत न केवल बाजार में निष्पक्षता को प्रभावित करती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि ये संस्थाएं उन मानकों पर खरा नहीं उतरतीं जिन पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों या अन्य ईमानदार बाजार सहभागियों से अपेक्षा की जाती है. उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए, समूह को पहले की तरह व्यापार करने की अनुमति देना निवेशकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है. सेबी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जेएस समूह की सभी संबंधित इकाइयों को बाजार में किसी भी तरह की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हेरफेरी, धोखाधड़ी या अनुचित व्यापारिक गतिविधियों से दूर रहना होगा.


### निप्पॉन इंडिया ने लॉन्च किया एमएनसी फंड

**नयी दिल्ली।** भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और वैश्विक कंपनियों का रुझान तेजी से भारत की ओर बढ़ रहा है. कारोबारी सुगमता में सुधार और शेयर बाजार के बढ़ते आकार ने न सिर्फ विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, बल्कि आम लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है. इससे देश में रोजगार के अवसर बढ़े हैं और शेयर बाजार से जुड़े निवेशकों को भी अच्छा रिटर्न मिल रहा है. इसी दिशा में, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने एक नया म्यूचुअल फंड - निप्पॉन इंडिया एमएनसी फंड लॉन्च किया है. यह न्यू फंड ऑफर 2 जुलाई से 16 जुलाई तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा. यह फंड उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों में निवेश करेगा, जो भारत में पंजीकृत हैं लेकिन वैश्विक स्तर पर कार्यरत हैं.

### सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट का दूसरा चरण शुरू

**नयी दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है. अब यह सुविधा राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु के अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगी. इससे पहले पहले चरण में यह सेवा दिल्ली-एनसीआर समेत सात राज्यों में शुरू की गई थी. अब दूसरे चरण के साथ यह सुविधा कुल 13 राज्यों तक पहुंच गई है. कंपनी आने वाले समय में तीसरे चरण की भी तैयारी कर रही है ताकि देशभर में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को इसका लाभ मिल सके.सीएनजी किट को सरकार द्वारा प्रमाणित थर्ड पार्टी वेंडर मोटोजेन द्वारा विकसित और निर्मित किया गया है. इसकी कीमत 74,999 रखी गई है और यह केवल 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वाले वैरिएंट के लिए उपलब्ध होगी. साथ ही, कंपनी इस पर 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी भी दे रही है. निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, सीएनजी किट का दूसरा चरण हमारी स्वच्छ, किफायती और टिकाऊ मोबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. ग्राहक मैग्नाइट पर भरोसा जता रहे हैं और यह पहल उसे और अधिक व्यावहारिक विकल्प बनाएगी. उल्लेखनीय है कि नई निसान मैग्नाइट अपने सेगमेंट में 336 लीटर का सबसे बड़ा बूट स्पेस, 20 से अधिक फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स और 55 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है. यह एसयूवी फिलहाल 65 से अधिक देशों में बेची जा रही है और निरंतर लोकप्रियता हासिल कर रही है.

### बेंगलुरु में फेरारी पर लगा 1.42 करोड़ का रोड टैक्स



**बेंगलुरु।** एक फेरारी कार मालिक को 1.42 करोड़ रुपये का भारी-भरकम रोड टैक्स चुकाना पड़ा है. यह मामला एक सुपर लग्जरी कार फेरारी का है, जिसकी शुरुआती कीमत लगभग 7.5 करोड़ रुपये है. यह गाड़ी महाराष्ट्र में रजिस्टर्ड थी, लेकिन पिछले कई महीनों से बेंगलुरु की सड़कों पर दौड़ती नजर आ रही थी. कर्नाटक के आरटीओ अधिकारियों की नजर काफी समय से इस कार पर थी. आखिरकार गुरुवार सुबह बेंगलुरु साउथ आरटीओ ने इसे ट्रैक कर लिया और गाड़ी के टैक्स स्टेटस की जांच की. जांच में पता चला कि गाड़ी पर कर्नाटक राज्य का रोड टैक्स नहीं चुकाया गया है. इसके बाद अधिकारियों ने गाड़ी को सीज कर लिया और मालिक को शाम तक टैक्स भरने का नोटिस जारी किया. फेरारी मालिक ने तुरंत 1,41,59,041 रुपये की राशि टैक्स और जुर्माने के रूप में अदा कर दी.

### रिटायरमेंट संकट की ओर बढ़ती मिडिल क्लास

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में देश की मिडिल क्लास की जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है. अब लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा जीवनशैली को बेहतर बनाने में खर्च कर रहे हैं, जबकि बचत को नजरअंदाज कर रहे हैं. यही कारण है कि भविष्य में इस वर्ग को रिटायरमेंट संकट का सामना करना पड़ सकता है. हाल ही में वेल्थ एडवाइजर और चार्टर्ड अकाउंटेंट कनन बहल ने इस विषय पर चिंता जताई है. उन्होंने चेतावनी दी कि आज के दौर में नौकरियों की स्थिरता पहले जैसी नहीं रही. उन्होंने कहा, ₹45 अब नया 60 है₹, यानी यह मानकर चलना चाहिए कि 60 की बजाय आपकी आमदनी 45 की उम्र तक ही सीमित हो सकती है. बहल ने बताया कि बहुत से लोग सालाना 25 लाख रुपये तक कमा रहे हैं, लेकिन हर महीने अपनी पूरी सैलरी खर्च कर देते हैं.

### चार सेक्टर्स को जोड़ने वाली सड़क को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** नोएडा के सेक्टर 46, 47, 99 और 100 को जोड़ने वाली लिंक रोड के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है. यह प्रोजेक्ट बीते 10 साल से हाजीपुर गांव की 200 मीटर जमीन के अधिग्रहण के कारण अटका हुआ था. अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस छोटे से भूमि विवाद का समाधान हो गया है, जिससे नोएडा प्राधिकरण को सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति मिल गई है. यह लिंक रोड सेक्टर 99/100 को सेक्टर 46/47 से जोड़ेगी, जिससे इन चारों क्षेत्रों में रहने वाले और यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को रोजाना लगने वाले भारी ट्रैफिक से राहत मिलेगी.



शुभम संदेश
रांची, शनिवार 05 जुलाई, 2025


## न्यूज अपडेट

### प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप के 4.5 ट्रिलियन डॉलर टैक्स बिल को दी मंजूरी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके दूसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी नीति सफलता मिली है. प्रतिनिधि सभा ने उनके 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स ब्रेक्स और खर्च कटौती बिल को 218-214 मतों से पारित कर दिया, जिसके बाद यह विधेयक अब उनके हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा. बिल को स्वतंत्रता दिवस से पहले पास करना ट्रंप प्रशासन का लक्ष्य था.यह बिल 2017 के टैक्स ब्रेक्स को स्थायी बनाता है, जिसमें अब नए प्रावधानों के तहत टिप्स, ओवरटाइम और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 6,000 डॉलर तक की अतिरिक्त कटौती शामिल है. इसके अलावा, 350 बिलियन डॉलर की राष्ट्रीय सुरक्षा निवेश शामिल है.

### उज्बेकिस्तान की फुली-फंडेड स्कॉलरशिप भारतीयों के लिए सुनहरा मौका

**नयी दिल्ली।** अगर आप विदेश में कम खर्च में पढ़ाई का सपना देख रहे हैं, तो उज्बेकिस्तान आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है. यह मध्य एशियाई देश न सिर्फ किफायती है, बल्कि यहां के लोग भी बेहद दोस्ताना हैं. खास बात यह है कि उज्बेकिस्तान सरकार भारतीय छात्रों के लिए एक खास फुली-फंडेड स्कॉलरशिप लेकर आई है. ये स्कॉलरशिप समरकंद स्थित सिल्क रोड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ टूरिज्म एंड कल्चरल हेरिटेज में दी जा रही है, जो इतिहास और संस्कृति से समृद्ध एक खूबसूरत शहर है. यह स्कॉलरशिप 2025-26 शैक्षणिक वर्ष के लिए है और विशेष रूप से मास्टर्स कोर्सेज में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए है. इस स्कॉलरशिप के तहत ट्यूशन फीस पूरी तरह माफ होगी.

### दक्षिणी जापान के टोकारा द्वीप में आ रही भूकंपों से दहशत

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान के टोकारा द्वीप समूह में भूकंपों की लगातार आ रही झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी है. बीते दो हफ्तों में यहां 900 से ज्यादा भूकंप दर्ज किए गए हैं, जिससे स्थानीय लोग बुरी तरह डर गए हैं. ये द्वीप दूरदराज और कम आबादी वाले हैं, लेकिन यहां के हालात गंभीर होते जा रहे हैं. भले ही अब तक किसी तरह की जान-माल की क्षति की सूचना नहीं है, फिर भी प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और घर खाली करने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार हिलती ज़मीन और समुद्र से आने वाली डरावनी आवाज़ें रात में सोने नहीं देतीं. जबकि एक महिला ने कहा कि भूकंप से पहले समुद्र से बहुत ही अजीब आवाजें सुनाई देती हैं.

### चेक महिला पर्वतारोही की बेस कैंप के पास खड्ड में गिरने से हुई मौत

**इस्लामाबाद।** दुनिया के नौवें सबसे ऊंचे पर्वत नंगा की चढ़ाई के लिए पहुंचे चेक गणराज्य के एक पर्वतारोही की बेस कैंप के पास खड्ड में गिरने से मौत हो गई. यह हादसा गुरुवार को हुआ. दुनिया में किलर माउंटेन के नाम से कुख्यात नंगा पर्वत गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) में है. अधिकारियों के अनुसार, खोज अभियान आज शुरू हो सकता है. डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, जीबी मुख्यमंत्री के समन्वयक मोहम्मद कासिम ने बताया कि नंगा पर्वत बेस कैंप में गुरुवार सुबह लगभग चार बजे यह दुखद घटना घटी. इस घटना में चेक गणराज्य की पर्यटक कोलोचावा क्लारा की मौत हो गई. वहीं इसकी जांच की जा रही है.

### 86वें वर्ल्ड पीस फोरम में वैश्विक सुरक्षा पर गहन मंथन

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित 13वें वर्ल्ड पीस फोरम में 86 देशों और क्षेत्रों के 1,200 से अधिक विशेषज्ञ, नीति निर्माता और पूर्व राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए. फोरम का इस बार का थीम ₹वैश्विक शांति और समृद्धि को आगे बढ़ानाः साझा जिम्मेदारी, लाभ और उपलब्धि₹ है. फोरम का उद्घाटन करते हुए त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और वर्ल्ड पीस फोरम के चेयरमैन ली लुमिंग ने गुरुवार को कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में अस्थिरता और बढ़ते क्षेत्रीय संघर्षों के कारण विश्व शांति और विकास अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे समय में वैश्विक एकता और संवाद को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है.

### थाईलैंड की प्रधानमंत्री शिनावात्र मंदिर विवाद में पद से हटीं

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर प्रीह विहार मंदिर एक बार फिर विवाद का केंद्र बन गया है. यह मंदिर शिव को समर्पित है और थाईलैंड, कंबोडिया व लाओस की सीमाओं के त्रिबिंदु पर स्थित है. हाल ही में थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेटॉन्गटार्न शिनावात्र को इस विवाद के चलते अपने पद से हाथ धोना पड़ा. दरअसल, उनका कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन से एक कॉल का ऑडियो लीक हुआ, जिसमें उन्होंने थाई सेना की आलोचना करते हुए कहा था, ₹सेना को छोड़िए, आप मुझसे बात कीजिए. बॉर्डर की समस्या हल करते हैं.₹ उन्होंने हुन सेन को 'अंकल' कहकर संबोधित किया, जिससे विवाद और गहरा गया.

## उत्तराखंड में मूसलधार बारिश से हालात बिगड़े, चारधाम यात्रा मार्ग बाधित

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड में मानसून का असर पूरे राज्य पर दिखने लगा है. पर्वतीय और मैदानी जिलों में लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है. विशेष रूप से केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मार्गों पर भूस्खलन से रास्ते बाधित हो गए हैं, जिससे चारधाम यात्रा भी प्रभावित हुई है. रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम की ओर जाने वाला पैदल मार्ग गौरीकुंड से लगभग एक किलोमीटर आगे छोड़ी गधेरे पर बोल्डर, मलबा-पत्थर आने से पूरी तरह से बाधित हो गया है. यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें व लोक निर्माण विभाग के कार्मिक व मजदूर मौके पर हैं. फिलहाल यात्रियों के आवागमन को सोनप्रयाग से ही बंद कर दिया गया है. मैनुअल तरीके से मलबा-पत्थर हटाया जा रहा है. वहीं मनकटिया क्षेत्र व छोटी पार्किंग गौरीकुंड मार्ग पैदल आवाजाही के लिए सुचारु है. जिला आपदा प्रबंध अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्रियों को सचेत किया जा रहा है. जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग ने भी यात्रियों को मौसम के अनुसार यात्रा की सलाह दी है. उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री हाईवे एन एच 134 पर बनास के पास भारी भू-धसाव से सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है. मलबा हटाने के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था जुटाई जा रही है ताकि यात्रियों की आवाजाही हो सके. गंगोत्री हाईवे एनएच 108 पर पापड़ गाड़ के पास भी भू-धसाव हुआ है, जिससे मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हैं. सीमा सड़क संगठन व लोक निर्माण विभाग की टीमें सड़क सुधार कार्य में जुटी हुई हैं. इसके अलावा पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से गंगा, यमुना, सरयू, गोमती समेत सभी नदियां खतरें के निशान के पास बह रही हैं.

### इस्लामाबाद व वॉशिंगटन के बीच रक्षा सहयोग को फिर से गति देने की कोशिशें तेज

# चीन से दूरी, वॉशिंगटन से नजदीकी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पाकिस्तान और अमेरिका के बीच रिश्तों में एक बार फिर से गर्मजोशी देखी जा रही है. हाल ही में पाकिस्तान के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने अमेरिका का आधिकारिक दौरा किया, जो पिछले एक दशक में ऐसा करने वाले पहले पीएएफ प्रमुख हैं. यह दौरा पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा के कुछ समय बाद हुआ है. दोनों यात्राएं इस बात का संकेत देती हैं कि इस्लामाबाद और वॉशिंगटन के बीच रक्षा सहयोग को फिर से गति देने की कोशिशें तेज हो चुकी हैं. पाकिस्तान वायुसेना ने इस दौरे को एक ₹रणनीतिक मील का पत्थर₹ बताया है और कहा है कि यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करेगी, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर भी आपसी संवाद को बढ़ावा देगी. वाशिंगटन में अपने प्रवास के दौरान एयर चीफ सिद्धू ने पेंटागन में अमेरिका की वायु सेना के अंतरराष्ट्रीय मामलों की सचिव केली एल. सेबोल्ट और वायु सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डेविड डब्ल्यू एल्विन से मुलाकात की. इन बैठकों में संयुक्त प्रशिक्षण, सैन्य तकनीक के हस्तांतरण और आपसी हितों से जुड़ी रणनीतियों पर चर्चा हुई. इन घटनाक्रमों के पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव भी एक अहम कारण माना जा रहा है.



ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई चीनी-निर्मित हथियार सिस्टम जैसे एयर डिफेंस और रडार प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया. इसके अलावा ब्रह्मोस मिसाइल की घटना में भी पाकिस्तान की प्रतिक्रिया क्षमताओं की सीमाएं उजागर हुईं, जिसमें उसे मात्र 30-35 सेकंड में निर्णय लेना पड़ा. इस स्थिति ने पाकिस्तान की रक्षा रणनीति में बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित किया है.

खबरें यह भी संकेत देती हैं कि पाकिस्तान अब चीन के बजाय अमेरिका से एफ-16 ब्लॉक 70 फाइटर जेट्स, हिमार्स जैसे उन्नत हथियार और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की इच्छा जता रहा है. यह इस ओर इशारा करता है कि पाकिस्तान का भरोसा अपने पुराने रणनीतिक सहयोगी चीन से डगमगा रहा है. चीनी रक्षा मंत्रालय ने भी भारत-पाक टकराव में चीनी हथियारों की परफॉर्मेंस को लेकर चुप्पी साधी रखी, जिससे पाकिस्तान की बेचैनी और अधिक बढ़ गई. भारत ने हाल ही में चीन की पीएल-15 मिसाइल को इंटरसेप्ट कर लिया और एक मिसाइल को बिना क्षति के बरामद भी किया है. इससे चीन को यह चिंता सताने लगी है कि भारत अब उसकी मिसाइल तकनीक को गहराई से समझ सकता है. दूसरी ओर, जब चीन से पाकिस्तान को मिलने वाली सैन्य सहायता पर सवाल उठे, तो चीनी रक्षा मंत्रालय ने इसे 'औसत से कम प्रदर्शन' बताया, जिससे दोनों देशों के रक्षा रिश्तों में दरार साफ दिखाई देती है. इन सब घटनाओं के बीच, पाकिस्तान का अमेरिका की ओर झुकाव भारत के लिए एक नई रणनीतिक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है. भले ही अमेरिका फिलहाल पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार देने को तैयार न हो, लेकिन रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि इस दिशा में बातचीत आगे बढ़ रही है. यह स्थिति भारत और अमेरिका के पिछले दो दशकों में बने मजबूत रक्षा संबंधों को भी चुनौती दे सकती है, खासकर तब जब अमेरिका ने 9/11 के बाद पाकिस्तान से दूरी बना ली थी.

एक और दिलचस्प घटनाक्रम में पाकिस्तान ने अब यह भी संकेत दिया है कि वह चीन से जे-35ए स्टेल्थ फाइटर जेट नहीं खरीद रहा है, जबकि पहले की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि पाकिस्तानी पायलट्स इसकी ट्रेनिंग तक ले चुके हैं. यह कदम चीन पर घटते विश्वास और अमेरिका से सहयोग की बढ़ती संभावनाओं की तरफ इशारा करता है. इन कूटनीतिक और सैन्य गतिविधियों के बीच, पाकिस्तान का अमेरिका से हथियारों की संभावित खरीद, उच्च स्तरीय सैन्य दौरों और वैश्विक मंचों पर अमेरिका की छवि को समर्थन देना—जैसे डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित करना—यह दर्शाता है कि पाकिस्तान अब अपनी विदेश नीति में नया संतुलन तलाश रहा है. यह बदलाव न केवल दक्षिण एशिया की रणनीतिक स्थिति को प्रभावित करेगा, बल्कि भारत के लिए भी आने वाले समय में एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती बन सकता है.

## न्यूज अपडेट

### दलाई लामा अपना उत्तराधिकारी खुद तय करें: किरेन रिजिजू

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के अनुयायी चाहते हैं कि वे स्वयं अपने उत्तराधिकारी का चयन करें. रिजिजू ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह बयान सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं बल्कि एक बौद्ध अनुयायी के तौर पर है. रिजिजू ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बातें कही. उन्होंने कहा, "मैं दलाई लामा का भक्त हूं. दुनिया में जो भी लोग दलाई लामा को मानते हैं, वे चाहते हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन वे स्वयं करें. इसमें किसी भ्रम की आवश्यकता नहीं है. इसमें सरकार या मेरी ओर से कुछ कहने की जरूरत नहीं है."इससे पहले उनके तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकार को लेकर दिए बयान पर चीन ने प्रतिक्रिया दी थी. चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि भारत को तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर सावधानी से व्यवहार करना चाहिए और चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए.

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर मंत्री हरदीप पुरी ने दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** देश के महान आध्यात्मिक चिंतक और सांस्कृतिक ध्वजवाहक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करते हैं. पुरी ने एक्स पोस्ट में स्वामी विवेकानंद के एक प्रसिद्ध कथन का उल्लेख करते हुए लिखा, ₹चुनौती जितनी बड़ी होगी, जीत उतनी ही शानदार होगी.₹ उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया. उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के मार्ग में एक मजबूत नींव का कार्य करते हैं. पुरी ने लिखा, ₹स्वामी विवेकानंद जी का संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' भारत के विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है. उनके विचार और संदेश युगों-युगों तक युवाओं को ऊर्जा से भरते रहेंगे और उन्हें प्रेरित करते रहेंगे.

### पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने 30 आतंकवादियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने उत्तरी वजीरिस्तान में अफगान सीमा से आतंकियों की घुसपैठ को विफल कर दिया. जवानों ने इस दौरान ताबड़तोड़ गोलीबारी कर 30 आतंकवादियों को मार गिराया. मारे गए आतंकवादियों का संबंध तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से बताया गया है. डॉन अखबार की खबर के अनुसार, सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) आज सुबह बताया कि यह सफलता खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल तहसील में मिली है. सेना ने यहां पाकिस्तान-अफगान सीमा के जरिए घुसपैठ की कोशिश कर रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 30 आतंकवादियों को मार गिराया. आईएसपीआर के अनुसार, पिछले साल जुलाई में सरकार ने टीटीपी को प्रतिबंधित करते हुए फितना अल खवारिज नाम दिया था. मारे गए आतंकवादियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद बरामद किया गया है. आईएसपीआर ने इस सफलता के लिए सुरक्षा बलों सतर्कता और तत्परता की सराहना की.

## कुवैत में शादी का ट्रेंड बदला, देसी दुल्हनों को दे रहे प्राथमिकता

**एजेंसी। कुवैत**

कुवैत में विवाह के रुझान तेजी से बदल रहे हैं. अब कुवैती पुरुष विदेशी महिलाओं की बजाय अपने ही देश की महिलाओं से शादी को प्राथमिकता दे रहे हैं. इसका प्रमुख कारण हाल ही में बदला गया नागरिकता कानून है. इस संशोधन के तहत 42 हजार महिलाओं की नागरिकता रद्द कर दी गई, जो विदेशी थीं और कुवैती नागरिकों से विवाहित थीं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2025 की शुरुआत में 2101 कुवैती पुरुषों ने कुवैती महिलाओं से विवाह किया, जो 2024 की तुलना में 3% अधिक है.

वहीं, विदेशी दुल्हनों से विवाह के मामलों में गिरावट देखी गई है. 2024 की तुलना में इस वर्ष एशियाई महिलाओं से शादी के मामले 36 से घटकर 16 रह गए. अमेरिकी महिलाओं से विवाह की संख्या 4 से घटकर 1 और यूरोपीय महिलाओं से 10 से घटकर 6 रह गई. हालांकि, सीरियन और लेबनानी महिलाओं से विवाह में वृद्धि हुई है. सीरियन महिलाओं से विवाह के मामले 17 से बढ़कर 25 और लेबनानी महिलाओं से 8 से बढ़कर 12 हो गए. जॉर्डन और मिस्र के आंकड़ों में कोई बदलाव नहीं आया है.



### गडकरी ने पुण्यतिथि पर पिंगली वेंकैया को किया नमन

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के जनक और स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की पुण्यतिथि पर पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है. इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस महान राष्ट्रसेवक को याद करते हुए उन्हें नमन किया. गडकरी ने पिंगली वेंकैया को याद करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि भारत की अखंडता और स्वाभिमान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रारूप देने वाले पिंगली वेंकैया ने भारत राष्ट्र को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया. ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन. उल्लेखनीय है कि महान स्वतंत्रता स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा की. शिक्षाविद और भाषाविद के रूप में उन्होंने भारतीय समाज को शिक्षित और जागरूक करने में योगदान दिया.

## राष्ट्रपति ने किया डूरंड कप की ट्रॉफियों का अनावरण



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और उन्हें हरी झंडी दिखाई. इस अवसर पर संक्षिप्त संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं. खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति होती है. भारत में खेल राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली साधन रहा है. जब ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में तिरंगा फहरता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं. राष्ट्रपति ने फुटबॉल के प्रति देशवासियों के विशेष लगाव का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि यह खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जुनून है. फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है. डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं. उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं.

**पुरस्कार** — शोधपीठ ने सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सराहना की

# विक्रमोत्सव 2025 को मिला एशिया का वाउ गोल्ड अवार्ड

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस साल आयोजित विक्रमोत्सव 2025 को वाउ अवार्ड एशिया-2025 द्वारा एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. वाउ अवार्ड एशिया की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह अवार्ड प्रदान करेंगी. यह जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने दी. तिवारी ने विक्रमोत्सव-2025 को यह सम्मान मिलने पर इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संस्कृति और विरासत के प्रति उनके समर्पण का परिणाम बताया. कहा कि विक्रमोत्सव-2025 को प्राप्त यह सम्मान न केवल मध्य प्रदेश बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है. विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि इन सबसे बढ़कर संस्कृति, विरासत और विकास का बेजोड़ संगम हैं. बीते 18 वर्षों से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है.




विगत वर्षों में विक्रमोत्सव ने देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्सवधर्मी पहचान को बखूबी स्थानपित किया है. इसमें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी शामिल है. विगत वर्ष विक्रमोत्सव 2024 को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस अवार्ड मिल चुका है. वाउ अवार्ड एशिया वर्ष 2009 से लाइव इवेंट्स के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रतिष्ठित मंच रहा है. यह आयोजन अनुभव आधारित विपणन, व्यापारिक बैठकों, प्रोत्साहन यात्राओं, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, सजीव मनोरंजन तथा विवाह उद्योग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं और आयोजनों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान करता है. इस वर्ष इसका 16वां संस्करण 20 व 21 जून, 2025 को मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने सहभागिता की.

विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी विक्रमोत्सव की सराहना की थी. उन्होंने कहा था कि उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य के गौरव और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह आयोजन निश्चित रूप से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा की भावना से परिपूर्ण नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होगा. इस साल विक्रमोत्सव-2025 अंतर्गत 300 से अधिक विभिन्न सांस्कृतिक एवं बहुआयामी गतिविधियां सम्पन्न हुई. विक्रमोत्सव की बहुआयामी गतिविधियों में मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख शिवरात्रि मेलों का समारंभ, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य, वादन, शिवोह्म, आदि-अनादि पर्व समारोह, विक्रम नाट्य समोराह, चित्र प्रदर्शनियां, संगोष्ठी, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूर्योपासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन, विक्रम पंचांग, पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिन्दी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 1000 ड्रोन्स की प्रस्तुति व ख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल है.

### कश्मीर में स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करेगी अब केंद्र सरकार

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर सेब उत्पादन में समृद्ध है, लेकिन अच्छे पौधों की जरूरत है. घाटी के लिए स्वच्छ पौध केंद्र इसकी गुणवत्ता और उत्पादन को बढ़ाएगा. हमने कश्मीर में 150 करोड़ रुपये की लागत से स्वच्छ पौध केंद्र खोलने का फैसला लिया है. एसकेयूएएसटी-कश्मीर के छठे दीक्षांत समारोह में मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कश्मीर सेब उत्पादन में समृद्ध है, लेकिन अच्छे पौधों की जरूरत है. उन्होंने कहा कि उच्च घनत्व वाले सेब उत्पादन में छह गुना वृद्धि हुई है और वह जम्मू-कश्मीर के फलों को दुनिया के बाकी हिस्सों में ले जाना चाहते हैं ताकि भारत को किसी भी देश से सेब आयात न करना पड़े. चौहान ने आगे कहा कि वह एसकेयूएएसटी-कश्मीर में आकर बहुत खुश हैं.

### एसएसबी ने घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशी को दबोचा

**काठमांडू।** नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ कर रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है. करीब एक दर्जन पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में घुसपैठ करने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. एसएसबी के कमांडेंट ने बताया कि नेपाल में पिछले कई दिनों से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक अहमद सैयद इकबाल को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह भारत में अवैध रूप से घुसपैठ का प्रयास कर रहा था. उसके पास से मिले पासपोर्ट में 22 जून को नेपाल के आने का स्टांप लगा हुआ है. यानी कि करीब 10 दिनों से वह भारत में घुसपैठ की फिराक में था.




स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)